धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार

25.09.2024

** नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 76



12 पेरिस फैशन वीक में आलिया ने जीता दिल

## न्यूज डायरी

### जस्टिस राव पहुंचे रांची आज लेंगे शपथ ग्रहण

**रांची।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव मंगलवार को सेवा विमान से रांची पहुंच गये। वह झारखंड हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस के रूप मे 25 सितंबर को शपथ लेंगे। राजभवन में राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 को

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। विधानसभा चुनाव घोषणा के पूर्व संभवत दो-तीन कैबिनेट की ही बैठक होगी। चुनाव को देखते हुए सेविका-सहायिकाओं के मानदेय समेत कई महत्वपूर्ण फैसले संभव है।

### लड्डू विवाद पर भक्तों की आस्था भारी

**नयी दिल्ली।** तिरुपति मंदिर के प्रसाद लड्डू बनाने में कथित तौर पर चर्बी के उपयोग को लेकर विवाद चल रहा है। इस विवाद के बावजूद भक्तों की आस्था ने इसे पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ चार दिनों में ही भक्तों ने 14 लाख लड्डू खरीदे। यह इस बात का प्रमाण है कि उनकी श्रद्धा में कोई कमी नहीं आयी है।

### परिवर्तन यात्रा के समापन पर आ सकते हैं मोदी

**रांची।** पीएम मोदी एक बार फिर झारखंड दौरे पर आ सकते हैं। परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके झारखंड आने के लिए पीएम मोदी को प्रदेश भाजपा की तरफ से प्रस्ताव भेजा गया है। परिवर्तन यात्रा का समापन पीएम मोदी के द्वारा किये जाने की संभावना है। प्रभात तारा मैदान में तैयारी की जा रही है। सहमति मिलते ही कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी।

### शांति प्रक्रिया पर मोदी- और जेलेंस्की बातचीत

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली लौटने से पूर्व पीएम मोदी ने न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। पीएम मोदी ने आर्मेनियाई पीएम निकोल पाशिनयान और होली सी के विदेश सचिव कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की।

### घूस लेते लिपिक को एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा

**हजारीबाग।** एसीबी ने हजारीबाग जिले के प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय के लिपिक विकास कच्छप को मंगलवार को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। वह बस के परिमिट का रिनूअल करने के लिए घूस मांग रहे थे। आरोप सत्य मिलने पर एसीबी टीम जाल बिछा कर उसे घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा।

## तैयारियों की समीक्षा के बाद राजीव कुमार ने कहा, हम समय पर चुनाव कराने को तैयार

# झारखंड में चुनाव की तारीखों पर फैसला शीघ्र

- झारखंड विस चुनाव तिथियों पर फैसला शीघ्र : आयोग
- गड़बड़ी रोकने झारखंड में सीमाएं होंगी सील
- अफसर किसी का फेवर करेंगे, तो कड़ी कार्रवाई



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव कराने को लेकर निर्वाचन आयोग ने पूरी तरह तैयार है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग की 13 सदस्यीय टीम ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी कर ली है। समीक्षा बैठक के बाद श्री कुमार ने कहा कि आयोग जल्द ही चुनाव की तारीखों पर अंतिम फैसला लेगा। पत्रकारों के सवालों के जवाब में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हम परसों से महाराष्ट्र के दौरे पर जा रहे हैं, उसके बाद चुनाव की तारीखों पर निर्णय लेंगे। हम समय से चुनाव करायेंगे। कुछ पार्टियों ने मांग की थी कि पोलिंग बूथों पर 100 फीसदी सीसीटीवी कैमरों का बंदोबस्त किया जाना चाहिए, जिसे हमने इसे मान लिया है। हम बिल्कुल तैयार हैं। प्रशासन दुरुस्त है। यदि कोई अधिकारी किसी पार्टी को फेवर करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। बॉर्डर्स सील कर दिये जायेंगे, किसी भी पड़ोसी राज्य से झारखंड में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, ऐसे निर्देश अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

**सभी दलों के सुझाव :** टीम के अनुसार कई राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग से एक ही चरण में विधानसभा चुनाव कराने का अनुरोध किया है। अधिकांश दलों ने चुनाव कार्यक्रम तय करने से पहले अक्टूबर और नवंबर में दिवाली, छठ, दुर्गा पूजा और राज्य स्थापना दिवस जैसे मौकों पर विचार करने का भी अनुरोध किया है। यही नहीं कुछ दलों ने चुनाव प्रचार के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषणों के बारे में चिंता जतायी। आयोग से राज्य में अवैध प्रवासियों जैसे विचाराधीन मामलों को उठाने पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया।

### निष्पक्ष चुनाव की सभी तैयारी

संवाददाताओं से बातचीत में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा- हमने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चुनाव निष्पक्ष होना चाहिए। यही नहीं सभी पार्टियों को समान लेवल प्लेइंग फील्ड मिलनी चाहिए। डीसी, एसपी को निर्देश दिये गये हैं कि चुनाव में किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे ड्रग्स आदि की समस्या से कड़ाई से निपटा जाये। टीम ने सूबे में सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की है। आयोग ने साफ कर दिया है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी दलों को समान लेवल प्लेइंग फील्ड मुहैया कराई जायेगी। सूबे में चुनाव के दौरान पड़ोसी राज्यों से किसी भी तरह की गड़बड़ी ना हो इसके लिए सीमाएं सील करने का निर्देश भी अधिकारियों को जारी किया गया है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं उनकी टीम ने दो दिन तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उनकी मांगों और आपत्तियों को सुना। फिर प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों और अन्य एजेंसियों के साथ बैठक की। उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

# झारखंड में माटी- बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं : शिवराज

## भाजपा ने परिवर्तन यात्रा में राज्य सरकार को जम कर कोसा

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड में गठबंधन की बेईमान सरकार चल रही है। झामुमो, कांग्रेस और राजद ने पांच सालों में राज्य को तबाह कर दिया है। हेमंत सरकार में न माटी, न बेटी, और न रोटी सुरक्षित हैं। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के आने से झारखंड की जमीन पर कब्जा हो रहा है। सरकार वोटों के लालच में घुसपैठियों को आधार कार्ड और वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा रही है, हेमंत सरकार का यही असली सच है। वे मंगलवार को गोड्डा के गांधी मैदान में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे।

### बहनों के खाते में दोगुना पैसा भेजेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन को मंईयां सम्मान योजना याद आयी। उन्होंने 2,000 रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन 4 साल 10 महीने बाद भी किसी को कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनने पर बहनों के खाते में दोगुना पैसा जायेगा। उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जायेगा। झारखंड में भी एमपी, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसी लाडली योजना शुरू की जायेगी।

बहन-बेटियों की सुरक्षा भाजपा ही कर सकती है। पीएम मोदी ने हर बहन को लखपति बनाने का संकल्प लिया है और हमारी सरकार बहनों की आमदनी 1 लाख रुपये से ज्यादा करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने जेएमएम का मतलब बताते हुए कहा कि ज से जुर्म, म से मर्डर, और म से माफिया। यह सरकार लूट की सरकार है, जहां इनके नेताओं के घर से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं।



### हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी : मुंडा-चंपई

वहीं जमशेदपुर के पोटका में भाजपा के दिग्गज नेता अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन ने परिवर्तन यात्रा में जमकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। दोनों ने परिवर्तन यात्रा को जनता के मौलिक अधिकारों के लिए जरूरी बताया। वहीं आदिवासी का अस्तित्व बचाने के लिए परिवर्तन का आह्वान किया। श्री मुंडा ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार आदिवासी विरोधी है। सत्ता की लालच में संघर्ष करने वाले नेता चंपाई सोरेन का अपमान किया है। वर्तमान सरकार आदिवासी की बात करती है, लेकिन आदिवासी को ही बर्दाश्त नहीं कर रही है। वहीं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस धरती पर 1855 में सिदो कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो ने साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और हमारे हजारों पूर्वजों ने अपनी कुबार्नी दी थी। उसके बाद संथाल परगना का अधिनियम बना। आज झारखंड के आदिवासी-मूलवासी का अस्तित्व संकट में हैं। पीएम मोदी में घुसपैठ रोकने का दम- उन्होंने कहा कि यह समस्या बांग्लादेशी घुसपैठ से उत्पन्न हुई है। इस दौरान चंपाई सोरेन ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ एक बार फिर संघर्ष किया जाएगा. साथ ही चंपाई ने कहा कि यदि बांग्लादेशी घुसपैठ को किसी में रोकने का दम है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है।

### ममता के कारण झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ

वहीं कोकारो में भाजपा ने आरोप लगाया है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वजह से हो रही है। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने यह आरोप लगाया है। वह बलियापुर और चंदनकियारी में भाजपा की परिवर्तन सभा में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर 72 ऐसे जगह हैं जहां बीएसएफ को फेंसिंग का काम पूरा करने के लिए जमीन की जरूरत है, लेकिन ममता बनर्जी ने तुष्टीकरण के लिए ऐसा नहीं होने दिया।

## सीएम ने चतरा-कोडरमा को दी 841 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# आपके समर्थन से मिल रही ताकत : हेमंत सोरेन

- लोगों के सुझाव से बेहतर योजनाएं ले कर आयेंगे
- अगले पांच साल में हर घर तक एक लाख रुपये पहुंचाएंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लोगों के सुझाव के आधार पर बेहतर योजनायें बनेगी। उन्होंने लोगों से कहा, आप सबों के समर्थन से ही सरकार को ताकत मिल रही है। श्री सोरेन मंगलवार को चतरा जिला के ईटखोरी स्थित मां भद्रकाली की पावन धरती पर आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार गांव. देहात से चल रही है। सरकार की कार्यशैली को जानने और देखने के लिये पूरे राज्य का भ्रमण कर रहे हैं। आम जनता से मिले सुझावों के आधार पर आगे भी और भी बेहतर योजनायें आपके लिए लेकर आ सकें।



### मंइयां योजना से विपक्ष में खलबली

सीएम ने कहा कि झारखंड मुखयमंत्री मंईयां सम्मान योजना को बहन-बेटियों का अपार समर्थन मिल रहा है। इससे विपक्षी दलों में खलबली मच गयी है। वे इसे रोकने की साजिश कर रहे हैं। आज यह योजना सबसे सफल और लोकप्रिय योजना के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र हमारा एक लाख 36 हजार करोड़ बकाये का सिर्फ ब्याज ही मिल जाये तो इस राज्य को आगे बढ़ाने के लिये किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंइयां सम्मान योजना की राशि भी बढ़ा कर दो हजार कर देंगे। उन्होंने कहा कि अलग राज्य के गठन के 20 वर्षों तक यह राज्य उपेक्षित बना रहा। लेकिन, 2019 के दिसंबर में जब हमारी सरकार बनी हो हमने इस राज्य को आगे बढ़ने का सिलसिला प्रारंभ किया। (शेष पेज 11 पर)

# मंईयां सम्मान राशि में मिलेंगे 1200 : कल्पना

### जुमलेबाज नेताओं से सतर्क रहें, सबक सिखायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर निकली मंईयां सम्मान यात्रा मंगलवार को मझिआंव पहुंची। मुख्यालय स्थित मुखदेव उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित समारोह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने महिला लाभार्थियों को सबसे पहले जिउतिया पर्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन को अपना भाई व बेटा मानकर उन्हें सतायु व दीघार्यु होने का आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की है और यह प्रत्येक वर्ष 200 रु बढ़ते जायेगा। यानी अगले वर्ष 1200 रु मिलेंगे। उनकी सोच है कि महिलाएं स्वावलंबी होंगी तभी राज्य में खुशहाली आयेगी।

उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं बिरसा मुंडा कृषि क्रांति योजना के बारे में भी विस्तार से बताया। साथ ही कहा कि जुमलेबाज नेताओं से सतर्क रहे और चुनाव में सबक दें।

समारोह में गढ़वा विधायक व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने ने कहा, आप मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दें कि वे जिस तरह आप सभी को विकास योजनाओं को घर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं उसी तरह से आगे भी वे आपके आशीर्वाद से आपके घर तक विकास कार्यों को नये नये उपहार और सौगात देने का कार्य करते रहें। (शेष पेज 11 पर)



### उन्हें विकास नहीं दिखता

इससे पूर्व मंईयां सम्मान यात्रा पलामू के हैदरनगर पहुंची। वहां विधायक कल्पना सोरेन समेत सभी ने कहा कि योजना के खिलाफ पीआईएल करने वालों को जनता जवाब देगी। उच्च विद्यालय हैदर नगर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे कौन लोग हैं, जिन्हें झारखंड में विकास नहीं दिखता है। ऐसे लोगों को सबक चुनाव में आपसबको मिल कर सबक सिखानी है। समारोह में कल्पना सोरेन के साथ मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडे सिंह समेत पार्टी के तमाम नेता मौजूद थे। कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता इस बार तैयार है, राज्य को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना है। मंईयां योजना के खिलाफ पीआईएल दायर हुआ है। पीआईएल दायर करने वालों को मुहतोड़ जवाब जनता देगी।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 92000 रु./प्रति किलो |




## साहिबगंज में गंगा ने दिखाया अपना विकराल रूप

# कई स्कूलों में घुसा पानी, तिरपाल के नीचे पढ़ाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** पूरा जिला इन दिनों बाढ़ की चपेट में है। गंगा के रौद्र रूप से जनजीवन प्रभावित है। गंगा खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है। दर्जनों स्कूलों में गांगा का पानी घुस गया है। सदर प्रखंड की किशन प्रसाद पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में बाढ़ का पानी कमर से उपर चत गंगा का चढ़ गया है। इस कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। विद्यालय के शिक्षक ने स्कूल में ताला लगा दिया है। स्कूल का सारा सामान सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। आसपास के तमाम स्कूलों का यही हाल है।

**घर की छत पर चल रहा स्कूल :** स्कूल के बच्चों का ज्यादा नुकसान ना हो इसलिए कई गांवों में घरों की छत पर तिरपाल डाल कर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई तो प्रभावित नहीं हो रही है, लेकिन उन्हें मध्याह्न भोजन नहीं मिल पा रहा है। वहीं शोभनपुर भट्ठा का सुखराज टोला गांव भी बाढ़ की चपेट में आ गया है। यहां आंगनबाड़ी केंद्र में पानी प्रवेश कर जाने की वजह से केंद्र को बंद कर दिया गया है। इस तरह कई स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इस संबंध में किशन प्रसाद मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने बताया कि विद्यालय सड़क से नीचे काफी गड्ढे में है। इस कारण हर साल बाढ़ आने से स्कूल में पानी घुस जाता है। शुक्रवार को छुट्टी होने के बाद विद्यालय परिसर में बाढ़ा का प्रवेश कर गया है। इस कारण आज विद्यालय में ताला लगा दिया गया है। बच्चों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दूसरे स्थान पर पढ़ाया जा रहा है।



**रिपोर्ट देने का निर्देश :** वहीं इस संबंध में साहिबगंज के डीसी हेमंत सती ने कहा कि कर्मचारियों को बाढ़ा का जायजा लेने का निर्देश दिया है। जो भी समस्या होगी तत्काल निदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गंगा के जलस्तर पर नजर बनाये हुए हैं। हालांकि जलस्तर में थोड़ी कमी हुई है।

## विष्णु के वराह अवतार से माना गया है श्राद्ध प्रथा का संस्थापन

**एजेंसी**

### माता सीता ने फल्गु नदी में बालू का पिंड बनाकर दशरथ का पिंडदान किया था

**प्रयागराज।** पितरों की आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक पिंडदान और तर्पण को श्राद्ध कहा जाता है। श्राद्ध की परंपरा कब और कैसे शुरू हुई, इसकी मान्यताओं को लेकर तमाम मतभेद हैं। वैदिक ग्रंथों में श्राद्ध शब्द का उल्लेख नहीं मिलता लेकिन एक शब्द पितृयज्ञ को विस्तार मिला जिसे आगे चलकर पितरों से जोड़ा गया जिसे श्राद्ध कहा जाने लगा।

श्राद्ध परंपरा का कोई तथ्यात्मक प्रमाण नहीं मिलता है। इसकी मान्यताओं को लेकर तमाम मतभेद है। वेद, पुराण, उपनिषद, रामायण और अन्य धार्मिक ग्रंथों में इसके बारे में अलग- अलग वर्णन मिलता है। पितृ पक्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से शुरू होकर सर्वपितृ अमावस्या तक चलता है। मार्कण्डेय ऋषि द्वारा रचित विष्णुधर्मोत्तर पुराण में बताया गया है कि श्राद्ध प्रथा का संस्थापन विष्णु के वराह अवतार के समय हुआ और विष्णु को पिता, पितामह और प्रपितामह को दिए गये तीन पिण्डों में अवस्थित मानना चाहिए। इससे अनुमान लगाया जा सकता है। यह मानव जाति के पिता मनु के समान ही प्राचीन है। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड विस चुनाव तैयारियों की समीक्षा पूरी, चुनाव में नवीनतम तकनीक का भी होगा प्रयोग

# 2. 59 करोड़ मतदाता इसबार करेंगे वोटिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीख तय करने से पहले चुनाव आयोग ने सभी तैयारियों की समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी कर ली है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं उनकी टीम ने 2 दिन तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। मंगलवार को 2 दिन की यात्रा पूरी करने के बाद निर्वाचन आयोग की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी। इसमें बताया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 2.59 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.28 करोड़ महिला मतदाता हैं. 85 साल से अधिक उम्र के 1.14 लाख वोटर हैं, तो 450 ट्रांसजेंडर भी मतदाता सूची में शामिल हैं।



**20 से 29 साल के 66.48 लाख मतदाता :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में पहली बार मतदान करने वाले वोटर्स यानी 18 से 19 साल के 11.05 लाख मतदाता हैं। 66.48 लाख मतदाताओं की उम्र 20 से 29 साल के बीच है। झारखंड में 1,845 वोटरों की आयु 100 साल या उससे अधिक है। पीवीटीजी वोटर्स की संख्या 1.78 लाख है. झारखंड में कुल 3.64 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जो इस बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**20276 जगहों पर बनेंगे 29562 बूथ :** चुनाव की तैयारियों के बारे में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में 20,276 जगहों पर 29,562 मतदान केंद्र बनाए जायेंगे। इनमें से 24,520 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में होंगे। 5,042 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्रों में होंगे। एक मतदान केंद्र पर औसतन 872 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

**1271 बूथों का संचालन करेंगी महिलाएं :** के रवि कुमार ने चुनाव आयोग को यह भी बताया कि 1,271 मतदान केंद्रों का संचालन महिलाएं करेंगी. वहीं, 139 बूथ की जिम्मेदारी युवा मतदानकर्मियों को दी गई है. 48 मतदान केंद्र ऐसे बनाए गए हैं, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से दिव्यांग मतदानकर्मियों को सौंपी गयी है।

**बूथों पर रहेंगी ये सुविधाएं :** पेयजल, शौचालय, मतदान केंद्र की जानकारी, रैंप और व्हीलचेयर, हेल्पडेस्क, वोटर सहायता केंद्र, पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, शेड।

**तकनीक की मदद :** वीएचए ऐप की मदद से लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकेंगे। अपने मतदान केंद्र के बारे में जानकारी ले सकेंगे। बीएलओ और इइआरओ से कनेक्ट हो सकेंगेष सी-विजिल एक ऐप की मदद से रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और शिकायत का निबटारा किया जायेगा। ऐप पर शिकायत दर्ज कराने के 100 मिनट के अंदर मिलेगा रिस्पांस। इस ऐप की मदद से दर्ज करा सकेंगे शिकायत। केवाईसी एफिडेविट पोर्टल और केवाईसी ऐप पर उम्मीदवारों के शपथ पत्र ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे प्रत्याशियों को सार्वजनिक रूप से इसकी जानकारी मतदाताओं को देनी होगी। प्रमुख समाचार पत्र में इसको प्रकाशित करवाना होगा।

### रेडिशन ब्लू होटल में बैठक

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में दूसरे दिन भी रांची के रेडिशन ब्लू होटल में राज्य के सभी प्रमंडलों के आयुक्त, जोनल आईजी, सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, सभी डीआईजी और सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक हुई। बैठक में आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कई दिशा निर्देश दिये गये। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने डीईओ और एसपी को शराब, नकदी और शुल्क के किसी भी अवैध प्रवाह के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बैठक में सीइसी राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधु, सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर धर्मेंद्र शर्मा, डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर संजय कुमार, अशोक कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अनुज चांडक, झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने राजनीतिक दलों, एनफोर्समेंट एजेंसियां और राज्य सरकार के आला अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

## आदिवासी समाज को सबसे ज्यादा हेमंत सरकार ने ठगा : अर्जुन मुंडा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/पोटका।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि आदिवासी समाज को सबसे ज्यादा हेमंत सरकार ने ठगा। श्री मुंडा मंगलवार को कोल्हान प्रमंडल के पोटका में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहते हैं कि राज्य में आदिवासी की सरकार है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को ठगने का प्रयास हेमंत सोरेन की सरकार ही कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि क्या चंपई दा आदिवासी नहीं थे।
उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के लिये हत्यारी साबित हुई है। 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का सपना दिखाकर सरकार ने केवल धोखा दिया। उन्होंने कहा कि 600 युवाओं की भर्ती के नाम पर 5 लाख युवाओं को दौड़ाया गया। इससे 17 युवाओं की मौत हो गई।

### घुसपैठियों को हटाने की ताकत सिर्फ पीएम मोदी में : चंपई सोरेन

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में बड़ी संख्या में घुसपैठिये प्रवेश कर चुके हैं। इन्हें हटाने की ताकत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अब परिवर्तन चाहती है। आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी।

# कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से समझौता नहीं करती कांग्रेस पार्टी : केशव महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 'संवाद आपके साथ' कार्यक्रम जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को सांई बैंक्वेट हॉल, सामलौंग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एआईसीसी के रांची लोकसभा पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, प्रदेश कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और आप सभी उसके रीढ़ हैं।
उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में पार्टी नई पहल करते हुए प्रत्याशी को कार्यकताओं के प्रति उत्तरदायी एवं विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनि्ित करने हेतु उनसे शपथ पत्र लेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी में सर्वोपरि होते हैं इसलिए उनके मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।
पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय ने कहा कि बुथ स्तर के कार्यकर्ता ही चुनाव जीताते हैं। अतः सशक्त बुथ कमिटी का निर्माण सुनि्ित करना होगा। इसके आलावा 'संवाद आपके साथ' कार्यक्रम को रवींद्र सिंह,अध्यक्ष, मार्केटिंग बोर्ड, संजय लाल पासवान, अध्यक्ष,आवास बोर्ड, अभिलाष साहू, अध्यक्ष,ओबीसी विभाग, पूर्व मंत्री योगेन्द्र साहु,अजय नाथ शाहदेव,अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, सत्यनारायण सिंह, सुरेश बैठा, अमरेन्द्र सिंह, बेलेस तिर्की, सुंदरी तिर्की, सीता लकड़ा आदि वरिष्ठ नेताओं ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ इलयास मजीद ने एवं धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन राजू ने किया।



### कार्यक्रम में ये लोग थे उपस्थित

कार्यक्रम में निरंजन पासवान,रीता चौधरी ,सुरेन राम, ऐनुल हक, चंदन बैठा ,डॉ इलियास मजीद, विक्टोरिया देवी, रीना सांगा ,मेरी तिर्की ,जफर इमाम ,अशफाक आलम,शाहिद अंसारी, अर्चना मिश्रा, राजीव रंजन,जगदीश चंद्र महतो, रमेश पांडे, तुलसी खरवार,अजय साहू, संजर खान, शिवटहल नायक ,सहावीर लोहारा, तुलसी खरवार, अजगुत महतो, संजय सेठ ,साबिर अंसारी, अमरनाथ मुंडा ,अजय साहू, राजकिशोर सिंह मुंडा,कार्तिक चंद्र महतो,पंचू तिर्की, कल्याण लिंडा, कृष्णा अहीर, गुहीराम महतो, मंजूर मोमिन अंसारी,अनीता देवी, मीनू सिंह, अनु बेक, शैलेंद्र महतो, मुकुंद यादव, कृष्ण मोहन महतो, देवेंद्र नाथ महतो, उपेंद्र गोंझू , विनोद सिंह, गौरी शंकर महतो, शैलेन्द्र सिंह,शाहिद अंसारी, विजय टोप्पो, एतवा उरांव,अनिल टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उधम विकास बोर्ड में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उधम विकास बोर्ड सभागार में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। यह कार्यशाला एक साथ तीन स्थनों झारखण्ड गर्वनमेंट टूल रूम, गोला, झारखण्ड गर्वनमेंट टूल रूम जरदाहा, दुमका एवं आधार महिला शिल्प स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड, बुण्डू में चलेगा। यह तीस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। मौके पर मंत्री द्वारा माटी के उत्पादों का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। उन्होंने माटी के घड़े एवं अन्य घरेलू उत्पाद के फायदे बत्ताये। उपस्थित शिल्पकारों को माटी के तरह तरह के चीजों का निर्माण करने एवं उन्हें बाजार में विपणन करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। मंत्री के द्वारा बोर्ड द्वारा चयनित माटी शिल्पकारों को अनुदानित दर पर विद्युत चाक एवं प्रेस मशीन उपलब्ध कराया गया। कार्यशाला में सहायक निदेशक, एम०एस०एम०ई० द्वारा माटी शिल्पकारों को एम०एस०एम०ई० भारत सरकार के योजनाओं के तहत लाभान्वित करने से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। आयोजन में राजीव रंजन, दीपक कोनगाडी, आकांक्षा , किर्तीश्री . राजीव रंजन, गौरव कुमार, जोन दीपक कोनगाड़ी, आनंद गोठी, श्रीकांत, रितु कुमार, अनिमेष तेतरवे, किसोर रजक, आत्तेन विश्वासी तोपनो, आशिष कोनगाड़ी, श्रीस पति त्रिपाठी, एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय तथा झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### एनआईए अब माओवादी सब्यसाची के आवाज की करायेगी जांच

**रांची।** एनआईए अब सीपीआई (माओवादी) सब्यसाची गोस्वामी उर्फ अजय उर्फ पंकज, उर्फ विकास दा की आवाज की जांच एसएफएसएल से करायेगी। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने एनआईए की ओर से दाखिल आवेदन पर सुनवाई प्श्चात आरोपी के आवाज के नमूने प्राप्त करने की अनुमति प्रदान कर दी है। यह पूछताछ 27 सितंबर तक जारी रहेगी। अदालत ने पुलिस रिमांड में रहते हुये एसएफएसएल निदेशक को एनआईए शाखा कार्यालय में आरोपी व्यक्ति के आवाज के नमूना प्राप्त करने के लिये वैज्ञानक या विशेषज्ञ को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया है। उस पर सीपीआई;माओवादी संगठन का सीसी सदस्य रहते हुए संगठन और इसकी विचारधारा का विस्तार करने और पुनर्जीवित करने के साथ नये कैडर की भर्ती करने और प्रशिक्षण का संचालन करने का आरोप है।

## भाजपा ही करेगी जनजातीय मूलवासी संस्कृति की रक्षा : शुभेंदु अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/चंदनकियारी।** प्ि्रम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने चंदनकियारी में कहा कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड के हर कोने में जाकर जनता को जागरूक किया जा रहा है। ताकि राज्य में भारतीय संस्कृति, जनजातीय मूलवासी संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा करने वाली सरकार स्थापित की जा सके। वर्तमान में इंडी गठबंधन की सरकार झारखंड में हमारी सांस्कृतिक धरोहर को समाप्त करने और तुष्टीकरण की राजनीति करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गलत नीतियों के कारण बांग्लादेशी रोहिंग्या देश में घुसपैठ कर रहे हैं। झारखंड में भी डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। यह इंडी गठबंधन की भ्रष्टाचारी सरकार की देन है।

उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। हर गरीब परिवार को 72 हजार रुपये और चूल्हा खर्च के लिये 2000 रुपये देने का वादा भी अधूरा रह गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोयला और खनन घोटाले में शामिल रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम गौमाता तस्करी और टेंडर घोटालों में फंसे हैं। ईडी द्वारा उनके घर से करोड़ों रुपये बरामद किये गये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की लोकसभा चुनावों में बढ़त थी। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा और भी अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

**पं. बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन की तुष्टीकरण की राजनीति से खतरे में झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर, रोहिंग्या घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज के लिए इंडी गठबंधन जिम्मेदार**

## खबर एक नजर में

### एसीबी में पदस्थापित 45 पुलिसकर्मी समेत 101 आरक्षी और हवलदार का तबादला

**रांची।** एसीबी में पदस्थापित 45 पुलिसकर्मी समेत 101 आरक्षी और हवलदार का तबादला किया गया। डीजीपी के निर्देश पर डीआईजी कार्मिक के द्वारा इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, तबादला किये गये 101 पुलिसकर्मी में से 45 पुलिसकर्मी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) में पदस्थापित थे। इसके अलावा धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, रेल धनबाद, रेल जमशेदपुर, सरायकेला, देवघर, चाईबासा, चतरा, गढ़वा, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले में पदस्थापित आरक्षी और हवलदार का तबादला किया गया है।

### शिक्षक नियुक्ति: डबल बेंच ने कानूनी बिंदु पर सुनवाई का विकल्प खुला रखा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में शिक्षक नियुक्ति से संबंधित मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य स्तर पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। साथ ही अदालत ने सिंगल बेंच द्वारा रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के मामले में कानूनी बिंदु पर सुनवाई का विकल्प खुला रखा है। दरअसल सिंगल बेंच द्वारा राज्य स्तर पर मेरिट लिस्ट जारी कर उसे वेबसाइट पर अपलोड किए जाने का आदेश दिया गया था। जिसका अनुपालन जेएसएससी ने कर दिया था, लेकिन उस आदेश को डबल बेंच में चुनौती भी दी गई थी। जिसके कानूनी बिंदु पर सुनवाई का विकल्प हाईकोर्ट ने खुला रखा है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में हुई। इस संबंध में मीना कुमार सहित 50 से अधिक याचिकाएं हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। जिनकी ओर से हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता और वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा, वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की।

### सांसद रवि किशन व मनोज तिवारी आज झारखंड में

**रांची।** भाजपा सांसद रवि किशन और मनोज तिवारी बुधवार को झारखंड में हैं। श्री किशन 25 सितंबर को पलामू और लातेहार जिले में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे सुबह 9. 30 बजे लेस्लीगंज में आयोजित रोड शो में भाग लेंगे। सुबह 11 बजे पांकी स्थिति सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। लातेहार जिले के हेरहंज में दोपहर 1 बजे रोड शो में हिस्सा लेंगे। दोपहर 1. 30 बजे लातेहार के बालूमाथ में आयोजित परिवर्तन महासभा में शामिल होंगे। चंदवा में 4 बजे से आयोजित रोड शो में हिस्सा लेंगे। वहीं, 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे से गुमला जिले के रायडीह के मांझा टोली में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। गुरूवार को रवि किशन दोपहर 2.30 बजे हजारीबाग जिले के बड़कागांव में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे ।इधर, भाजपा सांसद मनोज तिवारी 25 सितंबर को चतरा जिले के प्रतापपुर स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर 3 बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। श्री तिवारी बोकारो जिले के फुसरो स्थित कारगिल मैदान में शाम 5 बजे से परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

### बाबूलाल मरांडी आज दुमका में



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को दुमका जिले के रामगढ़ और शिकारीपाड़ा में करेंगे परिवर्तन सभा। श्री मरांडी शिकारीपाड़ा स्थित कॉलेज मैदान में दोपहर 1. 30 बजे से परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

### कांग्रेस मेनिफेस्टो कमिटी की पहली बैठक आज

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा झारखंड प्रदेश में अगामी विधानसभा चुनाव 2024 हेतु गठित मेनिफेस्टो कमेटी की पहली बैठक कमिटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बुधवार को कांग्रेस भवन रांची में पूर्वा? 10 :30 बजे से बुलायी गयी है। बैठक में मेनिफेस्टो कमेटी के सभी सदस्य शामिल होंगे। मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य डॉ. एम. तौसीफ ने बताया कि किसी भी चुनाव का मेनिफेस्टो संगठन का रुह (जान) होता है। कमिटी के सदस्य बैठक में झारखंड के आम,आवाम का मेनिफेस्टो तैयार करने पर विचार विमर्श करेंगे।

### सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर मुख्य सचिव पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को अवमानना नोटिस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण अब तक शुरू नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर जिले के डीसी को अवमानना नोटिस जारी किया है। अदालत ने नोटिस जारी कर उनसे पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए? सभी अधिकारियों को 16 अक्टूबर तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की अदालत ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर यह सुनवाई की है।

**निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट में दायर की है याचिका :** दरअसल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि सरकार क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण नहीं करा रही है और सीएसआर के तहत 120 करोड़ रुपये सरकार को दिये जाने के प्रस्ताव पर भी निर्णय नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद कोर्ट को यह बताया गया था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड ने अपने सीएसआर के तहत कॉम्पलेक्स के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है, जिससे निर्माण कार्य होगा। लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

### 28 एवं 29 को चतरा एवं पलामू में होगा राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन

**रांची।** प्रदेश राजद का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन 28 सितंबर को चतरा एवं 29 सितंबर को पलामू में होगा। यह जानकारी प्रदेश राजद के मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने दी है। सम्मेलन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए स्वयं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कैलाश यादव ने बताया कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसी संभावना है कि आनेवाले दिनों में चुनाव आयोग, चुनाव की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता लागू कर सकती है।

## राज्य में दिखने लगा साइक्लोन का असर, 29 तक बारिश की संभावना

**रांची।** सूबे में मौसम बदला हुआ है। मंगलवार को भी रांची समेत कई जिलों में मेघ गर्जन के साथ बारिश हुई। बारिश होने की वजह से तापमान में कमी आयी है। इधर, मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव क्षेत्र का असर आनेवाला दिनों में राज्य में और गहरा दिखेगा। बंगाल की खाड़ी में दो साइक्लोन सक्रिय है, जिसके कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो रही है। साइक्लोन के कारण 29 सितंबर तक राज्य में बारिश की संभावना दी गयी है। इसमें 25 सितंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश की संभावना है, जबकि 26 और 27 सितंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश की संभावना है। इसमें दुमका, गोड्डा, पाकुड़ साहेबगंज, गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा समेत अन्य जिला शामिल है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि देश में दक्षिण प्ि्रम मानसून की वापसी शुरू हो गयी है। साइक्लोन के असर से राज्य के तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। इसके वजह से अब धीरे-धीरे लोगों को सुबह और शाम के वक्त ठंड का एहसास होगा। हालांकि 29 सितंबर तक राज्य के कुछ जगहों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

# मॉनसून मेहरबान : सर्वाधिक धनबाद जिले में हुई बारिश

## गढ़वा में 23 तो रांची में 16 फीसदी सामान्य से अधिक वर्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में तीन साल के बाद सामान्य बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 23 सितंबर तक झारखंड में 939.3 मिली मीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 4 प्रतिशत कम है। पिछले दिनों साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण झारखंड के लगभग सभी जिलों में अच्छी बारिश हुई। हालांकि पांच जिलों में सामान्य से कम बारिश का आंकड़ा -20 से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, पाकुड़ में सबसे कम बारिश हुई है। 23 सितंबर तक पाकुड़ में 51 प्रतिशत कम बारिश हुई है। अब तक पाकुड़ में 552.4 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 1134.4 मिमी है। वहीं देवघर, चतरा, साहिबगंज में भी सामान्य से कम बारिश हुई है। धनबाद में वर्ष 2024 में जमकर बारिश हुई। 23 सितंबर तक धनबाद में 30 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। अब तक धनबाद में 1322.4 मिमी बारिश हुई है, जबकि वहां 1016 मिमी सामान्य बारिश है। वहीं राजधानी रांची में सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। अब तक रांची में 1155.4 मिमी बारिश हुई है। आने वाले दिनों में 28 सितंबर तक झारखंड में बारिश के आसार हैं।



### 23 सितंबर तक झारखंड में बारिश की स्थिति (मिली मीटर में)

| जिला | वास्तविक | सामान्य | विचलन |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 981.6 | 865.5 | 13 |
| चतरा | 654.5 | 903.7 | -28 |
| देवघर | 654.5 | 932.9 | -30 |
| धनबाद | 1322.4 | 1016 | 30 |
| दुमका | 922.3 | 989.3 | -7 |
| पूर्वी सिंहभूम | 979.7 | 1049.7 | -7 |
| गढ़वा | 1084.4 | 878.5 | 23 |
| गिरिडीह | 1016.4 | 919.7 | 11 |
| गोड्डा | 709.3 | 849.6 | -17 |
| गुमला | 801 | 1020.5 | -22 |
| हजारीबाग | 843.5 | 1004.7 | -16 |
| जामताड़ा | 936.8 | 1001.3 | -6 |
| खूंटी | 1037.7 | 1073.3 | -3 |
| कोडरमा | 872 | 844.8 | 3 |
| लातेहार | 1179.6 | 986.2 | 20 |
| लोहरदगा | 847.6 | 947.6 | -11 |
| पाकुड़ | 552.4 | 1134.4 | -51 |
| पलामू | 932 | 817.7 | 14 |
| रामगढ़ | 887.6 | 988.8 | -10 |
| रांची | 1155.4 | 995.9 | 16 |
| साहिबगंज | 804.9 | 1102.7 | -27 |
| सरायकेला | 999.2 | 971.8 | 3 |
| सिमडेगा | 1258.8 | 1251.6 | 1 |
| प्ि्रमी सिंहभूम | 800.2 | 968.6 | -17 |
| झारखंड | 939.3 | 977.3 | -4 |

# टिमकेन कंपनी में कर्मचारियों को मिलेगा 19.75% बोनस, बोनस राशि 95000 से लेकर ₹1.40 लाख



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को जमशेदपुर टिमकेन प्लांट के कैंटन हाल में 200 कर्मचारियों के लिए टिमकेंन वर्कर्स यूनियन एवं प्रबंधन के बीच में सालाना बोनस 2023 -2024 का हस्ताक्षर के साथ संपन्न हुआ। ज्ञात हो की इस साल का बोनस तय फामूर्ले के अनुसार 19.25% आ रहा था लेकिन यूनियन के आग्रह पर प्रबंधन ने 0.5% अतिरिक्त देने का निर्णय लिया जिसके फल स्वरुप इस साल का बोनस कर्मचारियों को 19.75% मिलेगा।

यूनियन और प्रबंधन के बीच में अगले वर्ष सन 2024 -2025 के लिए भी बोनस फॉर्मूला बनाया गया है जिसमें प्रॉफिट एवं प्लांट मैट्रिक्स पैरामीटर पर फॉर्मूला बनाया गया है। समझौते के अनुसार कर्मचारियों को अधिकतम 1 लाख चालिस हजार (1,40000 )और न्यूनतम 95000 बोनस राशि मिलेंगे। बोनस की राशि सितंबर माह के सैलरी के साथ कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में चली जाएगी।

बोनस समझौता पर प्रबंधन की ओर से जनरल मैनेजर प्लांट ऑपरेशन -राजीव शाश्वत, जी. एमएचआर. -दिनेश सिंह ,ए जी एम मैन्युफैक्चरिंग -हिमांशु मिश्रा, प्लांट कंट्रोलर - रूपेंदु बनर्जी, डी एम इएचएस, इंजीनियरिंग एंड टूल रूम- नितेंद्र भटनागर, डीएम मेंटेनेंस एवं प्रोजेक्ट- नवीन कुमार, डीएम सप्लाई चैन - शैलेंद्र प्रसाद, डीएम क्वालिटी -निशांत कुमार, एच आर डिप्टी मैनेजर - अभिषेक हर्षदीप ने हस्ताक्षर किए जबकि यूनियन की ओर से अध्यक्ष आस्तिक महतो, महामंत्री विजय यादव डेप्युटी प्रेसिडेंट अनिल पांडे रविंद्र प्रसाद उपाध्यक्ष पवन शर्मा सुधीर कुमार राय शुभाशीष प्रधान वीरेंद्र प्रसाद.सहायक सचिव - कमलेश यादव नरेंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष अजय बोटीका ने हस्ताक्षर किया।

सबसे पहले 19.75% बोनस की जानकारी यूनियन के कार्यकारिणी बैठक में कमेटी मेंबरों को दिया गया।

# नुवोको सीमेंट में कर्मचारियों को अधिकतम 1.98 लाख रुपये तक मिलेगी बोनस राशि

- प्रबंधन एवं यूनियन के बीच सालाना बोनस समझौता संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



बोनस समझौते के बाद कलस्टर हेड बी उमा सूर्या हेड एवं यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय हाथ मिलाते हुए।

**जमशेदपुर।** मंगलवार को नुवोको विस्तास कॉर्प लिमिटेड जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों के लिए कंपनी प्रबंधन एवं मान्यता प्राप्त यूनियन जेड्डसीड्टपी इंप्लाइज यूनियन के बीच समझौता संपन्न हुआ। समझौते के मुताबिक कर्मचारियों को वर्ष 2023- 24 के लिए कल 17.5% बोनस दी जाएगी। इसके तहत न्यूनतम बोनस की राशि 82,075 रुपए अधिकतम बोनस की राशि 1,98,494 रुपए एवं औसतन बोनस की राशि 1,40,852 रुपए होगी।

ज्ञात हो जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट में कर्मचारियों के लिए बोनस हेतु बने समझौते के मुताबिक 7% सुरक्षा पर 7% उत्पादन पर और 6% लाभ के आधार पर देने का प्रावधान है। इसके तहत वर्ष 2023- 24 का बोनस सुरक्षा पर 7 प्रतिशत उत्पादन पर 5.75 एवं लाभ के ऊपर 4.42 प्रतिशत बनता था। कुल मिलाकर वर्ष 2023 24 के लिए 17.17% बोनस कर्मचारियों के लिए बनता था। कंपनी हित में कर्मचारियों की अथक प्रयास को देखते हुए यूनियन के आग्रह पर प्रबंधन ने इसे 17.5% बोनस देने पर सहमत हुआ। इस प्रकार वर्ष 2023- 24 के लिए जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों को कुल 17.5% बोनस मिलेगा। समझौते पर प्रबंधन के नुवोको सीमेंट के क्लस्टर हेड बी उमा सूर्यम सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (एच आर) संदीप पांडे जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के एचआर हेड सोहेल खान वरीय प्रबंधक आलोक बाजपेई मैनेजर (आई आर) समीर कुमार एवं सोनिक सिंह। यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव महासचिव विजय खान थे।

## स्पीड न्यूज

### पीपुल्स एकेडमी में अतिरिक्त विद्यालय भवन का शिलान्यास आज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय 25 सितंबर, 2024 को पूर्वाहन 11 बजे न्यू बाराद्वारी स्थित पीपुल्स एकेडमी +2 विद्यालय में अतिरिक्ति 11 वर्गकक्ष के विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इससे विद्यालय की क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी हो जायेगी।

### इंदरजीत ने 21वीं बार किया प्लेटलेट्स दान



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आगाज के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने 21 वी बार प्लेटलेट्स दान किये। आज ब्लड बैंक में जाकर प्लेटलेट्स दान किये। जैसा कि ज्ञात है कि टी एम एच अस्पताल मे एडमिट एक मरीज जिनका इलाज सुचारू रूप से हो सके इसके लिये प्लेटलेट्स की आवश्कता थी। ब्लड बैंक द्वारा इंदरजीत सिंह से संपर्क किया गया। इंदरजीत सिंह ने ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स दान किया। इससे पूर्व भी इंदरजीत सिंह 20 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके है। इंदरजीत सिंह ने कहा कि वो और उनकी टीम लगातार ब्लड बैंक से संपर्क में है, वो और उनके साथी प्लेटलेट्स डोनर है। जरूरत पड़ने पर आगाज के सदस्यों द्वारा प्लेटलेट्स एवं रक्तदान किया जाता है। हौंसला अफजाई के लिए मुख्य रूप से युवा सिख नेता सतवीर सिंह सोमू, चंचल भाटिया, जगतार सिंह, ब्लड बैंक के अरिजित सरकार एवं मनोज महतो उपस्थित रहे।

### एक्सएलआरआइ में ऑरेरा 2.0 का आयोजन



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में प्रोडक्ट सिंपोजियम ऑरेरा 2.0 का आयोजन किया गया। एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) के प्रोडजियन क्लब की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का थीम डिजिटल युग में बदलते भविष्य व अग्रणी उत्पाद तय किया गया था। जिसमें प्रतिष्ठित उद्योग जगत के लीडर, इनोवेटर और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एआइ के प्रभाव के बाद रेवेन्यू जेनरेशन की स्ट्रेटेजी के साथ ही लंबे समय तक प्रोडक्ट रिलेशनशिप को किस प्रकार विकसित किया जाये, इस पर चर्चा की गयी। एक्सएलआरआइ के डीन एडमिन व फाइनांस के डीन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उनके साथ डीन एकेडमिक प्रो संजय पात्रो, फादर कुरुविला, प्रो कनगराज, प्रो सुनील षाड़ंगी शामिल थे। पहले सत्र में प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कैसे क्रांति ला रहा है, इस पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर डनहुम्बी के प्रोडक्ट मैनेजमेंट के ग्लोबल डायरेक्टर यश पिपलानी ने व्यवसाय को अनुकूलित करने में एआई के बढ़ते महत्व पर चर्चा की।

# हेमंत जी... महिलाओं को 2000 रुपये प्रतिमाह नहीं मिल रहा है : अर्जुन मुंडा

- पोटका में कोल्हान परिवर्तन यात्रा को पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित
- कहा, आदिवासी समाज को सबसे ज्यादा झारखंड की हेमंत सरकार ने ठगा

खबर मन्त्र टीम





रैली को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और पोटका में परिवर्तन रथ से लोगों का अभिवादन करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

**पोटका/ जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल के पोटका में हुए भाजपा की परिवर्तन यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित किया. पोटका विधानसभा की जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी कहते हैं कि राज्य में आदिवासी की सरकार है, वो हमेशा आदिवासी समाज रटते रहते हैं लेकिन सच्चाई तो यह है कि सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को ठगने का प्रयास हेमंत जी की सरकार ही कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि क्या चंपई दा आदिवासी नहीं थे? क्या वह आसमान से टपक के आये थे? आखिर, क्यों उनसे मुख्यमंत्री की कुर्सी छीनी गयी? यह पूरे आदिवासी समाज का अपमान है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमंत सोरेन सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार युवाओं के लिए ₹हत्यारी₹ साबित हुई है। 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का सपना दिखाकर सरकार ने केवल धोखा दिया। उन्होंने कहा, 600 युवाओं की भर्ती के नाम पर 5 लाख युवाओं को दौड़ाया गया, जिससे 17 युवाओं की मौत हो गई। अर्जुन मुंडा ने यह भी कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं को 2000 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आंदोलनकारियों के लिए भी कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा सरकार ने आंदोलनकारियों के लिए पेंशन योजना लागू की थी।

**झारखंड में घुसपैठियों को हटाने की ताकत सिर्फ पीएम मोदी में है: चंपाई सोरेन**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में बड़ी संख्या में घुसपैठिए प्रवेश कर चुके हैं, और इन्हें हटाने की ताकत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अब परिवर्तन चाहती है, और आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी।

**रोजगार का वादा भूल गई सरकार: सांसद विद्युत वरण महतो**

सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में न तो कोई उद्योग स्थापित किया और न ही कोई खनन उद्योग शुरू किया। उन्होंने कहा, ॠपांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार अब घूसखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है।

# गोबिंदपुर थाना अंतर्गत शेष नगर में जमीन का हो रहा है अतिक्रमण

खबर मन्त्र ब्यूरो

- स्थानीय लोग ने जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के ऊपर लगाया संरक्षण का आरोप



**जमशेदपुर।** मंगलवार को गोबिंदपुर स्थित शेष नगर में जयप्रकाश ठाकुर और ज्योति ठाकुर द्वारा वन विभाग और सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण लगभग ढाई बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर घर बनाया जा रहा है। इससे पूर्व भी जिला वन विभाग पदाधिकारी द्वारा अतिक्रमणकारियों में भी जयप्रकाश ठाकुर को नामजद आरोपी बनाया गया था , लेकिन राजनीतिक सरंक्षण प्राप्त ज्योति ठाकुर और जयप्रकाश ठाकुर जिन्हे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के दबाव में मामले को दवा दिया गया था। पुनः दो दिन से रात में मजदूर को लगा का निर्माण कार्य शुरू करा दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी से बात करने पर कभी आकार कार्य बंद कराने तो कभी ऊपरी दबाव बोल कर टाल दे रहे हैं। आजसू नेताओं के पहुंचने पर स्थानीय लोगो का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी के संरक्षण प्राप्त है।

# महिला टीम के बाद झारखंड पुरुष टीम भी बनी पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय चैंपियन

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** महिला टीम के बाद झारखण्ड पुरुष टीम ने पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के द्वारा हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में बीसीसीएल कप पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया जबकि हरियाणा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। कांटे के तककर में झारखण्ड ने राजस्थान को 15-13, 15-12, 11-15 एवं 15-10 से मात दिया। विदित हो कि महिला वर्ग में झारखण्ड महिला टीम ने राजस्थान को 2 -0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था। विजेताओं को कप के साथ व्यक्तिगत पदक एवं नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री रमेश सिंह समाजसेवी, निर्मला रावत, निदेशक पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया, फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर अल्बर्ट प्रेम कुमार, सुधा लील्हा, निशा मेहता, मंजीत सिंह, कमल कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कास्य पदक प्रदान किया। झारखंड टीम के कोच मुकेश कंचन ने कहा कि यह झारखण्ड के लिए गर्व का विषय है। राज्य की टीम ने विपरीत परिस्थियों में तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया।

# पूर्व पार्षद सुधीर चंद्र महतो, बिहारीलाल व अशोक समर्थकों संग झामुमो में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



मिलन समारोह में एकता दिखाते मंत्री रामदास सोरेन, विधायक सबिता महतो व अन्य।

**गम्हरिया।** झामुमो की ओर से कांड्रा स्थित एसकेजी मैदान में सदस्यता ग्रहण सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ0 शुभेंदु महतो ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्य के मंत्री रामदास सोरेन, मथुरा महतो, विधायक सविता महतो आदि शामिल थे।

इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को जोर शोर से विधानसभा की तैयारी में जुट जाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बीते चुनाव में कार्यकताओं ने एकजुट होकर कोल्हान की सभी सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशियों को जिताकर राज्य में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। उसी जोश के साथ फिर से महागठबंधन की सरकार बनानी है। इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने भाजपा पर निशाना लेते हुए कहा कि विगत पांच वर्षों में उन्हें झारखंड की याद तक नहीं आई। अब चुनाव के समय सभी भाजपा नेता झारखंड की दौर लगा रहे हैं।

# एसजेएमडीसी ने महिलाओं के बीच किया लघु ऋण वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** स्वावलंबी झारखंड माइक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एस.जे.एम.डी.सी.) के द्वारा बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में चरखा संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर इसके संस्थापक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर महिलाओं के बीच लघु ऋण वितरण किया गया। लघु वितरण कार्यक्रम में 20 महिलाओं के बीच पांच लाख रुपए का लघु ऋण वितरित किया गया। यह जानकारी संस्था के निदेशक बंदेशंकर सिंह ने दी। कार्यक्रम में खादी ग्रमोद्योग आयोग, भारत सरकार के पूर्वी जोन से सदस्य मनोज सिंह ने बताया कि अंग्रेजों द्वारा जब मिल के कपड़े भारत में जबरन बेचा जाने लगा तब महात्मा गांधी ने 24 सितंबर, 1924 को पटना में चरखा संघ की स्थापना की थी।

# टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक शतरंज प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने नवनिर्मित शतरंज प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया, जो शतरंज के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए विश्वस्तरीय मंच प्रदान करता है।

पुनर्निर्मित शतरंज प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, (कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील) और प्रसिद्ध ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से ने संयुक्त रूप से किया। इस विशेष अवसर पर मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स, टाटा स्टील, टाटा वर्कर्स यूनियन के संजय कुमार सिंह (खेल सलाहकार समिति के अध्यक्ष), अंतरराष्ट्रीय चेस मास्टर नीरज कुमार मिश्रा, पूर्वी सिंहभूम शतरंज संघ के महासचिव एन. के. तिवारी, विभूति अडेसरा, हेड स्पोर्ट्स (इवेंट्स एंड ट्रेनिंग सेंटर) उपस्थित थे।

ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दीपक कुमार और टाटा स्टील चेस ट्रेनिंग सेंटर की प्रथम बैच की प्रतिभाशाली छात्रा चंपा डोलन बोस ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को और खास बनाया। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने कहा कि उन्हें नवनिर्मित शतरंज प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए बेहद गर्व और खुशी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस केंद्र को पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।

## एक नजर में

### टाटा मोटर्स : रियर एक्सल डिपार्टमेंट में अध्यक्ष और महासचिव का जबरदस्त स्वागत



**जमशेदपुर।** मंगलवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के माननीय अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आर के सिंह का स्वागत का कार्यक्रम रियर एक्सल मे सुबह 9 :00 बजे फ्रंट एक्सल और सी टी आर डिवीजन के सम्मलित रूप से सुबह 10 :00 बजे कर्मचारी साथियों के द्वारा रखा गया था। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभी सदस्य / कमेटी मेंबर / पदाधिकारी गण /आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य / और सभी कर्मचारी भाई शामिल हुए। अध्यक्ष और महामंत्री का स्वागत माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर और शाल ओढाकर किया गया। अध्यक्ष और महामंत्री जी ने बोनस से जुड़ी तमाम बातों को विस्तार में सभी को बताया और उनपे भरोसा करने के लिए आभार प्रकट किया।

### कांग्रेस की रायशुमारी में डॉ अजय रहे सबसे आगे



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने मंगलवार को अपने पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी के जिला मुख्यालय तिलक पुस्तकालय में पार्टी के सभी कार्यकताओं से वन टू वन कर उनके विचार जानने का प्रयास किया। डा अजय कुमार के नजदीकी लोगों ने दावा किया कि इस क्रम में ज्यादातर कार्यकर्ताओं ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से डॉ अजय कुमार का नाम प्रस्तावित किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से डा. अजय कुमार को प्रत्याशी बनाया जाता है तो कांग्रेस पार्टी विगत 30 वर्षों का रिकार्ड तोड़ कर जीत का परचम लहराएगी। डा. अजय कुमार ही एक मात्र प्रत्याशी हैं जो जमशेदपुर पूर्वी से पार्टी को जीत दिलाने में सक्षम है। कार्यकताओं ने बलजीत सिंह बेदी को बताया कि जमशेदपुर की जनता आज भी डा. अजय कुमार का सम्मान करती है। इसलिए पार्टी को एक मजबूत प्रत्याशी के तौर पर डा. अजय कुमार को मैदान में उतारना चाहिए. ताकि पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके।

### जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय एक अक्तूबर को डीसी ऑफिस के समक्ष देंगे धरना

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय 1अक्टूबर को जनता से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर डीसी ऑफिस के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने इस संबंध में विधायक की अध्यक्षता में आयोजित तैयारी बैठक के पश्चात कहा कि विधायक सरयू राय ने कहा कि कोरोना के बाद तीन साल में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विकास के बहुत सारे कार्य हुए लेकर कई महत्वपूर्ण विकास कार्य अभी भी अटके हुए है। उन कार्यों को पूर्ण कराने के लिए सरकारी तंत्र सक्रीय नही है। दो दर्जन से अधिक योजनाएं ऐसी है जिसका शिलान्यास हुआ है लेकिन कार्य प्रारंभ नही हुआ। इसलिए हमने तय किया है की आगामी एक अक्टूबर को जमशेदपुर डीसी ऑंफिस के समक्ष जोरदार तरिके से धरना-प्रदर्शन हो। जुस्को, जेएनएसी और डीसी को यह संदेश जाए की जनता से जुड़े विकास कार्यों में हमे कोई समझौता नही स्वीकार्य है।

### दक्षिण व मध्य गदड़ा में आपकी योजना,आपकी सरकार में उपस्थित हुए मंगल



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिण गदड़ा पंचायत भवन एवं मध्य गदरा में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बतौर मुख्य अतिथि पंचायत भवन में उपस्थित हुए। जुगसलाई विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मंगल कालिंदी। इस दौरान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरूआत की। झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जैसे मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जेएसएलपीएस का परिसंपत्ति वितरण आदि योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का वितरण की। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड का विकास माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में काफी तेजी से हो रहा है और आने वाले समय में झारखंड के मुख्यमंत्री के द्वारा पूरे झारखंड का रूपरेखा को नया आयाम दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मुखिया हेमंत खालको, दक्षिणी गदड़ा मुखिया संजू भूमिज, मुखिया जूही बेसरा, प्रमुख पानी सोरेन, उप प्रमुख शिव हासदा, रैना पूर्ति, सतवीर सिंह बग्गे, नारायण बेसरा, बिरजू पत्रो उपस्थित थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा नेता शिव शंकर सिंह ने की चाय पर चर्चा, पूछे लोगों के हाल

**जमशेदपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह ने भालूबासा शीतला मंदिर के समीप चाय की चुस्कियों के साथ स्थानीय गणमान्य नागरिकों से विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के क्रम में लोगों ने स्थानीय समस्याओं से भाजपा नेता को अवगत कराया। लगातार सामाजिक कार्यों को अंजाम देते हुए अभी हाल में शिव शंकर सिंह ने जनसंपर्क के कार्यक्रमों में तेजी लाई है। इसी क्रम में, शिव शंकर सिंह का जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के अलग अलग जगहों में दिन प्रतिदिन चाय के बहाने लोगों से मिलना और स्थानीय समस्याओं से अवगत होने का सिलसिला जारी है।

## स्पीड न्यूज

### पांकी परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ आज नीलांबर पीतांबरपुर से होगी: विधायक



**मेदिनीनगर।** झारखंड में परिवर्तन यात्रा पांकी विधानसभा क्षेत्र बुधवार से शुरू होगी। यह जानकारी पांकीविधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। विधायक ने बताया कि परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ नीलांबर पीतांबरपुर से होगा। इसमें सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन सहित राज्य के कई वरीय नेता भाग लेंगे। पांकी में विशाल जनसभा हुई। विधायक ने पांकी के सभी लोगों से परिवर्तन यात्रा में शामिल नेताओं के स्वागत में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कहा कि झारखंड की भ्रष्टाचारी सर को उखाड़ फेंकने के लिए राज्य की जनता ने संकल्प लें लीं। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, लाला यादव भी थे।

### पिकअप वैन के धक्के से छात्रा की मौत



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पोलपोल के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सड़क पार कर रही छात्रा को पिकअप सवारी गाड़ी ने धक्का मार दिया जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। छात्रा पोलपोल चकबरेवा गांव के संजय पांडेय की पुत्री साक्षी पांडेय (23) मेदिनीनगर कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी।

### नाट्य महोत्सव में संत मरियम को तृतीय स्थान



**मेदिनीनगर।** नगर भवन में आयोजित दो दिवसीय नाट्य महोत्सव में शहर के करीब 25 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। सभी ने एक से बढ़कर एक उम्दा नाटक की प्रस्तुति दी। संत मरियम स्कूल के बच्चों ने भी समाज में व्याप्त डायन प्रथा पर नाटक प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रथम महापौर अरुणा शंकर और अविनाश देव ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि नाटक समाज में घट रही घटनाओं का प्रतिबिंब है।

### पूर्व विधायक के पिता पंचतत्व में विलीन



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद के पूर्व विधायक दशरथ सिंह के पिता सेवानिवृत शिक्षक रामसेवक सिंह (105) मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी तट स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र पूर्व विधायक ने दी। शव यात्रा में सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। मालूम हो कि मंगलवार तड़के निधन उनका निधन रंची स्थित आवास पर हो गया। उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव हुसैनाबाद के बुलंद बिगहा लाया गया। जिसपर विधायक कमलेश सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक उर्फ टूटू, जिप सदस्य राजू मेहता, पूर्व चेयरमैन शशि कुमार, कर्नल संजय सिंह, विनोद सिंह ने शोक जताया है।

### वेलफेयर ट्रस्ट ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण



**विश्रामपुर पलामू।** उमेश सिंह एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सुंदर एवं फुलदार पौधरोपण किया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक अमित सिंह एवं प्राचार्य दीपक तिवारी ने पौधरोपण कर किया। निदेशक और प्राचार्य ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बागवानी हमारे मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यालय परिसर में 100 से अधिक फूलदार एवं शो प्लांट लगाये गये। मौके पर शिक्षक अजीत तिवारी, रतन चतुर्वेदी, राजेश चौबे, खुशबू पांडे, सुरेंद्र शर्मा, आभा चौबे, चंचला दीक्षित, सौम्या चौहान, शिवानी, सोनाली सिंह, कविता सिंह उपस्थित थे।

### विधायक ने दी पांच और सड़कों की सौगात



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधायक की अनुसंशा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की पांच सड़कों की स्वीकृति दे दी है। जिन सड़कों को स्वीकृति मिली है, उसमें पंचायत कोलहुआ सोनबरसा में बीर धवर पुल से बिहरा पुल तक, ग्राम पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक, मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक, पंचायत महुअरी नबीनगर मेन रोड से ग्राम बसारी पीडब्लूडी पथ तक व हैदर नगर देवी धाम शिव मंदिर से जमुआ खुर्द होते हुए रतनबीघा तक पथ निर्माण शामिल है। श्री सिंह ने कहा कि उन्हें अब तक जितनी सड़कों, पुल पुलिया का प्रस्ताव ग्रामीणों से प्राप्त हुआ, अथक प्रयास से उसे स्वीकृत कराया है।

### गाय से भरा पिकअप वैन पकड़ाया



**हुसैनाबाद पलामू।** पशु क्रूरता के लिए गाय से भरी पिकअप को पुलिस पकड़ा और चालक को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कजरात नावाडीह स्टेशन के रास्ते दंगवार होते हुए बिहार में पशुओं को कुरुरता पूर्वक लाद के एक पिकअप वैन (बीआर 26 जीए 1285) में गाय को ले जाया जा रहा है जिसके बाद दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन कर कजरात नावाडीह स्टेशन के समीप स्टैंड से उक्त गाड़ी को गिरफ्तार को रोककर पूछताछ की गया। जिसमें चालक द्वारा अपना नाम कन्हैया कुमार पिता भीष्म देव यादव घर चतरा चौरिया जिला औरंगाबाद बिहार बताया।

# झारखंड में गठबंधन की सरकार से राज्य का भला नहीं होने वाला है : अन्नपूर्णा देवी

■ झारखंड में हेमंत सरकार बनते ही नक्सली गतिविधियां दिखाई देने लगी है : सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** झारखंड में जब से झामुमो-कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी, तब से सभी मिलकर राज्य में विकास के नाम पर जनता को गुमराह कर लूट रहे हैं। इतना ही नहीं, यह गठबंधन नहीं ठगबंधन वाली सरकार है। इस सरकार से राज्य की जनता का भला होने वाला नहीं है। उक्त बातें भारत सरकार के बाल विकास एवं परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान कही।



**अन्नपूर्णा** ने कहा कि गठबंधन की सरकार तक बंधन के रूप में राज्य के भोली भाली जनता को ठगा जा रहा है। झारखंड के बेटी रोटी माटी को बचाने के लिए भ्रष्टाचारियों व निकम्मी सरकार को हटाने के लिए यह यात्रा निकाली गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र सिद्धि तक ले जाने का काम करती है जिसे केंद्र में तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने अपनी 100 दिन के कार्यकाल को पूरा करते हुए अपने संकल्प पत्र में शामिल घोषणाओं को पूरा किया है।

मौके पर प्रभात भुइयां, श्याम नारायण दुबे, जवाहिर पासवान, उदय शुक्ला, अशोक तिवारी, शुभम प्रसाद, नंदलाल गुप्ता, भारत साहू, अशोक मिश्रा, मनोज गुप्ता, मंगल सिंह उप महापौर, पूर्व सांसद सुनील सिंह, अमलेश्वर दुबे, अभिमन्यु तिवारी, राज नारायण यादव, अभय मिश्रा, राकेश पाण्डेय समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

**सांसद बीडी राम** ने कहा कि झारखंड में जब-जब कांग्रेस झामुमो के गठबंधन वाली सरकार बनी है तब तब राज्य में लूट भ्रष्टाचार भय भूख का बोलबाला रहा है। हेमंत सोरेन को शपथ लेते के साथ ही राज्य में नक्सली गतिविधि बढ़ गयी।

**पूर्व सांसद घूरन राम** ने कहा कि यह परिवर्तन रैली से झामुमो की नींद खुल गई है कि अब यहां बिना सत्ता से बाहर किये यह जनता नही मानेगी। बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया।

# हेमंत सरकार ने किया झारखंडियों का सम्मान जबकि भाजपा नफरत करती है : कल्पना सोरेन

■ राज्य का विकास सिर्फ झामुमो ही कर सकता हैं : मिथिलेश ठाकुर

**गौतम पटेल**



**हुसैनाबाद, पलामू।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने अपनी बहनों को सम्मान मंइयां सम्मान योजना देकर महिलाओं को सम्मान दिया है, लेकिन विरोधियों को यह बात हजम नहीं हो रहा है। वे लोग समाज को सिर्फ तोड़ने और जनता द्वारा चुनी सरकार को गिराने में दिन रात एक कर दिया है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में किसान ऋण माफ, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना जैसी सैकड़ों जनकल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर उतारा, इसका परिणाम है हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में चारों ओर हरा भरा खेत में धान की फसल लहरा रही है यह संवृद्धि की पहचान है। राज्य में अबुआ राज ही खुशाली दे सकती हैं उक्त बातें झामुमो नेत्री व झारखंड के गांडेय विधायिका कल्पना सोरेन ने कही वे हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में मंइयां सम्मान यात्रा को संबोधित कर रही थी। अपने निर्धारित समय से 5 घण्टा लेट पंहुची व महिलाओं की भीड़ से गदगद दिखी उन्होंने सभी महिलाओं से लेट पंहुचने के लिए क्षमा याचना भी की वंही कार्यक्रम का अध्यक्षता पलामू जिले के उप विकास आयुक्त सब्बीर अहमद कर रहे थे,। जबकि संचलान जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक नितिन कुमार पाण्डे व ए के सिंह डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर डॉ आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से किया,कार्यक्रम में राज्य सरकार के माननीय मंत्री

### विश्रामपुर में मना 75वां वन महोत्सव, 500 पौधों का वितरण, चंद्रवंशी बोले

# पर्यावरण-जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने को पौधरोपण करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा मंगलवार को विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के खेल मैदान में 75 वा वन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मदगंज वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। मौके पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने हेतु पौधा रोपण बेहद जरूरी है। इसके लिए आमलोगों को आगे आना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष दस पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर में कृषि विश्व विद्यालय खोलने हेतु प्रयासरत हूं,ताकि यहां के बच्चों को कृषि कार्य के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हो सके। इससे पर्यावरण को बचाने में भी मदद मिलेगी। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि वन महोत्सव आयोजन का मुख्य लक्ष्य पर्यावरण को संतुलित करते हुए बचाये रखना है।



कार्यक्रम में शामिल विश्रामपुर विधायक चंद्रवंशी व अन्य।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला पार्षद विजय रविदास, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, प्रभारी बनपाल सह बनरक्षी गौरव कुमार, विजय कुमार रवि, अभिषेक कुमार पांडेय, मिथलेश कुमार, रवि प्रकाश गुप्ता, राजू कुमार रंजन, मिथुन कुमार रजक, पिंकू चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, सुशील ठाकुर, मनोज सिंह, कौशल बक्सराय, राधा कृष्ण साव, मनीष कुमार, शंभू चंद्रवंशी, संजय ठाकुर, धीरन तिवारी, पूनम देवी, अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, रवींद्र गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# पांकी विस क्षेत्र की महिलाओं को बनाया जा रहा सशक्त व आत्मनिर्भर : डॉ मेहता

■ लोहरसी आजीविका महिला की संकुलस्तरीय वार्षिक आम सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी के ग्राम पंचायत लोहरसी में लोहरसी आजीविका महिला संकुलस्तरीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। आमसभा कार्यक्रम का उदघाटन पांकी विधायक डा मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। आजीविका महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कहा कि महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर घर परिवार के भरण पोषण के लायक बनाया जा रहा है। महिलाएं पुरूषों से अब किसी क्षेत्र में कम नहीं हैं।



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते पांकी विधायक।

मौके पर आजीविका महिला समिति के अध्यक्ष रीता कुमारी, सचिव मंजु देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, आईपीआरपी विकास कुमार, अजीत कुमार, एफटीसी शिव कुमार, रमेश बीपीएम, समाजसेवी शैफ सिंह, रंजय ठाकुर, कार्तिक सिंह, रवि सिंह, धर्मदेव बड़ाइक, विनय मेहता, भगवान साव, राजभोगी पासवान, मुराली, विरेंद्र रजक, मंटु लाल गुप्ता, अनिल साव समेत काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में जागरूकता सप्ताह समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय फामाकोविजिलेंस जागरूकता सप्ताह का समापन हो गया। इस दौरान लोगों को दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति मरीजों को तुरंत चिकित्सक को बताना चाहिए। जिससे सही समय पर उपचार हो सके। मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. ओ पी श्रीवास्तव, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव, डॉ सरस संचय, डॉ नील कुमार, डॉ हरिभूषण, डॉ श्रवण्ति आदि ने दवा के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव व दुष्परिणाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। फामाकोलॉजी संकाय ने



17 सितंबर से 23 सितंबर 2024 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें नुक्कड़ नाटक का संचालन द्वितीय वर्ष के छात्रा आकांक्षा और ग्रुप के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया । चौथा राष्ट्रीय फामाकोविजिलेंस जागरूकता सप्ताहह्न मनाया, जिसका विषय थाः रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर और रिपोर्टिंग व्यवस्था का निर्माण।

# श्राद्धकर्म पर पौधे लगाने से धरती मां व पितरों के अतृप्त आत्मा को मिलती हैं शांति: डॉ कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ पर्यावरणविद ने गया पितृपक्ष मेले में आये लोगों को पर्यावरण धर्म के तहत किया पौधा दान

■ श्राद्ध में केवल शय्या दान से नहीं, पौधा दान करने से ही मृतक की आत्मा को मिलेगी शांति : ट्री मैन डॉ कौशल

**मेदिनीनगर, गया, औरंगाबाद बिहार।** विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत गया श्राद्ध पितृपक्ष मेले में आये लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा दान किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत मृत आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी देने का और धरती मां की धधकती आत्मा की शांति के लिए पौधा पानी देने का विधान है। डॉ कौशल ने कहा कि उनके निशुल्क पौधा वितरण सह रोपण में 58 वर्ष व पर्यावरण धर्म सह बनराखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा हो गया।



### सनराइज पब्लिक स्कूल में उत्तम शिक्षा : परमानंद

**पांडू पलामू।** प्रखंड के रतनाग में सनराईज पब्लिक स्कूल का उद्घाटन बाल दिवस 14 नवंबर को किया जायेगा। विद्यालय के डायरेक्टर परमानंद शर्मा ने बताया कि पांडू मुख्यालय से दूरी ज्यादा होने से बच्चों को बेहतर शिक्षा का अभाव था, फिलहाल इस विद्यालय में नर्सरी क्लास से वर्ग सात तक का शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। जो सी बी एस सी पैटर्न पर होगा। नामांकन प्रारंभ है। अभी नामांकन बिल्कुल नि:शुल्क किया जायेगा। वहीं विद्यालय में विषय वार शिक्षकों की व्यवस्था है। सभी शिक्षक ग्रेजुएट + बी एड होंगे।

### लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में खुला तंबाकू मुक्ति केंद्र, ऑनलाइन हुआ उद्घाटन



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मंगलवार को भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन तंबाकू मुक्ति केंद्र उद्घाटन किया गया। मेडिकल कॉलेज के सुप्रीटेंडेन डॉ ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि तंबाकू मुक्ति केंद्र मकसद तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के इच्छुक लोगों को सहायता और उपचार मुहैया कराना है। साथ ही इस संदर्भ में विशेष परामर्श भी मिलेगा। मौके पर डॉ विजय कुमार, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव, डॉ सरस संचय, डॉ नित्यानंद व डॉ राजीव गुप्ता मौजूद थे।

# जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगे: केएन त्रिपाठी

■ प्रतिज्ञा यात्रा का कारवां 15वें दिन पहुंचा चैनपुर प्रखंड के महुगांवा, बांसडीह, बरांव एवं बुढ़ीवीर पंचायत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रतिज्ञा यात्रा के पन्द्रहवें दिन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का प्रतिज्ञा यात्रा चैनपुर प्रखंड के महुगांवा पंचायत के महुगांवा ग्राम से होते हुए बांसडीह, तीनटोलवा, बनखेता, किनीखुटार, खजुरिया, चढ़नवा, रामगढ़, पांव पहाड़ी, पिपराही, बरवही, बरांव, उलमान, यादव टोला (बुढिवीर) एवं दलित टोला पहुंचा। मौके पर जनसमूह ने पूर्व मंत्री त्रिपाठी का स्वागत गर्मजोशी के साथ किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पिछले दस सालों में सैकड़ों लोग प्रतिदिन अनेक समस्या लेकर मेरे पास आते हैं। यदि आनेवाले चुनाव में जनता मुझे अपना आशीर्वाद दे, तो तस्वीर बदल देंगे।

# शहीद दयाशंकर मिश्रा का शहादत दिवस मना

■ पुलिस व स्थानीय लोगों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** शहीद एएसआई दया शंकर मिश्रा की शहादत दिवस मनाई गई। मौके पर पुलिस व स्थानीय लोगों ने उन्हें पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। विश्रामपुर नगर परिषद के बी मोड़ शहादत स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने शहादत चबूतरे पर श्रद्धांजली दी। साथ ही शहीद दया शंकर मिश्रा के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया।



श्रद्धांजलि सभा में पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, बसपा नेता गोपाल राम, रेहला थाना प्रभारी संतोष, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, संजय चौबे, राजन गुप्ता, संजय मेहता, बंसी शुक्ला मौजूद थे।

**23 सितंबर 1969 को शहीद हुये थे दया शंकर मिश्रा :** विश्रामपुर थाने में पदस्थापित एएसआई दया शंकर मिश्रा 23 सितंबर 1969 को अपराधियो से लोहा लेते हुए बीमोड़ पर शहीद हुये थे। तब से हर वर्ष 23 सितंबर को उनका शहादत दिवस मनाया जाता है। बीमोड़ पर उनकी याद में शहीद स्थल पर चबूतरा व शहीद स्मारक भवन भी बनाया गया है। श्रद्धांजली सभा में लोगों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर भी प्रकाश डाला।

### छतरपुर पाटन विधायक प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी ने किया दौरा, कहा- ग्रामीण सुविधाओं से हैं वंचित



**पाटन पलामू।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई जनप्रतिनिधि क्षेत्र में उतर चुके हैं। लोगों के बीच में पहुंचकर अपना संपर्क साधने में लगे हुए हैं। पाटन छतरपुर के भावी विधायक प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी ने सोमवार को पाटन प्रखंड क्षेत्र के पल्हे कला, नौडीहा, पाटन, कोल्हुवा किसेनी, पचकेड़िया, पथलामार, बालक नौडीहा, नावाखास सहित कई गांव का दौरा किया। वहीं ग्रामीणों से जन समस्याओं को जाने एवं कई समस्याओं के निदान हेतु आश्वासन भी दिया। साथ ही विधानसभा चुनाव में अपने पक्ष में मतदान को लेकर ग्रामीणों से आग्रह भी किया। कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमने देखा कि क्षेत्र में आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कई ऐसे रोड देखने को मिले जहां आज तक सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीण आज भी बिजली पानी सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हैं। कोल्हुवा किशेनी गांव में ग्रामीणों की रोड की समस्या बरसों से देखने को मिल रहा है।

# विधायक आलोक ने छह करोड़ की लागत से किया तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने बांसडीह मोड़ से ताली व पीडब्ल्यूडी पथ से हरिनामाड़ तक और तालापार मोड़ से करमाहा तक लगभग 6 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन सड़को का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि इन सड़कों का हाल विगत कई सालों से अति दयनीय था। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से लोगों को यातायात करने में सहुलियत होगी। साथ ही समय की भी बचत होगी और कहा कि यह सड़क यहां के लोगों के लिए अतिआवश्यक है। कई महीनों से इसके निर्माण की मांग की जा रही थी। वहीं कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर एवं कच्ची सड़कों का कार्यकलाप किया जाएगा। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारी एकमात्र लक्ष्य है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहेगा। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचे। इसी तरह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जायेगा जिससे कि आवागमन में ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। झारखंड में पूर्व में भाजपा की सरकार थी तो तेजी से क्षेत्र का विकास हो रहा था लेकिन जब से झारखंड में महागठबंधन की सरकार आई है तभी से इस विकास कार्य में अवरुद्ध होती रही है।



शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य।

**ये भी रहे मौजूद :** साथ ही उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने की और राज्य में फिर से भाजपा का मजबूत सरकार बनेगी ताकि झारखंड का भला हो सकें। कार्यक्रम में जिला पार्षद रामलव चौरसिया, मुखिया लालबहादुर भुइयां, भीष्म चौरसिया, रामकरेश प्रसाद, प्रेमलाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, निरंजन सिंह, नन्हक तिवारी, श्रवण ओझा, रवींद्र कुमार आदि शामिल थे।

# पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर भाजपा मंडल कार्यालय में बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** भाजपा मंडल कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर हुई। जिसमें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने भाग लिया। इस दौरान श्री चेरो ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार में पूरे राज्य में भ्रष्टाचार, अफसर शाही, लूट, महिला उत्पीड़न, बांग्लादेशी घुसपैठ की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसके कारण राज्य की जनता में काफी आक्रोश है। पूरे राज्य में त्राहि त्राहि मची हुई। पूरे राज्य में जन भावनाओं को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने न सहेंगे, न कहेंगे बदल कर रहेंगे, परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की है जिसके तहत पूरे राज्य में जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कार्यक्रम के तहत पांकी विस क्षेत्र के लालू मैदान में बुधवार को सांसद मनोज तिवारी तथा रवि किशन का कार्यक्रम आयोजन किया गया है जिसमें मंडल के सभी भाजपाई की सहभागिता जरूरी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा 26 सितंबर 2024 के परिवर्तन रथ यात्रा का स्वागत हेतु कमेटी का गठन किया गया इस रथ यात्रा में सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन के अलावा चतरा सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व सांसद सुनील सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रमंडलीय प्रभारी विक्रम प्रीतम, मनिका विस चुनाव प्रभारी प्रेम सिंह भी मौजूद थे।



बैठक में रणनीति बनाने को लेकर एकजुट भाजपा कार्यकर्ता।

# जमानत की अवधारणा

एक दुष्कर्म का आरोपी और जमानत पर जेल से बाहर आए एक व्यक्ति ने दुष्कर्म पीड़िता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर इस मामले की जांच शुरू की है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने कहा, कैला देवी थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की रात एक नाबालिग लड़की की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिसमें दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घटना में एक आरोपी रिंकू (20) मृतक के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी है। दुष्कर्म का मामला गाजियाबाद के एक पुलिस थाना में फरवरी में दर्ज किया गया था और आरोपी इस महीने की शुरूआत में जमानत पर जेल से बाहर आया था। पीड़िता के परिवार द्वारा पुलिस से की गई शिकायत के मुताबिक, नाबालिग लड़की जब अपने भाई और मां के साथ मोटरसाइकिल पर घर वापस आ रही थी, तभी उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। जमानत को लेकर न्यायालयों में चल रही बहस के बीच इस प्रकार की घटना पूरे देश में लगातार घटती है जब आरोपी जमानत पर निकल कर अपने प्रतिवादी को डराने धमकाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के वारदात को अंजाम देते हैं। जबकि अदालत किसी भी आरोपी को दोषी नहीं मानते हुए उसके जमानत को उसका अधिकार मानती है। लेकिन सवाल उठता है कि कमजोर और असहाय वर्ग की लड़कियों विशेषकर रेप के मामले में आरोपी का कितना प्रतिकार कर सकती है? क्या अदालत इस प्रकार के हत्या के मामलों को गंभीरता से लेती है? देश में हत्या के मामलों में सजा की संख्या नगण्य है। विशेषकर कठोर दंड आजीवन कारावास तक ही सीमित है। साथ ही ऐसे मामलों में लंबे समय तक मामले को चलने से न्याय में देर अन्याय में तब्दील हो जाता है। देश में निम्न स्तरीय पुलिसिंग से भी मामला और गंभीर हो जाता है।




**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

## कार्टून वर्ल्ड




# आयुष्मान भारत: भारत की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर

**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।




आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था।

55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है।



-जेपी नड्डा

> 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है।

इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

**विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम**

एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं।

इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल?याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**समग्र स्वास्थ्य सेवा**

आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (अअट) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक अअट स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद हैं।

**चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना**

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## एक्स - ट्वीट

**जिस** दवा को पूरी दुनिया में पाबंदी लगाई दी गई थी। वह दवा ये लोग देश में बांटते रहे, उसके बदले चंदा लेते रहे। इन्होंने फर्जी दवा देकर पूरे देश के लोगों के साथ धोखा किया। इसका परिणाम है कि आज उत्पाद सिपाही भर्ती में हमारे नौजवानों की मौत हुई और इनकी यह चोरी भी पकड़ी जाएगी।

**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**

झारखंड वालों,
मैं आज आपसे ये कहने आया हूं कि हम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाएंगे।
ताकि कोई विदेशी घुसपैठिया अपना आधार कार्ड न बनवा पाए, वोटर लिस्ट में अपना नाम न लिखवा पाए।

**- शिवराज सिंह चौहान,**
केन्द्रीय कृषि मंत्री

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत

**आर.के. सिन्हा**

चिकित्सा

**भारत** अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़ कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देशभर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोजाना चार-पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ा कर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल, मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व है। यहां जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे, जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिलजुल कर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण हिस्सों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राममनोहर लोहिया अस्पताल, लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगाराम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूरदराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील का सफर कर यहां आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों के सेवा विस्तार से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है।

# जीव सृजनहारी शक्तियों को समर्पित जितिया पर्व



**देवकुमार महतो**

धर्म

**जितिआ** परब भारत के कई राज्यों में करम परब के ठीक बारह दिन बाद मनाया जाता है। वर्ष में एक ही बार एक ही दिन संपूर्ण छोटनागपुर पठार मे बसे कुछ राज्यों जैसे झारखंड ,बंगाल एवं उड़ीसा के विशेष रूप से सुहागन और पुत्रवती महिलाएं करती है, जितिआ परब की धूम कुछ अलग ही रहती हैं। चाँद के अनुसार यह परब भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। जितिआ नामकरण के पीछे एक युक्ति है जीति+आ अर्थात जीत कर आना। बिहा के पश्चात कन्या जब मायके में जाती है तो कन्या के मां बाप की मंशा होती है कि मेरी पुत्री ससुराल से कब जीतकर मेरी आंगन में आएगी। कहने का तात्पर्य है की कन्या जब तक ससुराल में वंशवृद्धि अर्थात संतानोत्पत्ति नहीं कर पाती है, तब तक वह ससुराल में हारी हुई मानी जाती है, क्योंकि समाजिक नियमानुसार यदि कोई कन्या का संतानोत्पत्ति लंबे समय तक नहीं होती है, तो उसके विकल्प में उसके पति दूसरे को बिहा कर लाता है और ऐसी स्थिति में अधिकतर जगहों मैं उसके साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। यहां तक की कभी-कभार उसे झगड़ा झंझट से बचने के लिए मायके में ही रहना पड़ता है। तब कन्या के माता पिता को काफी दुख होता है और वह बेटी से कहता है की आज तुम ससुराल में हार गई।

यहीं पर जो कन्या संतानोत्पत्ति कर मायके आती है तो उसे कहा जाता है तुम जीत कर आई है अब तुम जितिआ मां अर्थात जीव सृजनकारी प्रकृति महाशक्ति की तुम परब करो और अपनी संतानों की वंशवृद्धि यशवृद्धि कर्मवृद्धि व धनवृद्धि आदि की कामना करो। इस परब में जो भी खर्च या लागत आएगी सारा मैं यानी कन्या के पिताजी वहन करेंगे यह कहकर जितिआ परब करने की प्रेरणा देते है।

परब के कुछ दिन पहले से ही घर की झाटाई पताई शुरू कि जाती है। इसके बाद संजोत के दिन आंगन की लीपापोती कर नाई से नाखुन काटवाति है फिर तालाब, नदी आदि के किनारे मिट्टी का घड़ा लेकर जाती है उसमें झिंगा पता/खीरा पत्ता, में दतुवन रख के हलदी, चना, कुरथी ,मूंग के बीजों के साथ खिरा आदि होता है। मुँह धोने के समय चालह सियार को दइतन पानी देकर नेहर करती है कि -

लीजिए चालह सिआर दतुवन पानि मुँह धो, स्नान कर संजअत कीजिए, और हमे भी मुंह धोवा कर जितिआ परब कर संजअत कराइये। इसके बाद घर आकर भूतपिढ़ा/तुलसी मंच में धूप देती है और नियम पूर्वक भीतर घर में आँकुर चुका को रखती है।

अगले दिन आष्टमी में दिनभर उपवास कर शाम के समय झींगा पत्ता दतुवन लेकर नदी या तलाब में जाती है फिर चालह सियार को सेंउरन (ध्यान) कर झिंगा पता दतुवन देती है और स्नान कर एक खिरा बहाती है अर्थात मातृत्व शक्ति का वह गुण जो काम में नहीं आया है उसे बहा आती है। फिर घर आकर नया कपड़ा पहनकर जितिया ससटि माँ के सेंउरन के लिए तैयार होती है। प्रायः हर गुस्टि/गोत्र में डाल गाड़ी जाती है जहां सभी महिलाएं एकत्रित होकर सेउरन (ध्यान) करती हैं।

जितिया परब के सेंउरन में मुख्य रूप से 8 से 9 प्रकार के पेड़ पौधे/वस्तु का चयन किया गया है-

ईख/कतारी (3या5)- यह मातृशक्ति का प्रतिक है। इसके हार गांठ में सृजनकारी क्षमता है। अतः इससे कामना की जाती है की मेरी पुत्री पुत्र का वंश वृद्धि में कभी भी कमी ना हो।

बड़ टहनी- इसमें मातृत्व शक्ति के साथ साथ पुत्र की दीघार्यु की कामना की जाती है।

भेलुआ टहनी- इसमें पुत्र पुत्री की अशुभ लक्षण नष्ट होने की कामना की जाती है।

बेलनदड़ि घास- इसके हर भाग में पोषक तत्व यानी दूध पाया जाता है इसलिए इससे पोषक तत्व की कमी ना हो कि कामना की जाती है।

पाकइड़/पिपल टहनी- शीतलता के प्रतीक के रूप में।

चिडचिटि (एक प्रकार का औषधीय पौधा)- अपनी पहचान/गुण दूसरों को देने मे।धान पौधा- वंश वृद्धि एवं पोषण में सहायता प्रदान करना। आकंद टहनी- पोषक तत्व के प्रतीक गुण का समावेश ।

इन चीजों को एक साथ मिलाकर गुस्टि के पुराना आंगन में तांबा, दूब घास, काटी, हरतकी आदि देकर गढ़ूढा में गाड़ा जाता है। इसके बाद सभी व्रती विधिपूर्वक सेउरन (ध्यान) करती है और इनके सृजन कारी व सृजन में सहयोग करने वाले तत्व की सेंउरन कर उसे उसके गुणों की प्राप्ति की कामना अपने पुत्र पुत्रियों के लिए करती है। ताकि उसके वंश में किसी भी चीज का कमी ना हो। सेंउरन के पश्चात रात भर नाच गा कर जितिया डाल को जगाया जाता है, फिर सुबह विधि पूर्वक उसे उठाकर नदी या तलाब में ले जाकर फूल आदि को भाषाया जाता है, और ईख को लाकर बच्चों के बीच भग (प्रसाद) के रुप में वितरण किया जाता है। व्रती सब नहा धो के परब का भोग बनाती है। फिर चालह सिआर को भग (प्रसाद) देने के पश्चात भोग का वितरण वैसे घर में करती है जहां यह परब नहीं चलता है इसके बाद पारण करती है। परब के संजोत या उपवास के दिन कोई व्यक्ति उस गुस्टि का मर जाता है तो इस परब को रखने के लिए भेगना के यहां आँकुर देने की भी प्रचलन है। वह इस परब को रख देता है, फिर वह अगले वर्ष विधि पूर्वक वापस कर देता है। यदि अंकुर थापने से लेकर डालने तक कोई मर जाता है तो परब चला जाता है और फिर यदि उस गुष्टी में बच्चा, बछड़ा या बकरी का जन्म संजोत या उपवास के दिन होता है तो यह परब पुनः आ जाता है।

इस पर्व में अमावस्या के पूर्व तक संगे संबंधियों के यहां आँकुर या पीठा देने का भी विधान है।

**(जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग डी. एस. पी. एम. यूनिवर्सिटी रांची।**

## स्पीड न्यूज

### संजय सिंह ने किया दारु प्रखंड का दौरा



**दारु।** श्रीराम चरित्र मानस संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता सिंह ने मंगलवार को दारु प्रखंड के झुमरा,दारु खैरका और बक्सीडीह के दुर्गा मंडप मे पहुंच कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया और समिति के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान मौजूद लोगों ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए। पूजा पंडाल के बाद वह पेटो, बासोबार और बक्शीडीह बस्ती जाकर ग्रामीणों से भेंट किया।इस अवसर पर बड़े संख्या मे महिला, पुरुष आदि शामिल थे। संजय सिंह ने कहा कि महिलाओ को स्वालंबन बनाने के लिए उनकी संस्था काफी प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विकाश सिंह, अनीश सिंह, अभिनव कुमार,सोनी कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, सोना साव,इंद्रदेव कुशवाहा,दिनेश सोनी,रविन्द्र कुमार,मनोज मंडल, भैया संतोष, कृपानंद प्रसाद, बबिता देवी, रौशन सिन्हा आदि मौजूद थे।

### हस्तशिल्पकारों का प्रशिक्षण शुरू

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड रांची के बैनर तले मंगलवार को गिरिडीह जिला के सरिया प्रखण्ड स्थित बड़की सरैया नगर पंचायत के बड़की सरिया गांव में प्रशिक्षण एजेंसी जन जागरण केंद्र हजारीबाग की तत्वाधान में 50 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक अविनाश कुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक मुकेश कुमार वर्मा एवं जन जागरण केंद्र के परियोजना प्रबंधक देव कुमार सिंह, मुख्य प्रशिक्षक नियामत हुसैन, सीआरपी अंजू देवी एवं अंजू वर्मा ने संयुक्त रूप से किया । मुकेश वर्मा ने कहा कि लेदर क्राफ्ट का प्रशिक्षण देकर सभी को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देना सरकार का लक्ष्य है।

### निक्कमी सरकार ने ठगा : शेफाली



**कटकमसांडी।** मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड में भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ पहुंचा। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने परिवर्तन यात्रा रथ पर शामिल होकर निक्कमी हेमंत सरकार पर परिवर्तन का हुंकार भरी। शेफाली गुप्ता ने कहा कि झारखंड की भोलीभाली जनता को निक्कमी हेमंत सरकार ने सिर्फ ठगने का कार्य किया है। जनता अबर निक्कमी एवं ठगबंधन की हेमंत सरकार को मुहतोड़ जवाब देगी। लुट, झुट एवं भ्रष्टाचार की सरकार हेमंत सरकार है। यहाँ की जनता को ठग्गा गया है। उन्होंने निक्कमी व भ्रष्टाचार की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने और राज्य में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने का अपील की। मौके पर यात्रा के संयोजक राकेश प्रसाद, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ में तंबाकू मुक्त अभियान शुरू



रामगढ़। सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. तुलिका रानी की अध्यक्षता में मंगलवार को 60 दिनों तक चलने वाले तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरूआत हुई। सिविल सर्जन ने कहा कि तम्बाकू से युवाओं को मुक्त कराने के लिए जमीनीस्तर पर जागरूकता कार्यकम आवश्यक हैं। सहिया अपने स्तर से हैंडबिल के माध्यम से ग्रामीणस्तर पर लोगों को जागरूक करने में सहयोग करें।

### बरकाकाना में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिला अंर्तगत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्थित पतरातु प्रखंड के बरकाकाना सीसीएल ग्राउंड में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार को हुआ। उद्घाटन मैच चीकोर बनाम हेसला टीम के बीच खेला गया। जिसमें चीकोर टीम विजेता बनी। इस टूनार्मेंट में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है और इसका समापन 29 सितंबर को होगा। यहां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के उदघाटन के मौके पर युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, जिला मंत्री अनमोल सिंह एवं दिलीप सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, भीमसेन चौहान, ललन सिंह, संतोष कुमार शर्मा, नमो खेल श्रृंखला से जुड़े बंटी तिवारी, जयप्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर और फुटबॉल में की मारकर उद्घाटन किया ।

### जुबली कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबली कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह हुआ। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में युवाओ की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दर्जनों छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ शामिल हुए। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एकेएस झा, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. विशेश्वर रविदास और प्रो. सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने एनएसएस के स्थापना दिवस, इसके उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान सेमेस्टर-2 की छात्रा आंचल कुमारी ने एनएसएस का हमारे जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा है।

# जनता बेहाल, मंत्री हुये मालामाल : बाबूलाल

## बरही में परिवर्तन सभा

### युवाओं के साथ छल कर रही है सरकार: मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा मंगलवार को बरही विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। प्रखण्ड मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा में झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके अलावा परिवर्तन सभा में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक राकेश प्रसाद, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी विनय सिंह मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा प्रहार किया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री मालामाल हो गए हैं, जबकि जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान 19 अभ्यर्थियों की मौत की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार ने



युवाओं को हड़बड़ी में भर्ती निकाल कर मौत के मुंह में धकेला है। उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार अब विदाई की कगार पर है। श्री मरांडी ने इंटरनेट बंद करने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि हेमंत सरकार परिवर्तन यात्रा के प्रचार से डर गई है, इसलिए परीक्षा में कदाचार रोकने के बहाने पूरे राज्य में इंटरनेट बंद करा दिया है। आज के समय में इंटरनेट दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है और इसे बंद करके सरकार ने युवाओं को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 5 वर्षों तक परीक्षाओं को रद्द किया और अब चुनाव से पहले इसे लेकर नाटक कर रही है।

सांसद मनीष जायसवाल ने हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार ने 2000 पारिवारिक लाभ देने का वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर यह सरकार केवल दिखावा कर रही है और युवाओं को छल रही है। उन्होंने मईया सम्मान योजना को चुनावी चाल करार दिया और कहा कि भाजपा सरकार कई राज्यों में महिलाओं के लिए बड़ी योजनाएं चला रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने वर्तमान सरकार पर धार्मिक कार्यों में बाधा डालने और पत्थरबाजों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने सभा के माध्यम से हेमंत सरकार को बदलने का संकल्प दोहराया।

### लूट खसोट में लगी है सरकार : मनोज यादव

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान झारखण्ड सरकार लूट खसोट में लगी है। वर्तमान सरकार को राज्य की जनता बंगाल की खाड़ी में फेंकने का काम करेगी और यहां के विधायक को गया बिहार भेजने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का परिवर्तन यात्रा राज्य में बदलाव लायेगा।

# हजारीबाग में छह हजार घूस लेते लिपिक धराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी ) ने हजारीबाग जिले के प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय के लिपिक विकास कच्छप को मंगलवार को 6000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। राज कुमार ने आवेदन दिया था कि विजय बस (जेएच02एभी 8861) जो देवघर रांची मार्ग पर चलता है। इसका परिमिट का रिनूअल करने के लिए प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप के जरिये परमिट रिनूअल करने के एवज में छह हजार रिश्वत की राशि की मांग कर रहे है। शिकायतकर्ता रिश्वत देना नहीं चाहते थे। जांच के दौरान आरोप



सत्य पाया गया। एसीबी टीम ने विकास कच्छप को छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वह रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू स्थित खुखमाटोली हाउस नंबर- 64 ए का रहने वाला है।

### जदयू के सम्मेलन में शामिल हुये सांसद

कुजू। पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में मंगलवार को जदयू मांडू विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन किया गया। जिसमें नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में इस बार झारखंड में हमलोग 11 सीट हमलोग अपने पार्टी के लिए मांग की है, और निश्चित रूप से हमे विश्वास है कि सर्वसम्मति से हमलोगों को 11 सीट मिलेंगे। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण मांडू की सीट रहेगी।

उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में ऐसा मुख्यमंत्री है जो जमानत लेकर सरकार चला रहा है। ऐसे मुख्यमंत्री को विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना है।

# केरेडारी में एनटीपीसी ने 124 लोगों को दिया सुरक्षा कवच

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के तहत बसरिया साइट कार्यालय में अनुग्रह प्रमाण पत्र और विस्थापन कार्ड वितरण किया। यह वितरण कार्यक्रम मंगलवार को केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। केरेडारी परियोजना ने 124 लोगो को वार्षिक वृत्ति पॉलिसी सौंपी और 24 लोगो को विस्थापन प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर उपस्थित परियोजना के महाप्रबंधक श्री शिव प्रसाद ने अपने प्रेरक उदबोधन में कहा कि रैयतों, स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों व प्रशासन ने केरेडारी परियोजना के निर्माण के लिए जिस प्रकार का सहयोग दिया है आशा है कि वो आगे भी मिलता रहेगा। किसी भी परियोजना की स्थापना में स्थानीय हितधारकों का योगदान महत्वपूर्ण होता है।इस अवसर पर पांडु मुखिया सकिबा खातुन, बेंगवारी पूर्व मुखिया लीलाधन साव उपस्थित रहे। एस.पी गुप्ता अपर-महाप्रबंधक ने कहा कि एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं में भू-विस्थापित परिवार की कुल अधिग्रहित रैयती



भूमि का भुगतान प्राप्त कर लेने की स्थिति में वार्षिक वृत्ति पॉलिसी सौंपी जाती है। इसमे एक एकड़ से पांच एकड़ अधिग्रहित रैयती भूमि के लिए प्रति महीने 3,000 रुपए प्रति एकड़ अर्जित भूमि के समान अनुपाद मे 30 साल तक दिया जाएगा। इस राशि में प्रति दो वर्ष में 1000 रुपए की बढ़ोतरी की जायेगी। अगर किसी रैयत की एक एकड़ से कम भूमि का अधिग्रहण की स्थिति में 30,000 रूपय प्रतिवर्ष 30 साल के लिए दिया जाएगा। जिसमें प्रति दो वर्ष में 750/-रुपए की बढ़ोतरी की जायेगी। इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ परियोजना के विभिन्न विभागों से अपर-महाप्रबंधक रोहित पल, वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु, एवं अधिकारी अल्का पांडा एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

### महालया के दिन गंगा आरती और दशहरा पर रावण दहन : डॉ. सिन्हा



**हजारीबाग।** जिले में 2 अक्टूबर को महालया के दिन भव्य गंगा आरती और 12 अक्टूबर को दशहरा में दशमी के अवसर पर रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को हजारीबाग के छठ तालाब में गंगा आरती का भव्य आयोजन होगा, जिसमें बनारस से आई विशेष टीम गंगा आरती करेगी। इस आरती के माध्यम से जिले, राज्य और देश की शांति, समृद्धि और भाईचारे के लिए प्रार्थना की जाएगी।आरती स्थल की सफाई के लिए डॉ. सिन्हा ने एक विशेष सफाई अभियान भी शुरू किया है, जिसमें उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे तालाब को स्वच्छ रखें ताकि यह स्थल एक सुंदर और साफ-सुथरी जगह के रूप में बना रहे। उन्होंने कहा, शहर को साफ रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसके साथ ही, डॉ. सिन्हा ने जानकारी दी कि 12 अक्टूबर को हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इसका उद्देश्य समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। दोनों आयोजनों के लिए डॉ. सिन्हा ने प्रशासन से औपचारिक अनुमति का आवेदन किया है और जनता से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, जिससे इन कार्यक्रमों की गरिमा और अधिक बढ़े।

### अंबा प्रसाद से मिला आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ

**भुरकुंडा ।** झारखंड आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ ने मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान संघ की प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून ने पतरातू प्रखण्ड की सेविका- सहायिकाओं के साथ विधायक अंबा प्रसाद को बकाया मानदेय और बकाया पोषाहार से संबंधित मांग-पत्र भी सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून ने कहा कि मानदेय से संबंधित अनेक त्रुटियां सामने आ रही है। सेविका-सहायिका का मानदेय प्रत्येक माह सुचारू रूप से भुगतान कराने एवं संपूर्ण बकाया मानदेय का भुगतान यथाशीघ्र कराने की मांग की गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/KHUNTI/02/2024-25(2nd Call) जिसका पी.आर. संख्या 336418 RURAL DEVELOPMENT (2024-25) D है, जिसे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 21.09.2024 से 27.09. 2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक | 23.09.2024 से 28.09. 2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 2 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे | 30.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 336881 Rural Development(24-25)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water and Sanitation Division, Hazaribagh.**
**Short Notice Inviting e-Quotation**
**Notice No:-01/2024-25**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for "Driver" (without vehicle).The departmental vehicle is currently not being operated due to retirement/death of the driver previously working under the office of Executive Engineer and Superintending Engineer. Due to earlier mentioned reason the undersigned and the Superintending Engineer are facing difficulties in field visits and other necessary departmental works. As a result e-Quotation is being invited by the Office of the Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division, Hazaribagh from trusted supplier/authorized firm for the supply of two nos. of drivers having at least 3 years of experience in driving light and heavy vehicles for driving vehicles in both the offices. Rate shall be submitted online in the website http://Jharkhandtenders.gov.in. Details are available on the above e-tender portal. The quoter may download the documents from the website and quote their firm rate excluding taxes for the Drivers online from 24.09.2024 to 30.09.2024 by 05:00 PM. The quotation shall be opened on 01.10.2024 at 02:00PM.

The undersigned reserves the right to accept or reject the quotations without any reasons thereof.

**Address for Communication:-**
Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division Hazaribagh
Address :
Landline No : 06546-262291
e-mail ID : eedwsd.hazaribagh@gmail.com

Executive Engineer,
D.W. & S. Division, hazaribagh.

PR 336787 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



**समाहरणालय, सिमडेगा।**
(जिला सामान्य शाखा)
**चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2023**

(विज्ञापन संख्या–01 / 2023)

**सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2023 की औपबंधिक मेधा सूची का दिनांक11.09.2024 को प्रकाशन किये जाने के उपरांत दिनांक–13.09.2024 तक दावा आपत्ति की मांग की गई थी।उक्त के आलोक में कुल 438 दावा आपत्ति प्राप्त हुई।प्राप्त दावा आपत्तियों की समीक्षा के उपरांत यह स्पष्ट हुआ कि OMR Software का त्रुटि पूर्ण संचालन किये जाने के फलस्व रूपस्वच्छ परिणाम प्राप्त नहीं हो सका तथा कतिपय अभ्यर्थियों को उन्हें मिले प्राप्तांको का सही मूल्यांकन नही किया जा सका। ऐसी परिस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि नये तकनीकी दल द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए OMR Sheet का पुनर्मूल्यांकन किया जाय तथा समानांतर रूप से OMR Sheet की Manual जाँच भी करायी जाय ताकि अचूक परिणाम प्राप्त हो सके।तदनुसार दोनो प्रक्रियाओं द्वारा OMR Sheet का पुनर्मूल्यांकन कराया गया एवं तदोपरांत संशोधित औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई।

उपर्युक्त आलोक में तैयार संशोधित औपबंधिक मेधा सूची को सिमडेगा जिला के वेबसाईट प्रकाशित की जार ही है।साथ ही,अभ्यर्थियों की OMR Sheet की Scanned Copy भी जिला के वेबसाईट पर अपलोड की जा रही है।

उक्त संशोधित औपबंधिक प्रकाशित सूची के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा–आपत्ति संशोधित औपबंधिक सूची के प्रकाशन की तिथि से25.09.2024 के अपराह्न3:00 बजे तक जिला सामान्य शाखा, सिमडेगा में स्वंय उपस्थित होकर समर्पित करें।निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, सिमडेगा।

PR 336831 Simdega(24-25)D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**
**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या :– 01/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 21.09.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR4/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 02.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.10.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 336747 Rural Development (24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

68वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | केस सं0 / वाद सं0 | झा0 आं0 के सेनानी पुस्तिका में नाम | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह विभाग के संकल्प संख्या–2108 दिनांक 07.05.2012 के आलोक में श्रेणी का वर्गीकरण। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–3741 / 24<br>2. आवेदक–चाँदमुनी देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति–स्व0 तलकू मांझी (आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम–उरीमारी पोस्ट–गोसय बलिया<br>5. थाना–उरीमारी प्रखण्ड–बड़कागांव<br>6. लिंग–महिला आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 115 / 93 जी0आर0 सं0 1942 / 93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद एवं आर्थिक नाकेबंदी पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। जेल की अवधि–22 दिन | 2(viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–3743 / 24<br>2. आवेदक–बुधन मांझी<br>3. पिता–लखन मांझी<br>4. ग्राम–उरीमारी पोस्ट–उरीमारी<br>5. थाना–उरीमारी प्रखण्ड–बड़कागांव<br>6. लिंग–पुरुष आयु–41 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | बड़कागांव थाना काण्ड सं0 115 / 93 जी0आर0 सं0 1942 / 93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद एवं आर्थिक नाकेबंदी पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस / वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस ( 10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र / आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन / बैठक पंजी / सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 336862 Home(24-25).D



**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा**

विज्ञापन सं0 02/2024(Estb.) दिनांक 23.09.2024

**Vacancy Notice Of ART Centre Sadar Hospital, Koderma**

(Name /Head Of the institution) invites application from suitable candidates for ART Centre, Sadar Hospital, Koderma On purely contractual basis for below mention position.

| Sl. No | ART Centre name | Post Code | Name of post | Total No of Post | Category | Consolidated Remuneration per month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ART Centre Sadar Hospital, Koderma | ART-JH-KOD-01 | Medical Officer | 01 | UR | 72,000/- Per Month |
| | | ART-JH-KOD-02 | Staff Nurse | 01 | UR | 21,000/- per Month |

2. Education Qualification & Other desirables:

| | |
|---|---|
| Medical Officer | ❖ The Medical Officer (MO) should essentially be an MBBS. (Experience candidates and people having working experience in HIV Related field govt. or Pvt. Sector will be given preference.) |
| Staff Nurse | ❖ GNM or B.Sc (Nursing) ( Experience candidates and people having working experience in HIV Related field govt. or Pvt. Sector will be given preference.) |

3. Age Limit:- Up to 62 years of age and medically fit to work.

**Walk In interview**
Date of Walk in interviews : 04-10-2024
Venue : Civil Surgeon Office Koderma, Sadar Hospital Campus.
Time : 11:30 AM

4. General information & instruction.
A. Society reserves the right to cancel any all position at any stage of recruitment process.
B. At any stage of recruitment, if it is found that candidate dose not full fill the eligibility criteria and/or that fact(s), his/her candidature will stand cancelled.
C. Candidates are required to bring education and experience certificate in original and 01 set self attested photo copy of the documents with Duly filled prescribed Application form.
D. No TA/DA will be paid the candidate for appearing interviews.
E. Candidate are informed that no claim regarding regularized of the job will be entertained.
Tor (Term of Reference) and responsibilities can be download from " koderma.nic.in" Website or obtained from Civil Surgeon office Koderma/ ART centre ,Sadar Hospital Koderma, During Working hours .

Civil Surgeon
Sadar Hospital Koderma

PR 336855 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

## कोडरमा मे राष्ट्रीय पोषण माह 2024 को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चे स्वस्थ तो देश रहेगा स्वस्थ : अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प के साथ पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को कोडरमा जिले के बलरोटांड मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं डीएसडीब्लूओ नीतीश कुमार निशांत ने कार्यक्रम में आये सभी लोगों को केंद्र सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संचालित योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है और यह हर वर्ष पूरे एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत धात्री महिलाओं से लेकर बच्चों के पोषण का विशेष ख्याल रखा जाता है। उन्होंने कहा वर्ष 2018 में इसकी शुरूआत की गई थी, आज सातवां साल है, जब यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है, कार्यक्रम के तहत गभर्धारण से ही महिलाओं का ध्यान रखा जाता है और बच्चों के जन्म से लेकर 6 वर्ष की आयु तक उसके पोषण का विशेष ख्याल रखा जाता है। इसके तहत पूरे देश में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत पूरे देश में करीब 8 करोड़ गतिविधियां की गई। वहीं झारखंड राज्य में करीब 12. 5 लाख गतिविधियां की गयी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाना है। हमारे बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ्य रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सही पोषण की जानकारी दिया जाता है।

**मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी हुई शामिल**



**सेविकाओं द्वारा भी एचएसएनडी पर नुक्कड़ कर पोषण का दिया संदेश:** कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविकाओं के द्वारा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के समक्ष भीएचएसएनडी पर नुक्कड़ नाटक किया गया और पोषण में विकास निगरानी, घ्स्तनपान और पूरक आहार, मातृ पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्व आदि से संबंधित सेवाओं के साथ-साथ परामर्श का संदेश दिया।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम:** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने दो बच्चों के जन्म दिवस पर उनके साथ केक काटा और उन्हें शुभकामनाएं दी।

**आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को किया गया सम्मानित:** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 सेविका, सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभुकों को किया गया सम्मानित:** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा 3 लाभुकों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**हस्ताक्षर व सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से सही पोषण देश रौशन का दिया संदेश:** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा सही पोषण देश रौशन का हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर एवं सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से सही पोषण देश रौशन का संदेश दिया। इसके साथ साथ राष्ट्रीय पोषण माह का गुब्बारा उड़ाया गया। इसके अलावा एक पौधा मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। मौके पर दयानेश्वर वीर, कुमार गौरव, कंचन टोप्पो, पूनम कुजुर, रोहित कुमार, राजन रावत, पवन यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 10वीं एवं 12वीं की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं हुई सम्मानित



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं को मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों सम्मानित हुई और उन्हें 5000-5000 का चेक दिया गया। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान नवजात बच्चों की मूंह जुठाई और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रसम की अदायगी की गई। कार्यक्रम में शामिल सेविका-सहायिकाओं ने बताया कि इस एक माह के कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं छोटे बच्चों के पोषण का खास ध्यान रखा जाता है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री द्वारा कार्यक्रम में आये सभी लोगों को सही पोषण देश रोशन का शपथ दिलाया गया।

## एक नजर में

### आरएनएम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**चतरा।** हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० जैनेंद्र कुमार सिंह ने की और संचालन एनएसएस स्वयंसेविका शौर्य कुमारी ने किया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर व्याख्यान दिया और कहा कि राष्ट्र के नागरिकों का कर्तव्य है कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उन्हें पूरा करें। एनएसएस पीओ डॉ० फहीम अहमद ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के उद्देश्य, स्वयंसेवकों के कर्तव्य और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, अशिक्षा, छुआछूत, भेदभाव, स्वास्थ्य आपदा, पुनर्वास, डिजिटल भारत और कौशल भारत के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो शिव रतन सिंह, प्रो उमेश कुमार सिंह, प्रो कमरुद्दीन अंसारी, डॉ रेयाजुद्दीन अंसारी सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

### ग्रिजली कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर भारत सरकार के युवा एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय के बीएड़ सत्र 2023-25 के सभी प्रशिक्षुओं, सभी सहायक प्राध्यापक एवं सभी सदस्यों को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने समाज में राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदान को बताया। तत्पश्चात सभी महाविद्यालय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं उन्होंने कहा कि वसुंधरा को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। स्वच्छता रखने से विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षुओं द्वारा महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में विभिन्न स्थानों की साफ सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया एवं उक्त अवसर उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए ग्रामीण बच्चों को हैंडवाश कराया। मौके पर डॉ.संजीता कुमारी, डॉ.मनीष कुमार पासवान, डॉ.पूजा कुमारी, वीरेंद्र यादव, गौतम कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव, सुधीर साव, विवेक कुमार, ओंकार कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### 12 दिन बाद भी नही बुझा 12 पंचायत वासियों की प्यास



**बेरमो।** लगभग 12 दिनों के बाद भी 12 पंचायतों में जलापूर्ति बहाल नही हो सकी और आज भी 12 पंचायत वासियों की प्यास मेगा जलापूर्ति योजना के कर्ता धर्ता नही बुझा पाये। लगभग 12 से 13 दिन होने को आ गये झारखंड सरकार की घर घर नल जल योजना के तहत मिलने वाले पेयजल से लोग पुरी तरह वंचित है और क्षेत्र के लगभग 12 पंचायतों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। हालाकि बीएंडके एरिया द्वारा कुछ पंचायतों में टेंकर से पानी उपलब्ध करवाई जा रही है मगर यह हाथी के मुंह में जिरा साबित हो रहा है।

**क्या है पुरा मामला:** पिछले लगभग 12 दिन पुर्व जारंगडीह बाबु क्वार्टर नदी घाट पर स्थित पंप हाउस में लगा ट्रांसफार्मर किसी कारण खराब हो गया जिस कारण नदी से पानी उठना बंद हो गया। इसके बाद विभाग द्वारा लगातार ट्रांसफार्मर को ठीक करने व बदलने की प्रक्रिया शुरू की मगर वे कामयाब नही हुए यानी जब जब ट्रांसफार्मर लगता उसमे ही खराबी निकल जाती। इधर समय गुजरने के साथ जारंगडीह से लेकर बैदकारो पंचायत तक यानी 12 पंचायत मे जल संकट गहराने लगा। आखिरकार यह सूचना बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह तक पहुची। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से बात की और बाहर से ट्रांसफार्मर मंगाने का निर्देश दिए। दो दिन पुर्व ट्रांसफार्मर भी आकर फीट हो गया मगर फिर भी जलापूर्ति बहाल नही हुई। आखिरकार विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस बीते दिनों पंप हाउस निरीक्षण को पहुचे और रिपोर्ट विधायक को दी। इसके बाद आज यानी मंगलवार को जलापूर्ति विभाग के एसडीओ, जेई तथा इलेक्ट्रिकल मिस्त्री जारंगडीह पंप हाउस पहुच ट्रांसफार्मर, केबल और मोटर की जांच पड़ताल करते नजर आये। अब सवाल उठता है कि इसे विभाग के अधिकारियों की लापरवाही कहे या विभाग का नाकारा पन। मगर दोनों ही सुरत मे पानी के लिए तरस रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक भी जलापूर्ति बहाल नही हुई थी। दुसरी तरह क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र व पंचायत वासियों को सुचारू पेयजल की व्यवस्था नही करवा सकती तो बड़े बड़े दावे पर जनता कितना यकीन करेगी रब जाने।

## स्पीड न्यूज

### आशा ब्रांड ब्रेड फैक्ट्री पर लगाया ब्रेड में कीड़े निकलने आरोप



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुर रोड निवासी सूरज कुमार ने ब्रेड में कीड़े निकलने पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं तिलैया थाना में आवेदन देकर आशा ब्रांड के ब्रेड फैक्ट्री पर आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत की है। वहीं सूरज कुमार ने बताया कि उन्होंने चंदवारा के ढाब स्थित एक किराना दुकान से आशा ब्रांड का ब्रेड खरीदा था। ब्रेड खरीदने के बाद जब उसे खाने के लिए खोला गया तो उसमें कीड़े पाए गए। इस पर जब दुकानदार से इसकी शिकायत की गई तो दुकानदार ने बताया कि आशा ब्रांड के द्वारा यह ब्रेड तैयार किया गया है, ब्रेड में एक्सपायरी डेट 28 सितंबर अंकित है। इसके पहले भी यदि ब्रेड खराब निकल रही है तो कंपनी से इसकी शिकायत करें, इसके बाद उन्होंने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को मामले की शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

### स्वांग मजदूर नियुक्ति को लेकर चार मजदूरों ने अपना दावा किया पेश

**बेरमो/गोमिया।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के स्वांग वासरी शाखा सचिव मुमताज आलम के नेतृत्व में सी जी आई टी 1धनबाद द्वारा पहचान किए गए चार मजदूरों में से तीन मजदूर महेन्द्र रजक, शिवराम निषाद एवं श्री मति देवी ने अपने नियोजन के लिए कनीय कार्मिक प्रबंधक के समक्ष अपने अपने कागजात जमा किया,ताकि इन लोगों के नियोजन की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जा सके। गौरतलब है की बीते दिनों यूनियन और महाप्रबंधक कथारा के बीच पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में वार्ता हुई थी, जिसमें सहमति बनी थी की प्रथम चरण में जिन चार स्लरी मजदूरों की पहचान हो चुकी है वो तमाम मजदूर अपने अपने आवश्यक कागजात प्रबंधन के समक्ष जमा करें जिसे उच्च प्रबंधन के पास भेजा जाएगा और इनके नियोजन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर यूनियन नेता मुमताज आलम ने कहा की वार्ता में हुए समझौते के मुताबिक आज इन मजदूरों के कागजात जमा किए गए हैं। शेष मजदूरों की जैसे जैसे पहचान होगी उनके नियोजन के लिए भी कागजात जमा किए जाएंगे। उन्होंने कहा की सी जी आई टी 1 धनबाद के जो भी अवार्डी मजदूर हैं वह यूनियन कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।

### अमित साहू ने उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** प्रखंड के सबानों गाँव निवासी सह भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहू ने मंगलवार को उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और भागवत गीता देकर बधाई दी। अमित ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में रघुवर दास का कार्यकाल सफल रहा और अब उनके अनुभवों का लाभ ओड़िशा राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास भाजपा के एक अमूल्य और प्रभावशाली नेता हैं और उनके राजनीतिक जीवन के अनुभवों का लाभ लेने के लिए उन्हें एक अत्यंत गरिमापूर्ण संवैधानिक पद पर नियुक्त किया गया है, जिससे वे जनता और संविधान का गौरव बढ़ा रहे हैं।

### आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियाँ को लेकर भाजपायों ने किया प्रखंड स्तरीय बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कुंदा (चतरा)।** कुंदा भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर सिंह भोक्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को बाजारटांड शेड परिसर में भारतीय जनता पार्टी कुंदा मंडल की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बूथ अध्यक्षों को बूथ स्तर पर ग्रामीणों को समय पर कार्यक्रम में उपस्थित करवाना पहली प्राथमिकता है। योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम कुंदा के नजदीकी क्षेत्र प्रतापपुर ब्लॉक में होगा और उनके आने की खुशी में लोग दर्शन के लिए उत्सुक हैं। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गांदोरी साव, पंचायत समिति सदस्य दिव्या भोक्ता, पूर्व मुखिया इमिलदा देवी, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, बसंत सिंह भोक्ता, उपेंद्र भोक्ता समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक में कार्यकताओं से बूथ स्तर से अपने ग्रामीणों को कार्यक्रम में लाने को कहा गया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, मुखिया रानी सिंह, पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता, बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी रविशंकर सिंह उर्फ रिंकू, उप मुखिया प्रदीप राम, पंचायत सेवक टोकन साव उपस्थित थे। शिवर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों ने आवेदन जमा करते देखे गये। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए प्रखंड के सभी पंचायतों में बारी-बारी से किया जा रहा है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो, इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। वहीं उन्होंने लोगों से अपील है कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। मौके पर ज्योति अग्रवाल, सरिता ठाकुर, लेखराज कुमार, राजेश कुमार यादव, बैजनाथ राणा, दिलीप महतो, रणजीत यादव, राजस्व कर्मचारी, अरविंद कुमार, कृष्णा सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली नदी स्वच्छता जागरूकता रैली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** रामेश्वर मोदी महादेव मोदी उच्च विद्यालय चंदवारा के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी 45 बटालियन के तहत नदी स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। वहीं एनसीसी बटालियन के सूबेदार मेजर अरविंद कुमार ने कैडेट्स को पानी की बचत और नदियों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं उन्होंने नदियों को स्वच्छ रखने के प्रयासों पर जोर दिया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राधेश्याम शुक्ला ने नदियों की मौजूदा स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को जागरूक किया कि कैसे हम अपनी नदियों को स्वच्छ रख सकते हैं। कार्यक्रम में सूबेदार चंद्रहास, हवलदार रवि शंकर, हवलदार रन्थु राव, सत्यानंद यादव, रंजीत कुमार, रोहित रंजन, राकेश कुमार शुक्ल, अरुण कुमार, गोविंद पाराशर, धनंजय उपाध्याय, अजीत कुमार, दिग्विजय कृष्ण, प्रसन्न कुमार, पंकज, रंजीत कुमार, धर्मेंद्र पासवान, चंदन कुमार, आकाश कुमार, विकास यादव, समता त्रिवेदी, मनु तिवारी, प्रियंका शर्मा, वंदना बाला समेत कई लोग मौजूद थे।

### उप विकास आयुक्त बोकारो के द्वारा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान का शुभारम्भ किया गया



**बोकारो।** बोकारो में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की शुरूआत की गई। आज दिनांक 24/09/2024 को श्री गिरिजा शंकर प्रसाद उप विकास आयुक्त बोकारो की अध्यक्षता में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुभाराम्भ समाहरणालय सभागार में द्वीप जला कर की गई। यह अभियान आज से 60 दिनों तक चलेगा इन 60 दिनों में तम्बाकू के दुष्प्रभाव से युवाओ को जागरूक करने के लिये विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जायेंगी जैसे प्रभात फेरी, नुक्कड नाटक, होर्डिंग, रैली, स्कूलों मे शपथ कार्यक्रम का आयोजन के साथ साथ विभिन्न स्तर पर छापामारी अभियान का भी संचालन किया जायेगा। उप विकास आयुक्त बोकारो द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के दौरान बोकारो जिला में मुख्य रूप से पांच क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। (1) तम्बाकू उत्पादों के दुश्प्रभावों के संबंध में जन जागरूकता, (2) तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के गाईलाईन का पालन करना, (3) तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करना, (4) कोटपा 2003 तथा ईलेक्ट्रोनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम 2019 के प्रावधानों अन्तर्गत छापामारी करना, (5) प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के द्वारा जन जागरूकता करना। इस कार्यक्रम के श्री गिरिजा शंकर प्रसाद उप विकास आयुक्त बोकारो, डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो, डॉ सुघा सिंह नोडल पदाधिकारी एन.सी.डी., डॉ सेलिना टूडू, डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग चिकित्सक बोकारो, डॉ निकेत चौधरी दन्त चिकित्सक बोकारो, बोकारो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार, जिला के सभी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान को लेकर हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना

# देश की युवा शक्ति को नशा मुक्त बनाने की जरूरत है : सीएस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झारखंड में तम्बाकू उपयोग करने वालों की संख्या राष्ट्रीय औसत से अधिक है : डॉ रमण**




**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार व जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ.रमण कुमार ने संयुक्त रूप से तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 से सम्बंधित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही सदर अस्पताल में हस्ताक्षर अभियान चला कर आमजनों को इसके प्रति जागरूक किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. कुमार ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं, यह बहुत ही चिंता का विषय है, किसी भी देश की ताकत उस देश के युवा होते हैं, ऐसे में यदि युवाशक्ति नशे के गिरफ्त में आ जाएंगे तो उस देश का भविष्य चिंताजनक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के लत से दूर करने के उद्देश्य को लेकर तम्बाकू मुक्त जागरूकता रथ को रवाना किया गया है।

वहीं डॉ.रमण कुमार ने कहा कि जिले के युवाओं को नशा मुक्त बनाने को लेकर यह अभियान चलाया गया है, अभियान के दौरान एक ओर जहां जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों और युवाओं को नशा करने से होने वाले विभिन्न गम्भीर रोगों की जानकारी देते हुए उनसे किसी भी प्रकार का कोई नशा नही करने की अपील की जा रही है तो दूसरी ओर जिला स्तर पर विशेष छापामारी और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान दो महीने तक चलाया जाएगा। मौके पर डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. नीलमणि, डॉ. विकास चौधरी, डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. रविकांत सिंह, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, दीपेश कुमार, हिमांशु कुमार, गणेश कुमार दास, इंदिरा कुमारी, सुनील यादव, अजित कुमार, मुकेश राणा, अभिजीत राणा आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड चेंबर का क्षेत्रिय उपाध्यक्ष बनने पर रमेश कुमार सम्मानित



गुमला। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कामर्स का निर्विरोध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर मंगलवार को स्थानीय परिसदन भवन गुमला में रमेश कुमार चीनी का छतीसगढ़ के पूर्व मंत्री अमरदीप भगत व जिले के कांग्रेसियों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कांग्रेसियों ने कहा कि यह गौरव की बात है कि कांग्रेस के प्रदेश सचिव झारखंड चेंबर का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चुने गये हैं। इससे पार्टी को भी मजबूती मिलेगा। इस अवसर पर छतीसगढ़ के पूर्व विधायक विनय भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, राजनील तिग्गा, आशिक अंसारी, खालिद शाह, रोहित उरांव, रामनिवास प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रावण दहन व मेला आयोजन समिति के उज्जवल अध्यक्ष व शिवम बने सचिव



गुमला। रावण दहन सह विजय मेला आयोजन समिति की बैठक सोमवार की संध्या लोहरदगा रोड स्थित श्री गोपाल मंदिर परिसर में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से उज्जवल केसरी को अध्यक्ष व शिवम जायसवाल को सचिव बनाया गया। वहीं अरूण कुमार साहु, उज्जवल सिन्हा व अनिल आनंद बब्बू को संयोजक, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, हरिओम सुधांशु, रमेश कुमार चीनी, शशि प्रिया बंटी, मिंटु केसरी, कुंदर रॉय, मनोज मंत्री व सुरेश फोगला को संरक्षक, सुमित साहू, रुपेश साहू, राजू श्रीवास्तव, छोटे सोनी को उपाध्यक्ष, सुधांशु केसरी को कोषाध्यक्ष, अमन आनंद, आदर्श आर्यन, राहुल केसरी को सह कोषाध्यक्ष, अनिकेत कुमार, बबलू वर्मा, विकास फोगला, गौरव केसरी को सह सचिव बनाया गया। वहीं बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से रावण दहन व मेला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें जिला प्रशासन से सहयोग की अपील की गयी। वहीं बैठक में परमवीर अलर्बट एक्का स्टेडियम में रावण दहन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी गुमला से विधि व्यवस्था हेतु आवेदन देने का भी निर्णय लिया गया।

### आजसू ने पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का किया आयोजन



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के थाना मैदान में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। उदघाटन मैच बरवेनगर बनाम जमगाई के टीम के बीच खेले गया। जिसमें मैच जीतकर जमगाई की टीम अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि खेल को खेल के भावना से खेल हर जीतें। वहीं आजसू के गुमला विधान सभा प्रभारी बोनिफस कुजुर ने कहा कि आजसू पार्टी पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू किया है। जिसमें कुल 80 टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता के विजेता टीम को फर्स्ट प्राइज के रूप में 21000 हजार और विशाल खस्सी, दूसरा पुरस्कार 15000 और खस्सी दिया जाएगा। इस अवसर पर चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, विशिष्ट अतिथि एसआई मदन शर्मा,गुमला जिला सचिव सदाम हुसैन, अजमल खान, युवा मोर्चा अध्यक्ष चैनपुर आफाज खान, जिला उपाध्यक्ष मुजमिल आलम, जिला उपाध्यक्ष नीतिश बैगा, जारी प्रखंड सचिव सुधराम लोहरा मौजूद थे।

### उर्वशी पाण्डेय ने किया पदभार ग्रहण

गुमला। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी गुमला के रूप में उर्वशी पाण्डेय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक के द्वारा नव पदस्थापित जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का पदभार सौंपा गया। इस दौरान निवर्तमान सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एवं नव पदस्थापित पदाधिकारी ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए प्रभार सौंपने तथा ग्रहण करने की प्रक्रिया पूर्ण की। नव पदस्थापित सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय का मूल पदस्थापन रांची सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में है तथा अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग गुमला का कार्य भार ग्रहण किया गया है। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास, प्रधान लिपिक स्वाति तिर्की, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के राम लखन कुमार, दिवाकर साहू, मो फिरोज सहित अन्य मौजूद थे।

### एसएसबी के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान, कई स्थानों की सफाई की



चैनपुर। सशस्त्र सीमा बल 32 वीं वाहिनी गुमला के कमांडेंट के निर्देशानुसार व असिस्टेंट कमांडेंट अपूर्व आनंद के मार्ग दर्शन में चैनपुर मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों में एस एस बी के जवानों तथा ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाते हुए मुख्यालय के बस पड़ाव सहित कई जगहों पर साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं सफाई अभियान को देखकर लोगों ने भी एसएसबी कंपनी का आभार प्रकट किया। मौके पर उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका ने कहा कि शहर एवं मुहल्ले को स्वच्छ रखना हम सभी लोगों की जिम्मेवारी है। आप हमेशा अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखें। तभी हमारे देश में स्वच्छ भारत मिशन का अभियान सफल हो पाएगा। मौके पर मुख्य आरक्षी अजय कुमार राय, राजन कुमार, आरक्षी अमित कुमार सिंह, शैलेश कुमार यादव,सचितानंद, शशि कुमार सिंह, विनोद डबेरिया सहित एस एस बी के जवान मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## हिंदू-मुस्लिम कर सत्ता हासिल करना चाहती है भाजपा : अमरदीप

### विधानसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न





**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को स्थानीय परिसदन भवन परिसर में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में छतीसगढ़ के पूर्व मंत्री सह लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक अमरदीप भगत, पूर्व विधायक विनय भगत शामिल हुए। मौके पर पर्यवेक्षक अमरदीप भगत ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान ही कांग्रेस पार्टी में सर्वोपरी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं मिल रहा है। इससे पार्टी के आला नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता से झारखंड में फिर गठबंधन की सरकार बनेगी। भगत भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि हिंदू मुस्लिम करके भाजपा दहशत पैदा कर सत्ता हासिल करना चाहती है। वहीं बैठक में भाजपा के प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत, प्रदेश सचिव रोशन बरवा, प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, पूर्व प्रदेश सचिव आशिक अंसारी, पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव सहित कई वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान देखते हुए पार्टी को गुमला के तीनों विधान सभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की जरूरत है। बैठक में दीपनारायण उरांव, संगीता जायसवाल, हंदु भगत, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, मानिक चंद साहू, कृष्णा कुमार लोहरा, राम निवास प्रसाद, बॉबी भगत, सुजीत जायसवाल, अरुण कुमार पांडेय, राजू भगत, सहजाद खान, नसीम अंसारी, सौरभ भगत, आजाद अंसारी, राजानील तिग्गा, फिरोज आलम, खालिद शाह, मो. कलाम, खुर्शीद आलम, मो. मोख्तार आलम, बैबूल अंसारी, तरूण गुप्ता, गुलाम सरवर, अजीत गुडिय़ा, राजू साहू, आदित्य भगत आदि उपस्थित थे।

## एड्स जागरूकता अभियान को लेकर डीडीसी ने की बैठक, कहा- जागरूकता ही बचाव है



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान को लेकर एक बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में सदर अस्पताल के एचआईवी, आईसीटीसी परामर्शदाता डॉ अर्चना प्रसाद और सिनी के क्षेत्रीय समन्वयक ओमप्रकाश शर्मा द्वारा सितंबर और अक्टूबर माह में चलने वाले एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गयी। डीडीसी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस अभियान को सफल तरीके से आयोजित करने और जागरूकता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। डीडीसी ने कहा कि लोगों में एड्स के प्रति के तरह की भ्रांतियां हैं और जानकारी का अभाव है। जब किसी को एड्स होता है तो वह सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया जाता है जो कि सही नहीं है। जागरूकता अभियान का नेतृत्व कक्षा 9वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों द्वारा किया जाना चाहिए। जब वे अपने आसपास के लोगों को जागरूक करेंगे तो इसका बढ़िया संदेश जाएगा। एड्स होने के कारण व तरीकों, इससे बचाव को सभी तक पहुंचाया जाना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए।

बैठक में सिविल सर्जन, डीपीएम एनएचएम, श्रम अधीक्षक, सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चैनपुर के दतरा में जंगली हाथियों ने एक व्यक्ति को पटककर मारा डाला



**खबर मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के दतरा गांव के जंगल में जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को पटक कर मार डाला। मृतक की पहचान दतरा गांव निवासी मतियस केरकेट्टा पिता स्व मिखाईल केरकेट्टा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात दतरा गांव के लोग जंगली हाथियों को गांव से जंगल की ओर खदेड़ रहे थे। जिसमें मृतक मतियस केरकेट्टा भी शामिल था। लेकिन हाथियों को खदेड़ने के दौरान मतियस अपने साथियों से बिछड़ गया। जब सुबह गांव में मतियस नहीं दिखा तो लोग उसे ढूंढने लगे फिर मंगलवार को गांव का एक व्यक्ति बैल चराने जंगल की ओर गया तो मतियस को मृत पाया। गांव वालों को आशंका है कि हाथी ने ही उसे पटककर मार डाला है। क्योंकि मृतक के बगल में हाथियों के पैर के निशान देखा गया है। घटना की सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपने दल बल के साथ दतरा गांव पंहुचकर कार्रवाई में जुटी है। इन दिनों चैनपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक काफी बढ़ा हुआ है।

### मिरचाई पाठ गांव में घर को किया क्षतिग्रस्त

डुमरी (नीतीश कुमार केशरी)। प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों हाथियों का उत्पात अत्याधिक बढ़ गया है। रविवार रात को लगभग 12 से 1 बजे के बीच जंगली हाथी मिरचाई पाठ गांव आ पहुंची। वहां हाथियों ने ललेश्वर यादव सहित 6 लोगों के घर को ध्वस्त कर दिया। वहीं 5 एकड़ में लगे मकई की खेती को खा कर एवं रौंद कर बर्बाद कर दिया। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व ही इस गांव में एक बाघ को लोगों ने देखा था। बाघ ने एक घोड़े को भी अपना शिकार बनाया था और अब इस गांव के लोग हाथियों के आतंक से मजबूर हैं। हाथियों ने मुन्ना यादव, पांडू यादव, बचन यादव, बैशाखू मुंडा, बूतरू कोरवाईन समेत अन्य किसानों की धान और मक्का की फसल को बर्बाद कर दिया।

### कांग्रेस की बैठक में स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर हुआ जमकर हंगामा

## आलाकमान तय करेगा प्रत्याशी: डॉ उरांव

**कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के पसीना से बना है न की पैसा से, मेरे लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि: सुखदेव भगत**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में विधानसभा प्रत्याशी चयन को लेकर आयोजित रायसुमारी बैठक में पर्यवेक्षक भीम कुमार की उपस्थिति में स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मौके पर मौजूद विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और सांसद सुखदेव भगत के समक्ष ही कार्यकर्ताओ ने बाहरी हटाओ स्थानीय उम्मीदवार लाओ, लोहरदगा को चरागाह बनाना बंद करो के नारे लगाते हुए इस बार स्थानीय लोगो को प्रत्याशी बनाने की मांग की। हंगामे के बीच मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रत्याशी चयन आलाकमान के द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा। यहां बस रायसुमारी की जा रही है जिसमे चर्चा की जा रही है। जिससे प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराते हुए नाम आगे भेजे जाएंगे। वही सांसद सुखदेव भगत ने कहा की आलाकमान जो फैसला लेगा उसे हम सभी मानेंगे, लेकिन इस बार यहां की जनता और कार्यकर्ता की भावना है की स्थानीय उम्मीदवार हो और इस बात से प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के आलाकमान को भी अवगत कराया जायेगा। क्योंकि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के पसीना से बना है न की पैसा से। उन्होंने मौके पर कहा की इस बार लोहरदगा की जनता और कार्यकर्ताओं ने ठान लिया है और हम सबों को इसका सम्मान करना चाहिए। क्योंकि कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है। हंगामे और नारेबाजी के बीच पर्यवेक्षक द्वारा एक कमरे में अलग अलग नेताओ और पार्टी पदाधिकारियों से रायसुमारी शुरू कर दी गई है। लगातार नारेबाजी के बीच मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिला कार्यालय से निकल गए। विदित हो की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार पूर्वाह्न 10.30 बजे से कांग्रेस कमिटी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक भीम कुमार के उपस्थिति में कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में अगामी झारखंड विधान सभा चुनाव 2024 की तैयारी एवम कांग्रेस जनों से प्राप्त आवेदन पर विचार विमर्श एवम रायसुमारी किया जाना था। बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, सभी प्रदेश प्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, सांसद सुखदेव भगत, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, सभी चुनाव लड़ने के 11 आवेदक उपस्थित थे।

## सामाजिक कार्यों में छात्रों की भागीदारी महत्वपूर्ण: अमित कुमार



चैनपुर। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में 55 वां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता और सामुदायिक सेवा पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर दीप प्रज्वलन एवम पौधा रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में स्वयसेवको ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर अमित कुमार ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से सामुदायिक कल्याण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की समाज सेवा में भूमिका को रेखांकित किया और स्वच्छता अभियानों सहित अन्य सामाजिक कार्यों में छात्रों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने व्यक्तिगत और सामुदायिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए और स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरणा लेते हुए स्वच्छता की ओर जागरूकता का संदेश दिया।

## परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे सांसद रविकिशन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**रायडीह।** परिवर्तन विजय संकल्प यात्रा के निमित्त गुमला विधानसभा के रायडीह मंडल स्थित बैरियर बगीचा में भाजपा की तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा प्रवासी प्रभारी चुन्नी लाल साहू, संतोष पांडे, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा तथा जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू शामिल हुए। बैठक में 26 सितंबर को होने वाली इस संकल्प यात्रा के तैयारी हेतु जमीनी स्तर पर रूपरेखा तय कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर संपर्क अभियान एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार जोर-शोर से करने पर बल दिया गया। इस संकल्प यात्रा के निमित भोजपुरी के सीने स्टार रवि किशन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सविजय संकल्प यात्रा का कार्यक्रम 26 सितंबर को पालकोट में रोड शो, रायडीह में जनसभा, सिसई में जनसभा तथा गुमला में रोड शो का कार्यक्रम तय है। बैठक में यशवंत सिंह, रामावतार भगत, जगनारायण सिंह, शिव शंकर उरांव, कमलेश उरांव, मिसिर कुजूर, निर्मल गोयल, संजय साहू, चितरंजन मिश्रा, संदीप प्रसाद, बबलू वर्मा, विकास सिंह, बालकेश्वर सिंह, सत्यनारायण पटेल, हरिहर साहू, उज्जवल मिश्रा, गौरीकिंडो, गुड्डी नंदा, सोनामनी देवी, पायल तिवारी, ज्योति, आफताब आलम सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भक्सो रेलवे ट्रैक के नीचे मिला युवक का शव

लोहरदगा। लोहरदगा-रांची रेल लाइन में लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के भक्सो रेलवे गाटर के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के छारदा गांव निवासी सह पुसो मंडल के भाजपा अध्यक्ष सुमित कुमार महली के 19 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार महली के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार आदित्य रांची के एक निजी कॉलेज में प्लस टू में पढ़ाई कर रहा था। वह दोस्तों के साथ घूमने के लिए लोहरदगा आया हुआ था। इस दौरान वह अपने घर भी गया था जहां वह मानसिक तनाव में नजर आ रहा था। इसी बीच वह घर से निकल गया था। जिसके बाद भक्सो रेलवे गाटर के समीप लोहरदगा-रांची यात्री रेलगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आदित्य वहां तक कैसे पहुंचा। यह घटना कैसे हुई है? सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### फांसी लगाकर युवक ने कर ली आत्महत्या

लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही धोबी टोला में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 31 वर्षीय अर्जुन बैठा पिता जगदीश बैठा बरही धोबी टोला निवासी के रूप में हुई है। अर्जुन बैठा ने प्लास्टिक रस्सी के सहारे घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार अर्जुन और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था, सोमवार रात्रि भी किसी बात को लेकर दोनो में विवाद हुआ। जिसके बाद युवक ने फांसी लगा ली। सुबह परिजनों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

### सड़क दुर्घटना मे दो युवक घायल

भंडरा। थाना क्षेत्र के रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी पुल के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना मे दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 108 वाहन की मदद से दोनों घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों को लोहरदगा सदर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली निवासी अजमुदिन अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र वासिम अंसारी व चितरी डारू निवासी स्व सीताराम राम का पुत्र संतोष राम एक ही बाइक से रांची से अपने घर डारू लौट रहे थे। इसी बीच पझरी पुल के समीप सड़क मे मवेशी को बचने के क्रम मे वसीम का बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया और दोनों बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गये। दोनों युवको को हाथ व पैर मे गंभीर चोट लगी है।

### देवाकी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के देवाकी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम के निमित अंचल, प्रखंड, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहित कई अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भरकर जमा किया। ग्रामीणों की भीड भाड़ मईया सम्मान योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई पेंशन से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने को लेकर लगी रही। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा आप लोगों के पंचायत आप लोगों के गांव पहुंच सरकार के योजनाओं को लाभ प्रत्येक व्यक्तियों को दिलाना है।

## मंईयां सम्मान योजना सरकारी छलावा : लाल गुड्डू



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कुडू।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अधिकांश महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अपना खाता चेक कराने लिए बैंकों का चक्कर काट रही हैं। कईयों खाता बंद है तो कईयों की गलत प्रविष्टि के कारण सम्मान नीधि की रकम नहीं आयी है। यह बात आजसू केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू ने कही। लाल गुड्डू ने मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक कुडू शाखा के प्रबंधक से मुलाकात की। बैंक प्रबंधक ने बताया कि महिला सम्मान योजना के कारण बैंकों का कार्य प्रभावित है। ग्रामीण महिलाएं अपना खाता चेक कराती हैं अधिकांश निराश जाती हैं। लाल गुड्डू नाथ साहदेव ने बैठक कर इस मुद्दे को कार्यकर्ताओं के साथ उठाया। सभी इस मुद्दे पर एकमत से सरकारी छलावा बताया। महिलाओं का सम्मान कम अपमान ज्यादा है। बैठक में जिलाध्यक्ष ओम भारती, प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, परमेश्वर महतो, मोतिऊर खान, जावेद अख्तर, साजीद कलाल, अजय वर्मा, सलीम पाडू, विजय उरांव, विलास उरांव, शशि साहु उपस्थित थे।

## वंदे भारत को एक दिन लोहरदगा से व मेमू ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय कुमार बर्म्मन ने डिविजनल रेलवे मैनेजर दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन, हटिया रांची को एक पत्र प्रेषित कर हटिया-पटना वाया डाल्टनगंज वंदे भारत ट्रेन को एक दिन लोहरदगा होकर चलाने एवं लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है। संजय कुमार बर्म्मन ने अपने पत्र में कहा है की टाटा पटना वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में सात दिन अलग-अलग नंबरों 20893, 20894 व 20895 तथा अलग-अलग दिशाओं से 18/22 सितंबर 2024 से चल रही है। जहां चार दिन वाया गोमो होकर गुजर रही है वहीं प्रत्येक रविवार को यह ट्रेन टाटा से डालटेनगंज होकर चल रही है तथा वापसी सोमवार को पटना से टाटा वाया डाल्टनगंज होकर गुजर रही है अर्थात इस ट्रेन को अलग-अलग क्षेत्रो से जोड़कर बहुउपयोगी बनाया जा रहा है। आपको जानकारी होगा ही कि लोहरदगा में मात्र तीन ट्रेन ही ठहरती है और यदि इस बहुउपयोगी ट्रेन जो डाल्टनगंज होकर गुजरती है उसे मात्र थोड़ा रूट डाइवर्ट करके रांची-लोहरदगा-टोरी-डाल्टनगंज होकर चलाया जाए।

### के ओ कॉलेज गुमला में रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ

## अनुशासन, समर्पण व एकजुटता का प्रतीक है फुटबॉल : प्रो एजे खलखो

**11 महाविद्यालयों के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन मंगलवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के प्रांगण में हुआ। टूर्नामेंट में रांची विवि के 11 महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्तिक उरांव महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अमर ज्योति खलखो, विशिष्ट अतिथि सदर अस्पताल के डॉ शारिब, पुग्गू पंचायत की मुखिया जेने विभा लकड़ा एवं कॉलेज के प्रोफेसर शामिल हुए। मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अमर ज्योति खलखो के द्वारा एक प्रेरणादायक भाषण दिया गया। जिसमें फुटबॉल को अनुशासन, समर्पण और एकजुटता का प्रतीक बताया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं है, यह एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को टीम भावना और नेतृत्व का पाठ सिखाता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमशुन निहार ने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाती है। साथ ही आपस में तालमेल और सामंजस्य स्थापित करने का हुनर सिखाती है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट चार दिवसीय है जो 27 सितंबर को संपन्न होगा। जिसमें 16 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया है। समारोह की शुरूआत रांची विवि का खेल ध्वज फहराकर एवं मार्च पास्ट से हुई। उदघाटन मैच टीम ए कार्तिक उरांव महाविद्यालय और टीम बी जे एन महाविद्यालय धुर्वा के बीच खेला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर संकाय सदस्य डॉ सतीश कुमार गुप्ता, डॉ बी एन मिश्रा, डॉ प्रसनजीत मुखर्जी, आयोजक सचिव प्रेमचंद उरांव, अमिताभ भारती, संजय कुमार, डॉ संजय कुमार भोक्ता, डॉ शोएब अंसारी, डॉ राकेश प्रसाद, डॉ दीपक प्रसाद, नीलम प्रतिमा मिंज, निपेंद्र कुमार सेठ, मंती कुमारी, अनुतलन मिंज, एवं शिक्षा संकाय के सभी शिक्षक, तेतरु तिर्की, ईशा बेला हीरो, डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अभिनय कुमार, डॉ अजीत कुमार हसदा, जिभवानी रजक, एवं महाविद्यालय के सभी संकाय के संकायाध्यक्ष एवं प्रोफेसर इस उपलक्ष पर मौजूद थे वहीं यूनिवर्सिटी से आए हुए सदस्य विजय वर्मा, धीरज महतो, अनिल वीरेंद्र कुजूर, कुमुद रंजन, राम मुर्मू आदि उपस्थित थे। यह जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी डॉ दीपक प्रसाद ने दी।

## ईख की फसल पर कीड़ा लगने से किसान परेशान

### ड्रोन से दवा छिड़काव की कर रहे हैं मांग



फसल दिखाता किसान।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र में नगदी फसल के रूप में ईख की खेती बड़े पैमाने पर किसान करते हैं। जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा होता है। ईख की खेती से अच्छा मुनाफा होने के कारण किसानों का रुझान ईद की खेती करने के प्रति बढ़ी है। लेकिन फिलहाल ईख की खेती करने वाले किसानों के समक्ष कई जटिल समस्याएं हैं। जिसके कारण उन्हें मुनाफा की जगह नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के बेदाल, बुडका गांव में किसान ईख की खेती बड़े पैमाने पर किए हैं परंतु ईख की खेती में कीड़ा का प्रकोप हो गया है। जिसके कारण ईख की खेती बर्बाद हो रही है। किसान सोमरा उरांव ने बताया कि ईख की खेती में पौधा के ऊपर से कीड़ा लगना शुरू हो गया है। जो की पौधा के अंदर ही अंदर पौधा को बर्बाद करते हुए नीचे तक पहुंच जाता है। जिसके कारण पूरी पौधा बर्बाद हो जा रहा है। सोमरा उरांव लगभग 6 एकड़ जमीन में ईख की खेती किया है। शिव महतो तीन एकड़ में ईख की खेती किया है। चौथा उरांव लगभग 2 एकड़ में एक की खेती किया है। इन सभी किसानों का खेती में कीड़ा का प्रकोप लगने से किसान फसल को बचाने के लिए चिंतित हैं परंतु उनके समक्ष फसल को बचाने का कोई उपाय नहीं निकल रहा है। इस संबंध में किसान सोमरा उराव बताया कि एक का पौधा लगभग 8 फीट से 10 फीट तक हो गया है और इसमें पौधा के ऊपर से कीड़े का प्रकोप हो रहा है। जिसके कारण पौधा को बचाने या पौधा में किसी तरह का स्प्रे करने से किसान असमर्थ हैं .किसानों के अनुसार सरकार द्वारा ड्रोन के माध्यमसे दवा छिड़काव की सुविधा दी जाती तो फसल को बचाया जा सकता है। किसान ड्रोन की सुविधा के लिए किससे संपर्क करें यह उन्हें पता नहीं चल रहा है। जिला में ड्रोन की सुविधा है या नहीं इसके बारे में प्रखंड कृषि पदाधिकारी नव प्रभात कुजुर से पूछा गया तो नव प्रभात कुजूर ने बताया कि इस तरह की समस्या पहली बार आई है। इस तरह की सुविधा है या नहीं इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

## सड़क निर्माण के 15 दिनों के अंदर कार्य की गुणवत्ता पर उठने लगे सवालियां निशान

# जांच कराई जाए तो सामने आ सकता है घोटाले का सच

खबर मन्त्र संवाददाता


टूटती व धसती सड़क।

- टेबल पर प्राक्कलन तैयार कर बना दी गई जानलेवा सड़क
- खबर मंत्र ने भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया था

**बरवाडीह।** ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग करते हुए कई साल बीत जाते हैं, और बड़ी मुश्किल से मांग पूरी होने के बाद सड़क बनाने या मरम्मत की स्वीकृति मिलती है। ग्रामीणों की मांग पर सरकार करोड़ों रुपए सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत करती है लेकिन सड़क निर्माण से पहले ही ठेकेदार और अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार का प्लान तैयार हो जाता है, और गुणवत्ता की अनदेखी कर जैसे तैसे सड़क निर्माण कर लिया जाता है। बता दें कि ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पैकेज के तहत प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत शिवकुमार जयसवाल के घर से संत क्लारेट स्कूल होते हुए आरयू रोड तक तथा मूरू गांव समेत अन्य गांवों में सड़क निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही बरती गई है। विभाग द्वारा भौत्तिक सत्यापन किए बगैर टेबल पर प्राक्कलन तैयार कर इस सड़क का निर्माण कर दिया गया है। गौरतलब है कि कुछ माह पहले जब यह रोड बनाया जा रहा था तब इसके टिकाऊपन व काम की गुणवत्ता को लेकर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए थे। विभागीय अधिकारियों से लेकर प्रशासन तक का ध्यान घपलेबाजी की ओर आकृष्ट कराया जा रहा था। बावजूद इसके ठेकेदार के साथ मिलीभगत किए बैठे विभाग के अधिकारियों ने अपने कानों से रुई बाहर नहीं निकाली। नतीजा यह रहा कि निर्माण के कुछ दिनो बाद से ही सड़क अब टूटने और बहने के कागार पर आ गई है, जो सड़क के साथ सड़क पर गुजरने वाले हजारों स्कूली बच्चे और आम लोगों के खतरे का संकेत हैं।

### जिप सदस्य ने पीएमओ व सीएमओ से की शिकायत

जिप सदस्य संतोषी शेखर ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के समय ही इसकी शिकायत विभाग से की गई पर विभाग ने इसे नजरंदाज किया।जिसका नतीजा है कि निर्माण कार्य के एक माह के अंदर ही अब यह सड़क स्कूली बच्चों और वाहनों के लिए खतरे की घंटी बन गई है। जरूरत की जगहों पर गार्डवाल का निर्माण न कर जैसे तैसे सड़क का निर्माण कर दिया गया है। वहीं निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट और मेटेरियल का इस्तेमाल किया गया है। जबकि खबर मंत्र ने भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। जिप सदस्य ने पीएमओ और सीएमओ को पत्र लिखकर इस सड़क की दस खामियों से अवगत कराया है। यदि इस सड़क के निर्माण कार्य की जांच कराई जाए तो घोटाले का सच सामने आ सकता है। बशर्ते ठेकेदार को संरक्षण देने वालों को जांच से दूर रखा जाए।

# लातेहार जिले में ऐतिहासिक साबित होगी परिवर्तन यात्राः चेतलाल रामदास

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार जिले में दिल्ली के सांसद सह सीने स्टार मनोज तिवारी व गोरखपुर के सांसद सह अभिनेता रवि किशन की मौजूदगी में आज होने वाली भाजपा की परिवर्तन यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी। कार्यक्रम में पूरे जिले के भाजपा कार्यकर्ता के साथ हजारों की संख्या में आम लोग जुड़ेंगे व वर्तमान हेमंत सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेंगे। उक्त बातें भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने मंगलवार को चंदवा स्थित पीडब्ल्यूडी विश्रमागर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। चेतलाल रामदास ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार की नीतियों से राज्य की जनता त्रस्त है, खासकर नौकरी व रोजगार की आस में बैठे युवा वर्ग में मायूसी व रोष देखी जा रही है। 5 वर्ष तक राज्य में विकास का एक भी कार्य नहीं कर पाने वाली हेमंत सरकार अंतिम समय में प्रलोभन देकर जनता का वोट लेना चाहती है। लेकिन लेकिन जनता अब जाग चुकी है व किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं आने वाली है। इस दौरान चेतलाल रामदास ने आगामी विधानसभा चुनाव में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी को लेकर ताल ठोकते हुए कहा कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र में भी परिवर्तन की लहर है। राज्य गठन के लगभग 25 वर्ष होने को है लेकिन खनिज संपदा से परिपूर्ण लातेहार जिला विकास में पिछड़ा हुआ है। क्षेत्र के युवाओं और जनता की मांग पर मैं भाजपा से प्रबल दावेदारी पेश कर रहा हूं। मौका मिलेगा तो मैं बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करूंगा। इसके पूर्व चंदवा पहुंचने पर चेतलाल रामदास का युवाओं ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात चेतालाल रामदास शहर से सटे तिलैयाटांड़ पहुंचे जहां बीते दिनों भारी बारिश में घर गिरने से बेघर हुए परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर सकिंदर मुंडा, रूणा देवी, गुड्डू खान, मो. सोनू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### छः माह बाद भी गोदाम में पड़ा हैं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का बोर्ड


गौदाम में कबाड़ की तरह बेकार पड़ी बोर्ड।

**बरवाडीह।** केंद्र सरकार के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की जानकारी और पारदर्शिता को लेकर सरकार के माध्यम से लगभग छह माह पूर्व बोर्ड की आपूर्ति गोदाम में की गई थी पर गोदाम प्रबंधक सर्वेश सिंह के द्वारा अब तक जन वितरण प्रणाली केंद्र को बोर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। मंगलवार को भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और उपाध्यक्ष सुनील सिंह ने गोदाम पहुँच कर जायजा लिया और पाया की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का दर्जनों बोर्ड जन वितरण प्रणाली केंद्र के जगह गोदाम में बेकार हो कर धीरे धीरे टूट रहें हैं। मामले को लेकर कन्हाई प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग पर जान बुझ कर केंद्र की योजनाओं की जानकारी लाभुकों से छुपाने के उद्देश्य से बोर्ड को अब तक न लगाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि पुरे मामले को लेकर माननीय सांसद और अधिकारियो को अवगत कराया जाएगा ताकि ऐसे मामले में उचित कारवाई हो। इस दौरान मौके पर भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनिल ठाकुर उर्फ बंटी, उज्ज्वल प्रसाद और दिलीप पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मनोज तिवारी एवं रवि किशन के होने वाले कार्यक्रम का केंद्रीय मंत्री ने लिया जायजा


जायजा लेते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ में भोजपुरी स्टार सह दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं गोरखपुर सांसद रवि किशन के बालूमाथ में आज होने वाले रोड शो एवं बिरसा मैदान में होने वाले सभा की तैयारियो को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में परिवर्तन लाना है और राज्य की भ्रष्टाचारी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है। सरकार बड़े-बड़े वायदा कर सत्ता में तो आ गई लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान युवाओं को ठगने का काम किया। जिसको लेकर आज राज्य में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में करीब बीस हजार से अधिक लोगो का भीड़ जुटने का अनुमान है। इस दौरान पूर्व विधायक लातेहार प्रकाश राम,बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम,बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह,मंडल अध्यक्ष लछ्मण कुशवाहा, भाजपा नेता संजीव सिन्हा, चेतलाल राम, कमलेश, अमित विजय यादव, कमलेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### दुष्कर्म के आरोपी को उम्र कैद

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सत्रवाद 69/ 2020 की सुनवाई करते हुए अभियुक्त वीरेंद्र भुइंया को बलात्कार का दोषी पाया। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि यह मामला अति गंभीर है। प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार गत 26/4/2020 को सूचिका के बयान पर यह मामला दर्ज किया गया था। सूचिका ने बताया था कि आरोपी वीरेंद्र उसकी बेटी के साथ दुषकर्म किया था और गर्भवती होने पर उसे कीटनाशक दवा खिला दिया था। जिससे उसकी बेटी एवं गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई थी। अदालत ने मामले में भादवि की धारा 376 (2)एन, 314 एवं 328 के तहत आरोप गठन किया था। अभियोजन की ओर से कुल सात गवाहों को पेश किया गया। दोष साबित होने पर अदालत ने भादवि की धारा 376 (2एन) के तहत उम्र कैद और 5,00,000 जुमार्ना नहीं देने पर तीन वर्षों का अतिरिक्त कारावास, भादवि की धारा 314 के तहत उम्रकैद और एक लाख रुपए जुमार्ना तथा जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष अतिरिक्त कारावास एवं धारा 328 के तहत 10 वर्षों का कठोर कारावास एवं 50,000/- जुमार्ना जुमार्ना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाया है। सूचिका का बयान सदर अस्पताल लातेहार में पुलिस के द्वारा रिकॉर्ड किया गया था।

### ब्रह्मभोज को लेकर लगे पंडाल से 5 पंखा व 8 हाईलोजन व अन्य सामानो की चोरी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान स्टेशन के समीप भाजपा नेता आशीष सिंह के पिता के ब्रह्मभोज कार्यक्रम को लेकर लगाए जा रहे पंडाल से सोमवार की मध्य रात्रि बाद अज्ञात चोरों ने पंडाल में लगे पांच बड़े पंखे, 8 हाईलोजन समेत अन्य सामानों की चोरी कर रफूचक्कर हो गए। चोरी की भनक मंगलवार की सुबह लोगों को उस समय हुई जब पंडाल में बचे हुए काम को पूरा करने को लेकर टेंट हाउस के कर्मी पहुंचे तो सामानों को गायब पाया। हालांकि खबर लिखे जाने तक भुक्त भोगी टेंट हाउस के संचालक ब्रजेश प्रजापति के द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया था। बता दे कि सोमवार की रात्रि ही शहर से सटे कुसुमटोली में भी एक घर संचालित पेपर पंचिंग डिस्पोजल कप बनाने की फैक्ट्री में भी चोरों ने हाथ साफ करने का प्रयास किया था।

### सरकारी शराब दुकानों का मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो 28 को करेंगे दुकान बंद

**लातेहार।** जिले के 28 सरकारी शराब दुकानों में कार्यरत कर्मियों का तीन माह से मानदेय भुगतान लंबित है। इसे लेकर पहले भी उत्पाद मंत्री, डीसी व उत्पाद अधीक्षक से कर्मी गुहार लगा चुके हैं। कहा है कि 27 सितंबर तक जिले में संचालित सरकारी शराब दुकानों के इंजार्च व सहायक कर्मियों को पिछले तीन माह के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। तो वे 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन के लिए दुकान बंद कर देंगे। दुकानदारों ने इस आशय की जानकारी मानव प्रदाता कंपनी केएस मल्टीफैसलीटी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड और उत्पाद अधीक्षक को दी है। इसके अलावा उपायुक्त, लातेहार को भी एक ज्ञापन सौंप कर बकाया मानदेय भुगतान की मांग की है।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची
जिला– हजारीबाग (पार्ट–8)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20042021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नीलकण्ठ महतो एवं निरंजन महतो द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 421. | 1 आवेदन क्र0–3428/24<br>2 आवेदक–पितरू महतो , पिता–स्व0 हरिपाल महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अँगूली कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 422. | 1 आवेदन क्र0–3429/24<br>2 आवेदक–गणेश महतो , पिता–स्व0 हरिपाल महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना सिना के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 423. | 1 आवेदन क्र0–3430/24<br>2 आवेदक–दौलत रविदास , पिता–गोपाल रविदास<br>3 ग्राम–कजरी , पोस्ट–तापिन , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 424. | 1 आवेदन क्र0–3431/24<br>2 आवेदक–लीलावती देवी , पति–फुलदेव महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कंधा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 425. | 1 आवेदन क्र0–3432/24<br>2 आवेदक–दिनेश्वर महतो , पिता–मुरली महतो<br>3 ग्राम–चिचीकला , पोस्ट–जोरदाग , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 426. | 1 आवेदन क्र0–3433/24<br>2 आवेदक–रविन्द्र कुमार महतो , पिता–नारायण महतो<br>3 ग्राम–इन्दरा , पोस्ट–जरबा , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 427. | 1 आवेदन क्र0–3434/24<br>2 आवेदक–रामेश्वर महतो , पिता–स्व0 गाले महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 428. | 1 आवेदन क्र0–3435/24<br>2 आवेदक–नागेश्वर महतो , पिता–स्व0 झुपल महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 429. | 1 आवेदन क्र0–3436/24<br>2 आवेदक–यशोदा देवी , पति–जगदीश महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 430. | 1 आवेदन क्र0–3437/24 2 आवेदक–जगदीश महतो , पिता–सुकर महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 431. | 1 आवेदन क्र0–3438/24 2 आवेदक–आनंद मुण्डा , पिता–जोसेफ मुण्डा<br>3 ग्राम–ताजपुर , पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया माथा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 432. | 1 आवेदन क्र0–3439/24 2 आवेदक–सुनीता देवी , पति–कुलेन राणा<br>3 ग्राम–ताजपुर , पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4 लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 433. | 1 आवेदन क्र0–3440/24 2 आवेदक–विजय यादव , पिता–रूदन यादव<br>3 ग्राम–अम्बाजीत , पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 434. | 1 आवेदन क्र0–3441/24 2 आवेदक–लिपी देवी , पति–कैलाश महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो हाथ में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 435. | 1 आवेदन क्र0–3442/24 2 आवेदक–जगमोहन महतो , पिता–स्व0 घनेनाथ महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ टुट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 436. | 1 आवेदन क्र0–3443/24 2 आवेदक–चेतन बेदिया , पिता–अहलाद बेदिया<br>3 ग्राम–मिश्राइन मोढ़ा , पोस्ट–रेलीगढ़ा , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 437. | 1 आवेदन क्र0–3444/24 2 आवेदक–रामनन्दन महतो , पिता–मोहन महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 438. | 1 आवेदन क्र0–3445/24 2 आवेदक–मनीजर महतो , पिता–झुकल महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना नाक के सामने कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नीलकण्ठ महतो, धनेश्वर महतो एवं निरंजन महतो द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 439. | 1 आवेदन क्र0–3200/24<br>2 आवेदक–कैलाश प्रसाद , पिता–जालेश्वर महतो<br>3 ग्राम–15 मेल इन्दरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया ठेहुना में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 440. | 1 आवेदन क्र0–3201/24<br>2 आवेदक–राम प्रसाद महतो , पिता–स्व0 धनवारी महतो<br>3 ग्राम–चनारो , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 441. | 1 आवेदन क्र0–3202/24<br>2 आवेदक–कुलेश्वर महतो , पिता–पारस महतो<br>3 ग्राम–दहुदाग (बासाडीह) , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 442. | 1 आवेदन क्र0–3203/24<br>2 आवेदक–डेगलाल महतो , पिता–छेदी महतो<br>3 ग्राम–चरही , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 443. | 1 आवेदन क्र0–3204/24<br>2 आवेदक–इन्द्रनाथ महतो , पिता–बिसुन महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 444. | 1 आवेदन क्र0–3205/24<br>2 आवेदक–अशोक कुमार प्रजापति , पिता–भोलानाथ प्रजापति<br>3 ग्राम–जरबा , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 445. | 1 आवेदन क्र0–3206/24<br>2 आवेदक–राज किशोर महतो , पिता–स्व0 लालचन्द महतो<br>3 ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ अंगुली में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 446. | 1 आवेदन क्र0–3207/24<br>2 आवेदक–जसवा देवी , पति–स्व0 सोबरन महतो<br>3 ग्राम–चनारो , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 447. | 1 आवेदन क्र0–3208/24<br>2 आवेदक–रमेश प्रसाद यादव , पिता–स्व0 टेक नारायन यादव<br>3 ग्राम–चरही , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कंधा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 448. | 1 आवेदन क्र0–3209/24<br>2 आवेदक–काशी नाथ प्रसाद , पिता–बुलु महतो<br>3 ग्राम–कोवाड , पोस्ट–हेन्देगढ़ा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 449. | 1 आवेदन क्र0–3210/24<br>2 आवेदक–हरिहर महतो , पिता–बासुदेव महतो<br>3 ग्राम–हेन्देगढ़ा , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा बीच में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 450. | 1 आवेदन क्र0–3211/24<br>2 आवेदक–सुखलाल महतो , पिता–स्व0 विमल महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 451. | 1 आवेदन क्र0–3212/24<br>2 आवेदक–बासुदेव महतो , पिता–स्व0 टहलू महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया माथा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 452. | 1 आवेदन क्र0–3213/24<br>2 आवेदक–रूपलाल महतो , पिता–स्व0 विगल महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 453. | 1 आवेदन क्र0–3214/24<br>2 आवेदक–चन्द्रेश्वर महतो , पिता–मुलु महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढ़ी में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 454. | 1 आवेदन क्र0–3215/24<br>2 आवेदक–महेश महतो , पिता–स्व0 धनु महतो<br>3 ग्राम–तुरंगा , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–चरिमारी , प्रखण्ड–बड़कागाँव<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बीच माथ में माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 455. | 1 आवेदन क्र0–3216/24<br>2 आवेदक–चिन्ता देवी , पति–स्व0 डालचन्द महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 456. | 1 आवेदन क्र0–3688/24<br>2 आवेदक–कामेश्वर साव , पिता–तिलक साव<br>3 ग्राम–पसई , पोस्ट–रेवाली , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सोहराय मांझी एवं पचु राणा द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 457. | 1 आवेदन क्र0–3446/24 2 आवेदक–सरोजा देवी , पति–कालेश्वर गोप<br>3 ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के कानी अंगूल में कटा घाव। | कंडिका–2(ix) |
| 458. | 1 आवेदन क्र0–3447/24 2 आवेदक–लक्ष्मी देवी , पति–राजेश्वर प्रसाद साहु<br>3 ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में तिल बाई ओर। | कंडिका–2(ix) |
| 459. | 1 आवेदन क्र0–3448/24 2 आवेदक–संजीव प्रसाद , पिता–राजेश्वर प्रसाद साहु<br>3 ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 460. | 1 आवेदन क्र0–3449/24 2 आवेदक–लक्ष्मण प्रजापति , पिता–स्व0 निर्मल प्रजापति<br>3 ग्राम–होन्हेमोढ़ा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 461. | 1 आवेदन क्र0–3450/24 2 आवेदक–देवधारी यादव , पिता–स्व0 बदन यादव<br>3 ग्राम–बोदरा , पोस्ट–चुरचू , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल, सुखदेव प्रसाद यादव, पचु राणा, बिजया बेदिया , दशरथ महतो एवं बद्री सिंह द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 462. | 1 आवेदन क्र0–3451/24 2 आवेदक–बासुदेव महतो , पिता–स्व0 बाढ़ो महतो<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपार में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 463. | 1 आवेदन क्र0–3452/24 2 आवेदक–कार्तिक करमाली , पिता–स्व0 मटू करमाली<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में सिक्का का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 464. | 1 आवेदन क्र0–3453/24 2 आवेदक–रमेश प्रसाद , पिता–छत्रधारी साव<br>3 ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 465. | 1 आवेदन क्र0–3454/24 2 आवेदक–महेन्द्र प्रसाद , पिता–भेखलाल साहु<br>3 ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–डाड़ी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 466. | 1 आवेदन क्र0–3455/24 2 आवेदक–राम सेवक करमाली , पिता–ज्योति करमाली<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कंधा में दगा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 467. | 1 आवेदन क्र0–3446/24 2 आवेदक–बसंत करमाली , पिता–स्व0 भुगुलू करमाली<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटना में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 468. | 1 आवेदन क्र0–3457/24 2 आवेदक–चेतन रजवार , पिता–खिटलाल रजवार<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री प्रेम चन्द गुप्ता, रवि सिंह एवं मो0 कयूम द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 469. | 1 आवेदन क्र0–3582/24 2 आवेदक–प्रभु हांसदा , पिता–बबुना मांझी<br>3 ग्राम–केन्दुआ , पोस्ट–भेलवारा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 470. | 1 आवेदन क्र0–3583/24 2 आवेदक–छतरू हांसदा , पिता–स्व0 लच्छु हांसदा<br>3 ग्राम–केन्दुआ , पोस्ट–भेलवारा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 471. | 1 आवेदन क्र0–3584/24 2 आवेदक–बासुदेव प्रजापति , पिता–स्व0 टेको प्रजापति<br>3 ग्राम–डुमर , पोस्ट–बेडम , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 472. | 1 आवेदन क्र0–3585/24 2 आवेदक–अर्जुन प्रसाद यादव , पिता–नकुल यादव<br>3 ग्राम–बड़ा डहरभंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री रामप्रवेश सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 473. | 1 आवेदन क्र0–3217/24<br>2 आवेदक–सुशीला देवी, पति–कविराज प्रसाद मेहता<br>3 ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 474. | 1 आवेदन क्र0–3218/24<br>2 आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद मेहमा , पिता–अमृत महतो<br>3 ग्राम–बोंगा , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 475. | 1 आवेदन क्र0–3219/24<br>2 आवेदक–कपुर देवी, पति–प्रकश मेहता<br>3 ग्राम–जमुआरी , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 476. | 1 आवेदन क्र0–3220/24<br>2 आवेदक–फुलेश्वरी देवी, पति–महेश प्रसाद<br>3 ग्राम–मोकतमा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 477. | 1 आवेदन क्र0–3221/24<br>2 आवेदक–गायत्री देवी, पति–दिगेश्वर प्रसाद<br>3 ग्राम–मोकतमा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 478. | 1 आवेदन क्र0–3222/24<br>2 आवेदक–लक्ष्मण प्रसाद मेहमा , पिता–सीता राम महतो<br>3 ग्राम–फुफन्दी , पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 479. | 1 आवेदन क्र0–32/24<br>2 आवेदक–सुबोध कुमार, पिता–किशोर प्रसाद मेहता<br>3 ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 480. | 1 आवेदन क्र0–3224/24<br>2 आवेदक–अशोक महतो, पिता–महादेव महतो<br>3 ग्राम–बोंगा , पोस्ट–बरियाठ, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 481. | 1 आवेदन क्र0–3225/24<br>2 आवेदक–प्रकाश महतो, पिता–टेकन महतो<br>3 ग्राम–बोंगा , पोस्ट–बरियाठ, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 482. | 1 आवेदन क्र0–3226/24<br>2 आवेदक–सरस्वती देवी, पति–कारू महतो<br>3 ग्राम–जलौंध , पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 483. | 1 आवेदन क्र0–3227/24<br>2 आवेदक–मुरली प्रसाद मेहता, पिता–रामचन्द महतो<br>3 ग्राम–बोंगा , पोस्ट–बरियाठ, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | PR 336676 Home (24-25)_D | (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

# अभी योजनाओं की गंगा बह रही है, अगली बार सत्ता मे आये तो महासागर लेकर आयेंगे : कल्पना सोरेन

- दूसरी अप राजधानी बनने की और अग्रसर है गढ़वा
- बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चैपाल का आयोजन

## सबसे विकसित जिला बनेगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

## सरकार आपके जीवन को आसान बनाने के लिए है प्रयासरत : दीपिका पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मईयां सम्मान यात्रा के दौरान गढ़वा पहुंची गांडेय विधायक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार की रात्रि शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चैपाल का आयोजन की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त की। चैपाल कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका सिंह पांडेय एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का ढोल, नगाड़े के साथ लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।

मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जितनी तेजी से राज्य का विकास कर रहे हैं, झारखंड प्रतिदिन एक नया उदाहरण बनते जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए मात्र पैसा नहीं, बल्कि महिलाओं का मान सम्मान है। अब झारखंड में बेटी पैदा होगी तो वह बोझ नहीं, बल्कि लक्ष्मी का स्वरूप होगी जिस समाज की महिला विकसित होगी तो उस राज्य को आगे बढ़ाने से कोई रोक नहीं सकता है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि इस योजना से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कुराहट आएगी। जब घर की महिला मुस्कुराती है तो पूरा परिवार मुस्कुराता है, परिवार जब मुस्कुराता है तो पूरा समाज मुस्कुराता है, जब पूरा समाज मुस्कुराएगा तब पूरा राज्य मुस्कुराएगा। उन्होंने कहा कि चुनवी मौसम में रंग रूप बदलने वाले बहुत सारे बहार से भी लोग आएंगे। लेकिन उनके बहकावे में नहीं आना है। हेमंत सरकार तो अभी योजनाओं की गंगा बहा रही है। अगली बार योजनाओं का महासागर लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर जिस तेजी से विकास कर रहे हैं ऐसा लगता है कि गढ़वा दूसरी उप राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मईयां सम्मान यात्रा का आगाज इतना सुंदर है तो अंजाम कितना सुंदर होगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से सभी बेटी, बहन जुड़ें। सभी माता बहनें अपने बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाए और आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि अगली बार फिर हेमंत सोरेन की सरकार बनाइए और पैसा बढ़ाएंगे।


लोगों का अभिवादन करती कल्पना सोरेन व अन्य मंत्री।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जिस तरह से अपने क्षेत्र का विकास किया है, यह उनसे सीख लेने की बात है। उन्होंने कहा कि मईयां सम्मान यात्रा ऐतिहासिक है। इस यात्रा से झारखंड में महिलाओं के लिए नया अध्याय जुड़ेगा। हेमंत सरकार गरीब, मजदूर, किसान, महिला, छात्र-छात्राएं सभी वर्गों के लोगों को हित में कार्य कर रही है। हेमंत सरकार आपके जीवन को आसन बनाने का प्रयास कर रही है।


उपस्थित लोग।

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राज्य का चहुंमुखी विकास करना ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संकल्प है। उन्होंने जो जिम्मेवारी सौंपी है मैं उसका निष्ठा पूर्वक पालन कर रहा हूं। मंत्री ने कहा कि जब वे पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बने थे, तब राज्य के साढ़े चार प्रतिशत घरों में ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध था। आज पूरे राज्य में 54 प्रतिशत से अधिक घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचा दिया गया है। पहले गढ़वा के लोग बिजली, पानी, सड़क के लिए तरसते थे। गढ़वा में मात्र 1200 किमी जर्जर ग्रामीण सड़क थी। परंतु आज गढ़वा में 2700 किमी पक्की सड़क बन गई है। बिजली, पानी की समस्या दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क जितना गढ़वा में बना है उतना पूरे भारत का कोई भी विधायक नहीं बनाया होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा सबसे विकसित जिला बनेगा।

मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सोगरा बीबी, रंजना जायसवाल, दीपमाला, रीता केशरी, सुधा केशरी, सोनी देवी, कौशल्या देवी आदि ने भी विचार व्यक्ति की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पिंकी केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, अनिता दत्त, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा, कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, वंदना जायसवाल, फरीद खान, अराधना सिंह, चंदा देवी, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### किसानों को नहीं मिल रहा है पशुधन योजना का लाभ

**भवनाथपुर।** सरकार का किसानों के लिए मत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ योग किसानों को नहीं मिल रहा है। योजना में लाभुको का चैन बिना आम सभा के ही पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं दलालों के मिलीभगत से सिर्फ जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को हीं मिल रहा है। इस मामले में प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने बीडीओ को पत्र लिखकर वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत पशुधन योजना को रद्द करते हुए नए सिरे से पूरे पारदर्शिता के साथ स्वीकृत करने की मांग की गई है। प्रखण्ड प्रमुख द्वारा दिए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिन किसानों को चयनित किया गया है, उन्हे पूर्व में भी इस योजना का लाभ दिया गया है और वर्तमान में एक हीं परिवार से तीन तीन लोगो को सूची में नाम जोड़ा गया है। चाहे वह बकरा विकास हो, बायलर कुकुट या शूगर पालन आदि में बहुत सारी अनियमितता बढ़ती गई है।

### गोवंश की रक्षा के नाम पर राजनीति कर रही है सरकार : शंकराचार्य

**बक्सर।** उत्तराखंड ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने आज कहा कि केंद्र सरकार गोवंश की रक्षा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है जबकि वास्तव में बीते 78 वर्षों में गोरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। देशव्यापी गोध्वज स्थापना भारत यात्रा की शुरूआत की गई है। इस यात्रा के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली और भगवान श्रीराम की शिक्षा स्थली, बक्सर पहुंचकर नया भोजपुर स्थित गौशाला में गौ पूजा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गौ वंश की रक्षा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है, जबकि वास्तविकता में बीते 78 वर्षों में गौ रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हिंदू समाज के लिए तिरुपति बालाजी मंदिर में जो हुआ, वह एक बड़ा विश्वासघात है, और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## गिरफ्तार व्यक्ति की थाना में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# मृतक के परिजनों ने थाना के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** मंगलवार को डंडई थाना में एक गिरफ्तार व्यक्ति का शव थाना के अंदर करीब 4 फीट ऊंची खिड़की में फांसी के फंदे में लटकता हुआ पाया गया। व्यक्ति थाना कांड संख्या 59/2024 का आरोपी बताया जा रहा है। जो जरही निवासी धनंजय साहू को चार दिन पूर्व चाकू मार कर घायल किया था। पुलिस के अनुसार सोमवार को आरोपी को शाम 5:30 बजे जेल भेजने के लिए गिरफ्तार कर थाना लाया गया था। मंगलवार सुबह में उसका शव खिड़की में गमछा द्वारा फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की सूचना पर मुख्यालय एसडीपीओ नीरज कुमार, बीडीओ जागो महतो डंडई थाना घटनास्थल पर पहुंचे और थाना प्रभारी जनार्दन रावत से घटना की जानकारी ली। जैसे ही परिजनों को फांसी लगाने की जानकारी मिली आक्रोशित हो गए। थाने पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन मुदार्बाद, पुलिस की मनमानी नहीं चलेगी, गरीबों को शोषण करना बंद करो सहित कई नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे।


विरोध प्रदर्शन करते परिजन।

घटना को लेकर मृतक के परिजन कुंती देवी, लखन भुईंया, सुकदयाल भुईंया, रंजन भुईंया, तेतर भुईंया, सुरेंद्र भुईंया, श्याम लाल भुईंया, एस कुमार भुईंया व अशोक भुईंया ने बताया कि चार दिन पूर्व शुक्रवार को बच्चा भुईंया एक व्यक्ति पर चाकू मार दिया था। उसके बाद पुलिस शुक्रवार को ही सुबह 8:00 बजे उसको पकड़ कर थाना लाया थां पुलिस चार दिनों तक आरोपी को कहा और कैसे रखा इसका कोई आता पता नहीं चला। सिर्फ इतना जानकारी मिल रहा था कि पुलिस उसको जेल भेज देगी। चार दिनों तक पुलिस थाने में गिरफ्तार किया हुआ आरोपी को क्यों रखी समझ से परे है। हम लोग पुलिस के डर भय से थाना में उससे भेंट करने नहीं आ रहे थे कि कहीं हम लोगों को भी पुलिस पकड़ ना लें। हम लोग सोच कि उसे जेल में ही जाकर भेंट कर लेंगे। परंतु आज सुबह कुछ लोगों के द्वारा जानकारी मिला की बच्चा भुईंया थाना के अंदर फांसी लगा लिया है लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी जानकारी नहीं दी गई। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि प्रशासन के द्वारा बेरहमी से पीट कर उसकी हत्या कर दी गई और साक्ष्य छुपाने के लिए फांसी की बता कह रही हैं। साथ ही बताया कि आज सुबह हम लोगों के घर डंडई पुलिस पहुंची और सादा पेज पर पांच लोगों से हस्ताक्षर, अंगूठा लगवाया। पूछने पर प्रशासन के द्वारा बोला गया कि आप लोग हस्ताक्षर व अंगूठा लगाइए कुछ नहीं होगा। इसके बाद हम लोग अंगूठा लगा दिए। पुलिस के द्वारा हम लोगों को अभी तक बच्चा भुईंया की फांसी की जानकारी नहीं दिया है और पता चल रहा है कि पोस्टमार्टम के लिए शव को गढ़वा भेज दिया गया है।

घटना को लेकर एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 59/2024 के आरोपी को सोमवार शाम 5:30 बजे उसके घर से गिरफ्तारी कर थाना लाया गया था और हाजत के सामने वाले बाल मित्र कक्ष में रखा गया था। सुबह जब चैकीदार शोच करने के लिए उसे लेने गया तो पाया कि वह खिड़की में फांसी के फंदे में लटका हुआ है। इसकी जानकारी परिजनों को देते हुए फिलहाल जनप्रतिनिधियों के समक्ष शव को उतारा गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 26 सितंबर को कटिहार में विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन



**कटिहार।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 26 सितंबर को कटिहार जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्ससेलेंस का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को डिजाइन, रोबोटिक्स और औद्योगिक रोबोटिक मटेरियल हैंडलिंग आदि में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री बरारी प्रखंड के पलटन पारा गांव में बकरी शेड, पशु शेड और डब्ल्यूपीयू का उद्घाटन भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री कई अन्य योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे से कटिहार जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैसे संस्थानों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे कटिहार के लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने का अवसर मिलेगा।

## विद्यालय के संस्थापक की पुण्यतिथि पर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित

**मुख्य उद्देश्य: वैसे बच्चे जिन्हें पैसे के अभाव में समुचित शिक्षा नहीं मिल पाती है, उन बच्चों को इस विद्यालय से जोड़कर बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के सहिजना स्थित एएसडी प्ले स्कूल के संस्थापक सदस्य राघवेंद्र कुमार वर्मा की चैथी पुण्यतिथि पर विद्यालय में बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। इस क्रम में भाषण, क्विज, पेंटिंग व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी ने प्रथम, जबकि लेख प्रतियोगिता में आयुषी कुमारी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम मंगलवार को घोषित किया जाएगा।

मौके पर विद्यालय की संचालिका रश्मि वर्मा ने कहा कि वर्ष 2016 में विद्यालय की स्थापना की गई थी। विद्यालय की स्थापना में स्व. राघवेंद्र कुमार वर्मा का अहम योगदान था। उनका उद्देश्य था कि ग्रामीण क्षेत्र के वैसे बच्चे जिन्हें पैसे के अभाव में समुचित शिक्षा नहीं मिल पाती है, उन बच्चों को इस विद्यालय से जोड़कर बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। वर्तमान समय में विद्यालय उनके सपनों को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। विद्यालय के बच्चे अपनी लगन व मेहनत की बदौलत आज जिला में एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। स्वच्छता का क्षेत्र हो या सांस्कृतिक गतिविधि इस विद्यालय के बच्चे जिला स्तर पर अपना हुनर प्रदर्शित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विद्यालय में और भी बेहतर सुविधा के साथ बच्चों को आधुनिक तकनीक से शिक्षा की व्यवस्था उपलब्ध कराने की योजना है।


श्रद्धांजलि देते लोग।

मौके पर शिक्षिका प्रिया पाठक, नेहा कुमारी, अनुराधा कुमारी, अदिति कुमारी, चांदनी कुमारी, आरती कुमारी, कृति कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजलि कुमारी, रानी कुमारी सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम


संबोधित करते अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेष सिंह विष्वविद्यालय के लेक्चर हॉल 2 में नए छात्र-छात्राओं का ओरियंटेशन एंड इंडक्शन प्रोग्राम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ एमके सिंह एवं इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ पंकज कुमार ने सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्रो डॉ एमके सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को आज के बदलते युग में नई तकनीकी, ऊर्जा संचार, उद्देश्य, व्यक्तित्व एवं पहचान के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी दिया। साथ ही साथ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ पंकज कुमार ने आज के तकनीकी शिक्षा को प्राचीन माइथॉलजी के तकनीक को जोड़कर नए शिक्षा का ज्ञान प्रदान किया। साथ ही विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के बारे में भी छात्र एवं छात्राओं से जानकारी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो राजीव कुमार सिंह एवं प्रो नीतू सिंह ने किया। मौके पर इस केसरी कुमार, सुयश श्री राजवंश, आकाश कुमार, सुमित आनंद, सौरभ अधिकारी, अनिमेष चैबे, रोहित कुमार, कमलेश तिवारी, शैलेंद्र गुप्ता, शुभेंदु देवनाथ, मुकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### आपके समर्थन से...

मैं दावे के साथ कर सकता हूं कि हमारी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में जितने कार्य कर दिखाये, वह 20 वर्षों में नहीं हो सका।

राइस मिल भी खोलने की तैयारी : मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। हमारी सरकार किसानों से धान खरीद ही रही है। अब राइस मिल खोलने का भी निर्णय ले चुके हैं। राज्य में जल्द ही कई राइस मिल खुलेंगे। इन राइस मिलों में जो चावल बनेगा, उसे हम गरीबों के बीच मुफ्त वितरित करेंगे। इस अवसर पर लगभग 841 करोड़ की 702 विकास योजनायें चतरा एवं कोडरमा जिला वासियों को समर्पित कर झारखंड राज्य के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, बन्ना गुप्ता, विधायक उमा शंकर अकेला, चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, चतरा 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल राम और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान राशि...

मंत्री दीपिका पांडेय एवं मंत्री बेबी देवी समेत कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी नेताओं ने जुमलेबाजों से सावधान रहने की अपील की। मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, बीडीओ सतीश भगत, सीओ शम्भू राम, थाना प्रभारी आकाश कुमार, महिला आयोग की सदस्य सोगरा बीबी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, कांग्रेस नेता प्रभात कुमार दुबे उपस्थित थे।

### विष्णु के वराह...

वाल्मीकि रामायण और रामचरित मानस के अनुसार त्रेतायुग में श्री राम के द्वारा पिता राजा दशरथ का श्राद्ध करना बताया गया है जबकि पिंडदान आदि का संपादन माता सीता ने किया। उन्होंने बताया कि पिण्डदान, तर्पण का एक समय निर्धारित होता है। उसी समय के भीतर करना उत्तम माना जाता है। माता सीता ने फल्गु नदी, वटवृक्ष, केतकी फूल और गाय को साक्षी मानकर बालू का पिंड बनाकर गया में फल्गु नदी के किनारे श्री दशरथ जी महाराज का पिंडदान कर दिया। इससे राजा दशरथ की आत्मा प्रसन्न हुई और सीता जी को आशीर्वाद दिया।

ऋग्वेद में पितृ-यज्ञ का उल्लेख मिलता है और विभिन्न देवी देवताओं को संबोधित वैदिक ऋचाओं में अनेक पितरों तथा मृत्यु की प्रशस्ति में गायी गयी है। हैं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में एक पितृ सूक्त है जिससे पितरों का आह्वान किया जाता है वे पूजकों (वंशजों) को धन, समृद्धि एवं शक्ति प्रदान करें। अत्यंत तर्कशील एवं संभव अनुमान यह निकाला जा सकता है कि पितरों से संबंधित कार्य के विशिष्ट नाम की आवश्यकता प्राचीन काल में नहीं समझी गयी। जब पितरों के सम्मान में किए गए संख्या में अधिकता हुई तब श्राद्ध शब्द की उत्पत्ति हुई। याकरणाचार्य डा गायत्री प्रसाद पांडेय के अनुसार वाल्मिकि रामायण और रामचरित मानस के अनुसार त्रेता युग में श्रीराम ने और द्वापर में महाभारत के अनुशासन पर्व की एक कथा के अनुसार अत्रि मुनि का श्राद्ध के बारे में चर्चा मिलती है। उसके बाद श्राद्ध परंपरा शुरू हुई। यह परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है लेकिन विष्णुधर्मोत्तर पुराण कुछ अलग ही बताता है जिसकी तुलना सार्थक और अन्य से भिन्न है। मार्कण्डेय ऋषि द्वारा रचित विष्णुधर्मोत्तर पुराणह्न में बताया गया है कि श्राद्ध प्रथा का संस्थापन विष्णु के वराह अवतार के समय हुआ और विष्णु को पिता, पितामह और प्रपितामह को दिए गये तीन पिण्डों में अवस्थित मानना चाहिए। इससे अनुमान लगाया जा सकता है। यह मानव जाति के पिता मनु के समान ही प्राचीन है। उन्होने पुराणों का हवाला देते हुए बताया कि ब्रह्मा ने अपने शरीर के दो भागों से पुरुष और स्त्री की उत्पत्ति की थी। पुरुष का नाम स्वयंभुव मनु और स्त्री का नाम शतरूपा था। मनु और शतरूपा की संतानों से ही संसार के सभी लोगों की उत्पत्ति हुई। संभवतया तभी से यह परंपरा शुरू हुई क्योंकि मृत जनों का ही श्राद्ध किया जाता है।

# कल्पना सोरेन की गढ़वा में रोड शो, उमड़ी जन सैलाब

- जगह-जगह भव्य स्वागत, फूलों की हुई बरसात
- गढ़देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मईयां सम्मान यात्रा के दौरान गढ़वा पहुंची गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा में रोड शो किया। इस दौरान रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर में बजरंगबली का आशीर्वाद लेते हुए मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। रोड शो में गढ़वा वासियों की जन सैलाब उमड़ पड़ी। जगह-जगह पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने भव्य स्वागत किया। साथ पूरे रास्ते में फूलों की वर्षा की गई। इससे पूर्व सभी मंत्रियों ने टाउन हॉल स्थित नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा, चिनियां मोड़ स्थित वीर बाबा चैहरमल, महारानी अहिल्याबाई होलकर, भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रंका मोड़ से खुली जीप में मेन रोड से रोड शो करते हुए सभी मां गढ़देवी मंदिर पहुंचे। वहां पूजा अर्चना करने के बाद मंझिआव मोड़ पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने स्वागत किया। तत्पश्चात एक्सीलेंस ऑफ स्कूल रामासाहू के स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री मईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम में सभी शामिल हुए। रास्ते में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी, नाई समाज, खेल संघ, पाल समाज, पासवान समाज, झामुमो महिला मोर्चा आदि संगठनों के लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष शांति देवी, निवर्तमान नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, अराधना सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, अनिता दत्त, राकेश पाल, चंदा देवी, गुप्तेश्वर ठाकुर, दशरथ ठाकुर, संजय ठाकुर, विजय ठाकुर, मनोज ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, संतोष केशरी, आशीष अग्रवाल, राजू ठाकुर, चंदन पासवान, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


रोड शो में शामिल कल्पना सोरेन एवं अन्य मंत्री।


उमड़ी जनसैलाब।

स्पीड न्यूज

## जापान में भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापानी द्वीपों में मंगलवार की सुबह 5.9 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये जाने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई और निवासियों से समुद्र तट से दूर रहने का आग्रह किया गया। जापान की मौसम एजेंसी ने इजू द्वीप और ओगासावारा द्वीप के लिए चेतावनी जारी की है और कहा है कि 01 मीटर तक की सुनामी लहरें तेजी से आ रही हैं और स्थानीय समयानुसार सुबह 9:00 बजे के आसपास इसके आने की उम्मीद है। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार 8:14 बजे महसूस किये गये और इसका केंद्र 10 किमी की गहराई पर टोरीशिमा द्वीप के निकटवर्ती समुद्र में था।

## केजरीवाल के खिलाफ रचे गये षड्यंत्र:आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी(आप), दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रचे गए लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से रक्षा की। आतिशी ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और सभी की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया।

## चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

**हैयांग।** चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

## गाजीपुर में इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

गाजीपुर। एसटीएफ ने सोमवार रात गाजीपुर के दिलदारनगर क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एसटीएफ की नोएडा यूनिट, गहमर कोतवाली और जीआरपी दिलदारनगर की संयुक्त कार्रवाई में मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू को ढेर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मारे गये बदमाश ने 19-20 अगस्त की रात आरपीएफ के दो सिपाहियों जावेद खान और प्रमोद कुमार की हत्या की थी।

## पूर्व विधायक अनवर की 8.24 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी से जुड़ी 8.24 करोड़ रुपये मूल्य की 21 अचल संपत्तियों को जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत बलरामपुर जिले के उतरौला से पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा से संबंधित लखनऊ, बलरामपुर और गोंडा (उत्तर प्रदेश) में आवासीय फ्लैटों, कृषि और वाणिज्यिक भूमि के रूप में 8.24 करोड़ की 21 अचल संपत्तियों को जब्त किया है।

## जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का चुनाव आज

जम्मू। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को 26 सीटों के लिए 25 लाख से अधिक मतदाता 239 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। यह विधानसभा क्षेत्र घाटी और जम्मू संभाग के तीन-तीन जिलों में फैले हुए हैं। भारत के चुनाव आयोग ने इन क्षेत्रों में 3,502 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। आयोग ने कहा कि मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए दूसरे चरण के लिए 157 विशेष मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 26 गुलाबी केंद्र महिलाओं के लिए, 26 मतदान केंद्र सक्षम व्यक्तियों के लिए, 26 मतदान केंद्र युवाओं के लिए, 31 सीमा मतदान केंद्र, 26 हरित मतदान केंद्र और 22 अद्वितीय केंद्र बनाए गए हैं।

---

चुनावी दर्पणः झारखंड दुमका विधानसभा सीट

# बसंत सोरेन का रास्ता काटने को भाजपा बेताब

▸▸ भाजपा से शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के चुनाव लड़ने की उम्मीद

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की आहट तेज हो गयी है। दुमका के हॉट सीट पर झामुमो के बसंत सोरेन का रास्ता काटने के लिये भाजपा बेताब है। दुमका फतह करने के लिये भाजपा ने अलग रणनीति बनायी है। इस सीट से शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को भाजपा अपना उम्मीदवार बना सकती है। हांलाकि, भाजपा की रायशुमारी में डॉ लुईस मरांडी, सुनील सोरेन उम्मीदवार बनाये जाने की सूची में शामिल इस सीट पर 2019 में हेमंत सोरेन की जीत थे। लेकिन, श्री सोरेन ने विधायकी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद बसंत सोरेन 2020 के उपचुनाव में विजयी रहे। इस बार के चुनाव में दुमका सीट झारखंड की राजनीति का मुख्य केंद्र है। यहां के विधानसभा चुनाव में शिबू सोरेन के अलावा हेमंत सोरेन और उनके अनुज बसंत सोरेन की प्रतिष्ठा दांव पर है। यह अनुसूचित जनजाति के लिये सुरक्षित सीट है।

मालूम हो कि दुमका सीट झामुमो के लिये पिछले चार दशकों से गढ़ रहा है। लेकिन 2014 के चुनाव में भाजपा की डॉ लुईस मरांडी ने यहां से हेमंत सोरेन को पराजित करने में भी सफलता हासिल की थी।

**क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास**

आजादी के बाद 1952 में दुमका और मसलिया प्रखंड क्षेत्र को मिलाकर दुमका विधानसभा क्षेत्र का गठन किया गया। झारखंड पार्टी के टिकट पर देवी सोरेन पहली बार विधायक चुने गये। 1957 में नये परिसीमन के आधार पर दुमका विधानसभा क्षेत्र से जरमुंडी और देवघर जिले के सारवां प्रखंड के कुछ इलाकों को जोड़ कर दो सदस्यों के चुनाव का प्रावधान कर दिया गया। इसमें सामान्य और अजजा से एक एक सदस्यों के चुने जाने का प्रावधान किया गया। इस चुनाव में सामान्य जाति से झापा के टिकट पर सनाथ राउत और अजजा से बेनजामिन हांसदा विधायक निर्वाचित हुये। 1962 में इस सीट का पुनः नये सिरे से परिसीमन कर दिया गया। इसमें जरमुंडी और सारवां को अलग कर दुमका नगर सीट बनाया गया है। जबकि दुमका मुफस्सिल और जामा प्रखंड के कुछ इलाकों को जोड़कर अजजा के एक सदस्य के निर्वाचन का प्रावधान किया गया। इस चुनाव में झापा के टिकट पर पाल मुर्म विधायक चुने गये। 1967 में दुमका से मसलिया को जोड़ कर अजजा के लिये एक सदस्यीय विधायक चुने जाने का प्रावधान किया गया और जामा को अलग विधानसभा बना दिया गया। इस चुनाव में भारतीय जनसंघ के टिकट पर गोपाल मरांडी विधायक चुने गये। 1969 में दुमका अजजा सीट से कांग्रेस के पायका मुर्मू विधायक निर्वाचित हुये। 1971 में भी कांग्रेस के टिकट पर पायका मुर्मू पुनः विधायक चुने गये। 1977 में आपातकाल के बाद कांग्रेस के विरुद्ध चली बयार में जनता पार्टी के टिकट पर महादेव मरांडी गैर कांग्रेसी विधायक चुने गये। इसके बाद दुमका झामुमो की राजनीति का मुख्य केंद्र बन गया। झामुमो के टिकट पर प्रो स्टीफन मरांडी 1980, 1985, 1990, 1995 और 2000 में लगातार विधायक निर्वाचित होते रहे। झारखंड गठन के बाद 2005 में झामुमो ने प्रो स्टीफन मरांडी को पार्टी टिकट वंचित कर पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के पुत्र वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अपना प्रत्याशी बना कर मैदान में उतारा। लेकिन मरांडी पार्टी से बगावत कर इस सीट पर बतौर निर्दलीय मैदान में उतरे और झामुमो के टिकट पर पहली बार मैदान में उतरे हेमंत सोरेन को हराकर लगातार छठी बार विधायक चुने गये।

**लोकसभा में दुमका विधानसभा क्षेत्र में झामुमो को झटका :** दुमका लोकसभा सीट के लिये होने वाले चुनाव में झामुमो को झटका लगा। लोकसभा चुनाव के दौरान दुमका विधानसभा क्षेत्र भाजपा की सीता सोरेन ने बढ़त हासिल की। 2009 में झामुमो ने वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ही भरोसा जताया। इस चुनाव में कांग्रेस ने छह बार से विधायक चुने जाने वाले प्रो स्टीफन मरांडी और भाजपा ने डॉ. लुईस मरांडी को मैदान में उतारा।

लेकिन झामुमो के टिकट पर मैदान में उतरे हेमंत सोरेन पहली बार विधायक चुने गये। पहली बार विधायक चुने गये हेमंत सोरेन भाजपा और झामुमो के समर्थन से बनी अर्जुन मुंडा के सरकार उप मुख्यमंत्री बने। 1952 से 2020 तक आजादी के 70 साल के अंतराल में इस क्षेत्र में उपचुनाव सहित विधानसभा के 17 चुनाव सम्पन्न हुये। इसमें से 11 बार झापा और झामुमो जैसे झारखंड नामधारी दलों के प्रत्याशी विधायक चुने जाते रहे। जबकि दो बार कांग्रेस और एक-एक बार भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी, भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी इस क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुये।

15 नवम्बर 2000 को झारखंड अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। उस समय दुमका के भाजपा सांसद बाबूलाल मरांडी केन्द्र में वन एवं पर्यावरण मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। राज्य निर्माण के बाद दुमका के भाजपा सांसद बाबूलाल मरांडी नवगठित राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने। इसके बाद से दुमका झारखंड की राजनीति का मुख्य केंद्र बन गया।








### 2020 में उपचुनाव का परिणाम

| उम्मीदवार | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| बसंत सोरेन | झामुमो | 80559 |
| लुईस मरांडी | भाजपा | 73717 |

### 2019 का परिणाम

| उम्मीदवार | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हेमंत सोरेन | झामुमो | 81007 |
| लुइस मरांडी | भाजपा | 67819 |

### 2009 का परिणाम

| उम्मीदवार | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हेमंत सोरेन | जेएमएम | 35129 |
| लुइस मरांडी | भाजपा | 32460 |

---



## पेरिस फैशन वीक में आलिया ने जीता दिल

**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया।,आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं।

---

## न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की मिले पीएम मोदी, कहा

# शांति बहाली के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने को भारत तैयार

एजेंसी

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले श्री मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे। इस दौरान इस दौरान श्री मोदी ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा को दोहराया। प्रधानमंत्री ने सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के भारत के रुख को भी दोहराया, जिसका अर्थ है कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए बैठकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुगम बनाने के लिए हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा को दोहराया। प्रधानमंत्री ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुगम बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी बैठक है। दोनों नेताओं ने निकट संपर्क में रहने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री ने यूएनजीए के शांति शिखर सम्मेलन में कहा था कि मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं। भारत ने कहा है कि संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं पाया जा सकता है, और संघर्ष को हल करने के एकमात्र साधन के रूप में बातचीत और कूटनीति के अपने रुख को दोहराया है, जिसमें दोनों पक्ष मामलों पर चर्चा करने के लिए मेज पर बैठते हैं।



---

# इजरायल का लेबनान में दूसरे दिन भी हमला

## 558 लोगों की मौत और 1835 घायल

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल और हिजबुल्ला ने मगंलवार को भी एक दूसरे पर हमले जारी रखे। इजरायली सेना ने कहा कि उसने लेबनान के बेका क्षेत्र और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में हिजबुल्लाह के खिलाफ एयर स्ट्राइक की। इजरायली सेना ने मगंलवार को कहा कि हथियारों को रखने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इमारतें, कमांड सेंटर और टेररिस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की एडिशनल साइट्स पर हमला किया। हालांकि, हताहतों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इजरायली सेना ने कहा कि वह हिजबुल्लाह की क्षमताओं और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और उसे कमजोर करने के लिए काम कर रही है।' इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय एड्राई ने एक्स पर लिखा कि लेबनान के लोगों को हिजबुल्लाह द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली इमारतों से कम से कम 1 किमी की दूरी बनाए रखनी चाहिए। इससे पहले मंगलवार को, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने बताया कि सोमवार से दक्षिणी और पूर्वी लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 558 तक पहुंच गई है, जिसमें 50 बच्चे और 94 महिलाएं शामिल हैं, और कुल 1,835 लोग घायल हुए हैं।समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, इजरायली सेना ने बताया कि हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल पर रॉकेट हमला किए। उसने मंगलवार सुबह से करीब 95 रॉकेट दागे। इनमें से दर्जनों किरयात शमोना, नहरिया, अफुला, नाजरथ और मिगदाल हाएमेक शहरों में गिरे। प्रभावित शहरों के अस्पतालों के अनुसार, रॉकेट हमलों के दौरान लगभग 23 लोगों को मामूली चोटें आईं। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने मंगलवार की सुबह उत्तरी इजरायल में कई एयरपोर्ट, मुख्यालयों और साइट्स पर तोपखाने और मिसाइलों से हमला किया। इनमें अफुला के पश्चिम में मेगिद्दो मिलिट्री एयरपोर्ट भी शामिल है।



## प्रत्येक मंगलवार को किसानों से मिलेंगे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रत्येक मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के पूसा परिसर में किसानों और किसान संगठनों से मुलाकात करेंगे।

श्री चौहान ने पूसा परिसर में किसानों और किसान संगठनों से मुलाकात की और उनकी शिकायत? तथा सुझावों को सुना। विभिन्न राज्यों के किसान संगठनों ने कृषि क्षेत्र में हुए सुधारों को महत्वपूर्ण बताया और उन्हें लागू करने के सुझाव दिए। इनमें किसान नेता धर्मपाल सिंह चौहान, सतेन्द्र सिंह तुगाना, रघुनाथ दादा पाटिल सहित कई किसान शामिल थे।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। चौहान ने किसान संगठनों के साथ फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, आवारा पशु, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), खाद बीज सहित किसानों और कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को सरकार के प्रयासों से अवगत भी कराया और केन्द्र सरकार के अब तक लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों और उनके लाभ के बारे में बताया।

---

# भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे, तैयार रहने की जरूरत : राजनाथ

▸▸ सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे हैं अहम बदलाव : रक्षा मंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्तमान भूराजनीतिक स्थिति को देखते हुए भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे। हमें सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह दिल्ली में आयोजित भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के सम्मेलन में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया तकनीकी क्रांति के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और ड्रोन के इस युग में सुरक्षा के क्षेत्र में अहम बदलाव देखने को मिल रहे हैं। समुद्री सुरक्षा की जटिलताओं की पृष्ठभूमि में तटरक्षक कमांडरों का सम्मेलन रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच है। यहां तटरक्षक मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने आईसीजी को भारत का अग्रणी रक्षक बताया, जो निरंतर निगरानी के माध्यम से देश की विशाल तटरेखा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और आतंकवाद और हथियारों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों की रोकथाम करता है। तटरक्षक दल जिस बहादुरी और समर्पण के साथ संकट के समय में देश की सेवा करता है, उसकी सराहना करते हुए उन्होंने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने पोरबंदर के पास हाल ही में एक ऑपरेशन में अपनी जान गंवा दी। राजनाथ सिंह ने देश को आंतरिक आपदाओं से बचाने में भी आईसीजी के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने चक्रवात मिचौंग के बाद चेन्नई में तेल रिसाव के दौरान तटरक्षक दल की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। यहां तटरक्षक बल की सक्रियता से तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को एक बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया। रक्षा मंत्री ने आईसीजी को सबसे मजबूत तट रक्षकों में से एक बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने आज के अप्रत्याशित समय में उभरते खतरों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी-उन्मुख बल बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री सीमाओं पर अत्याधुनिक तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करती है। राजनाथ सिंह ने कहा, ₹जनशक्ति का महत्व हमेशा रहेगा, लेकिन दुनिया को हमें प्रौद्योगिकी-उन्मुख तटरक्षक बल के रूप में जानना चाहिए। रक्षा मंत्री ने नवीनतम प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लाभों पर जोर दिया, उन्होंने कमांडरों को इसके नकारात्मक पक्ष से सावधान रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी को दोधारी तलवार करार दिया।







